रांची, मंगलवार | 04 मार्च 2025 | वर्ष-26, अंक- 33, पृष्ठ-12 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

₹3.00

13,363 करोड़ 35 लाख रुपए का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रावधान

2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर का होगा निर्माण



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया 1.45 लाख करोड़ का बजट

महिला, शिक्षा, ग्रामीण व कृषि विकास पर है फोकस

नवीन मेल डेस्क

रांची। हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,45,400 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। सदन में बजट वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने पेश किया। प्रस्तावित बजट का यह आंकड़ा पिछले वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। सरकार ने इस वर्ष के बजट को 'अबुआ बजट' (अपना बजट) नाम दिया है। बजट का फोकस महिला सशक्तीकरण, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन तथा ग्रामीण एवं कृषि विकास पर है। बजट पेश करने के दौरान सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री और विपक्षी दलों के सदस्य भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने बजट पेश करने के पहले इसकी प्रति राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सौंपी।

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने केंद्र के पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया होने का दावा भी दोहराया। कहा कि केंद्र का बकाया पैसा नहीं मिलने के कारण कई विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार केंद्र से बकाया राशि की मांग कर रहे हैं। अगर राज्य का पैसा नहीं मिला, तो हम कानूनी कार्रवाई करेंगे। बजट में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' के लिए 13,363 करोड़ 35 लाख रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है।

शेष पेज 11 पर

बजट की खबरें पेज 2,3 व 10 पर भी

'बाल बजट' की भी हुई घोषणा 9,411.27 करोड़ का है प्रावधान

इस वर्ष 'बाल बजट' की भी घोषणा की गई है। इसके लिए 9,411.27 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सरकार ने वाल्मीकि छात्रवृत्ति योजना लागू करने का भी फैसला किया है। इसका लाभ राज्य के अनाथ और दिव्यांग बच्चों को मिलेगा। इस योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए ट्यूशन फी के रूप में 10 लाख रुपए सालाना मिलेगा। रोजमर्रा के खर्च के साथ-साथ स्टडी मेटेरियल के लिए हर महीने 4 हजार रुपए मिलेंगे। इसका लाभ 10वीं और 12वीं पास विद्यार्थियों को मिलेगा। सरकार ने राज्य में अनुसूचित जाति समुदाय से जुड़े मुद्दों को संवेदनशीलता के साथ हल करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति परामर्शदातृ समिति गठित करने का भी ऐलान किया है।

संतुलित बजट बिना आर्थिक बोझ डाले पेश किया गया : सीएम

रांची। झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे एक संतुलित बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह सबको जोड़ने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि जनता पर बिना किसी आर्थिक बोझ डाले एक संतुलित बजट पेश किया गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को विधानसभा में बजट पेश किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बजट में हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया गया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। उन्होंने कहा कि बजट में विकास की गति को बनाए रखा गया है और खर्च भी आगे बढ़ाया गया है। किसी नागरिक पर कोई बोझ नहीं डाला गया है।

जमशेदपुर, गिरिडीह, रांची, खूंटी, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज

गुमला, जमशेदपुर और साहिबगंज में स्थापित किए जाएंगे नए विश्वविद्यालय

शिक्षा के विकास के लिए इनोवेशन हब, टेक्नोलॉजी पार्क की होगी स्थापना

अबुआ बजट में कोई नया टैक्स नहीं

आंखों देखा सदन

- पीपीपी मोड, निजी और कॉरपोरेट सेक्टर के सीएसआर फंड से होगा घाटा पूरा

सुनील बादल

रांची। झारखंड सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया, जो पिछले बजट से 13 प्रतिशत अधिक है। अबुआ बजट, यानी मेरा बजट में किसी नए टैक्स का प्रावधान नहीं किया गया है और फोकस ग्रामीण विकास पर किया गया है तथा प्रदेश की आर्थिक हालात में सुधार को लेकर उम्मीदे जताई गई हैं। सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं पर हेमंत सोरेन की सरकार केंद्रित रहेगी, यह बजट के प्रावधानों से सीधा पता चलता है। इस क्रम में मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में बड़ी रकम का प्रावधान किया गया है। अपने 45 वर्ष के करियर में पहली बार वित्त मंत्री के तौर पर बजट पेश करने को बड़ा अवसर बताते हुए राधा कृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर अपने मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कंधे पर झारखंडी गमछा लिए पूरे आत्मविश्वास से भरे वित्त मंत्री ने कई बार शेरो शायरी का सहारा लिया, 'वे मुतमइन हैं कि पत्थर पिघल नहीं सकता, हम बेकरार हैं, आवाज में असर के लिए।

वित्त मंत्री ने झारखंड विधानसभा में हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां सम्मान योजना के तहत 13,363.35 करोड़ रुपए का प्रावधान इस वित्तीय वर्ष में करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्री ने इसे नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए अपने बजट भाषण में कहा कि 18 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह 2500 देते रहेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है। सशक्त एवं समर्थ राज्य का समाज बनाने के लिए हेमंत सोरेन कृत संकल्पित हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से सशक्त, मानसिक रूप से सजग और विकसित बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना लाई गई है। इस योजना के लिए अब बजट में 13,000 करोड़ रुपए से भी अधिक का प्रावधान किया गया है। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने अपनी दूसरी पारी का पहला बजट (वित्तीय वर्ष 2025-26) सदन में पेश किया। वर्ष 2025-26 के लिए जनमत के करीब लाते हुए का अबुआ बजट का नाम नाम दिया है। वित्त मंत्री ने भरोसा जताया कि हम जिस गति से है चले हैं, हम उस गति से जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के सरकारी विद्यालयों की स्थिति खराब थी उसे सुधारा जा रहा है। झारखंड में पर्यटन क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और पर्यटन के क्षेत्र में विकास किया जा रहा है।

शेष पेज 11 पर

बकाया है तो सरकार ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट क्यों नहीं जाती : सरयू राय

सोमवार को बजट के पूर्व सबसे पहले प्रश्नकाल में जदयू के सरयू राय ने एक लाख 36 हजार करोड़ का मामला उठाया और मांग की यदि बकाया है, तो सरकार ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट क्यों नहीं जाती? वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि केंद्र की कोयला कंपनियों के पास कितना बकाया है, यह तो हिसाब हो और ट्रिब्यूनल या हाईकोर्ट में कई मामले हैं भी, इसे हम लोग लेकर रहेंगे। राज सिन्हा ने राष्ट्रीय पुलिस आयोग के अनुरूप 30 लाख की आबादी वाले धनबाद पुलिस बल की तैनाती नहीं करने से खुले आम 50 लाख, एक करोड़ मांगने और खोपड़ी खोल देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सरकार के लिखित जवाब को भ्रामक बताया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि धनबाद में 37 थाने और 24 ओपी हैं और कहीं कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है। अनेक बड़े मामले सुलझाए गए हैं। अरूप चटर्जी ने धनबाद में सिपाही और हवालदार के खाली पदों को शीघ्र भरने का मामला उठाया, तो मंत्री ने कहा कि 142 हवालदार और 686 आरक्षी के पद रिक्त हैं, जिन्हें शीघ्र भरा जाएगा। पूर्णिमा साहू ने 400 करोड़ से अधिक की राशि समायोजित नहीं होने के बारे जानना चाहा कि यह वित्तीय अनियमितता है या नहीं? नवीन जायसवाल ने भी इसे अनियमितता बताया और स्पष्ट करने का अनुरोध किया। वित्त मंत्री ने नियमों का हवाला देकर कहा कि एसी और डीसी बिल में अनियमितता नहीं हुई है।

- राज सिन्हा ने कहा, खुलेआम धमकी देकर 50 लाख, एक करोड़ मांगे जाते हैं

इंडिया

भाषा की राजनीति और बाजार की भाषा हिंदी

सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दक्षिण भारतीय राजनीति हिंदी विरोध का इतिहास बहुत पुराना है।संविधान के अनुच्छेद 343 में घोषणा की गई कि हिंदी संघ की आधिकारिक भाषा होगी, लेकिन 15 वर्षों के लिए अंग्रेजी का उपयोग भी जारी रहेगा। 'त्रिभाषा सूत्र' (टीएलएफ) सबसे पहले राधाकृष्णन समिति द्वारा प्रस्तावित किया गया था। यह तो शुरुआत से ही मृतप्राय था। किसी भी राज्य ने टीएलएफ को कभी भी लागू नहीं किया।

टीएलएफ प्राथमिकता नहीं है : इसके पीछे कई कारण थे। पहली प्राथमिकता स्वाभाविक तौर पर स्कूलों के निर्माण और शिक्षकों की नियुक्ति को दी गई। दूसरी प्राथमिकता स्कूलों में सार्वभौमिक नामांकन और बच्चों की संख्या को बनाए रखना थी। इसके बाद शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करना था। यह प्राथमिकता सिर्फ भाषाओं की नहीं, बल्कि गणित, विज्ञान, इतिहास, भूगोल और सामाजिक अध्ययन जैसे अन्य समान रूप से महत्वपूर्ण विषयों की भी थी। ये सभी कार्य आजादी के 78 साल बाद भी अधूरे हैं।भाषा 'शिक्षा' के कारण नहीं, बल्कि संविधान के अनुच्छेद 343 की वजह से एक विस्फोटक मुद्दा बन गई है। इस अनुच्छेद में घोषणा की गई कि हिंदी संघ की आधिकारिक भाषा होगी, लेकिन 15 वर्षों के लिए अंग्रेजी का उपयोग भी जारी रहेगा। 1965 में इस घोषणा के पंद्रह साल पूरे हो गए। सरकार ने घोषणा की कि 26 जनवरी, 1965 से हिंदी ही एकमात्र राजभाषा होगी। ऐसे में त्वरित प्रतिक्रिया स्वतःस्फूर्त थी। तमिलनाडु में इस बात का विरोध किया गया और द्रविड़ पार्टी सत्ता में आई। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने वादा किया था कि गैर-हिंदी भाषी लोग जब तक चाहेंगे, तब तक अंग्रेजी सह-राजभाषा के रूप में बनी रहेगी। 1965 में संकट के चरम पर सिर्फ इंदिरा गांधी के पास ही कट्टरपंथियों को चुनौती देने और वादा दोहराने का साहस था। वादों से ज्यादा प्रशासन की अनिवार्यताओं ने केंद्र सरकार को द्विभाषी होने के लिए बाध्य किया। इनका मानना था कि अन्य भारतीय भाषाओं की तरह हिंदी इतनी बहुमुखी नहीं थी कि विज्ञान, कानून, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, विदेशी व्यापार, विदेशी संबंध और अंतरराष्ट्रीय निकायों जैसे विषयों की मांगों को पूरा कर सके। हालांकि आज हिंदी देश की संपर्क भाषा है और बाजार में देश के बाहर भी चल रही है ।पर विरोधी तर्क देते रहे कि राज्य सरकारें भी द्विभाषी हैं और कानून पारित करने तथा प्रशासन के कई पहलुओं के लिए अंग्रेजी पर ही निर्भर हैं।इस बीच दूरगामी परिणामों वाले

तीन विकास हुए हैं। एक, 1975 में 'शिक्षा' को राज्य सूची से समवर्ती सूची में डाल दिया गया, जिससे स्कूली शिक्षा के मामले में राज्यों की स्वायत्तता खत्म हो गई। दूसरा, भारत ने 1991 में उदारीकरण और वैश्वीकरण के साथ अंग्रेजी को भी अनिवार्य रूप से अपनाया। तीसरा, अभिभावकों की ओर से बच्चों के लिए अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है।तीसरी भाषा कौन सी है?वर्तमान विवाद नई शिक्षा नीति और विशेषतया टीएलएफ के पहलुओं को लेकर है। क्षेत्रीय और राज्य भाषा स्कूलों में 'पहली' भाषा है, अंग्रेजी 'दूसरी', लेकिन 'तीसरी' भाषा कौन सी है?केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पास इन बातों को लेकर एक शानदार तर्क है। नई शिक्षा नीति (एनईपी) एक राष्ट्रीय नीति है और प्रत्येक राज्य इस नीति को अपनाने के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य है। एनईपी तीसरी भाषा के शिक्षण को अनिवार्य तो करता है, लेकिन इस बात का निर्धारण नहीं करता है कि तीसरी भाषा हिंदी होनी चाहिए।। एनईपी वर्तमान केंद्र सरकार की नीति है और संविधान द्वारा अनिवार्य नहीं है। तमिलनाडु की सरकारों की आधिकारिक नीति यह रही है कि सरकारी स्कूलों में तीन नहीं, दो भाषाएं ही पढ़ाई जाएंगी। तमिलनाडु सरकार ने प्राइवेट स्कूलों में हिंदी को एक विषय के रूप में पेश करने में कोई रुकावट नहीं डाली है। तमिलनाडु में केंद्रीय विद्यालय और सीबीएसई से संबद्ध 642, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त 77 और आईबी से संबद्ध 8 स्कूलों में हिंदी विषय है, जहां हजारों की तादाद में बच्चे हिंदी सीखते हैं। सरकार दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा या इसी तरह के अन्य संगठनों के माध्यम से हिंदी सीखने वाले लाखों बच्चों की राह में रोड़े नहीं अटकाती है।

जहां तक एनईपी का सवाल है, इसमें अच्छी और अस्वीकार्य दोनों विशेषताएं हैं। विवादास्पद विशेषताओं में से एक टीएलएफ है। टीएलएफ को भले ही हिंदी भाषी राज्यों में लागू नहीं किया गया है, लेकिन गैर-हिंदी भाषी राज्यों में इसे लागू करने की मांग बढ़ी है। यह रिकॉर्ड की बात है कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और हरियाणा में सरकारी स्कूल केवल हिंदी की एक-भाषा नीति का प्रभावी ढंग से पालन करते हैं। इन राज्यों के सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले ज्यादातर बच्चे कोई दूसरी भाषा नहीं सीखते, क्योंकि जब वहां अंग्रेजी के शिक्षक ही बहुत कम हैं तो ऐसे में किसी दूसरी भाषा के शिक्षक होंगे, इसकी संभावना बहुत कम ही दिखती है। निजी स्कूल सरकारी स्कूलों का अनुसरण करके और हिंदी पढ़ाकर खुश होते हैं। कई स्कूल अंग्रेजी भी पढ़ाते हैं, लेकिन तीसरी भाषा नहीं। कुछ स्कूलों में जहां तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है, वह अनिवार्य तौर पर संस्कृत है। पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में तीसरी भाषा हिंदी है, लेकिन यह बात लोग मानते हैं कि पंजाबी, गुजराती और मराठी का हिंदी से गहरा नाता है। जो अंग्रेजी पढ़ाई जाती है, उसकी गुणवत्ता काफी खराब है। जिन सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाई भी जाती है, वहां पढ़ने वाले बच्चे कक्षा के बाहर मुश्किल से अंग्रेजी बोल पाते हैं। यह तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के लिए एक सच्चाई है। बोली जाने वाली और अच्छी अंग्रेजी दोनों बहुत मुश्किल हैं। जब सरकार स्वीकार्य रूप से दूसरी भाषा अंग्रेजी को ही सिखाने में असफल रही है तो फिर तीसरी भाषा को सिखाने में सफल होने की महत्वाकांक्षा क्यों रखती है?

आज तमिलनाडु की दुकानों में आप सामान बेचने वालों से हिंदी में बोलकर सामान खरीद सकते हैं पर नेताओं को इससे खतरा लगता है जबकि भाषा की बहुलता कमाई का स्रोत बन जाती है। पर्यटन से करोड़ों रुपए कमाने वाले राजस्थान,यूपी, हिमाचल, उत्तराखंड, गोवा जैसे राज्यों के उदाहरण हैं।

हेल्थ बीमा प्रीमियम बढ़ने से चिंतित लोग बंद कराने लगे अपना बीमा

- बीमा कंपनियां तीन साल में मेडिकल महंगाई के हिसाब से अपने रेट बदलती हैं
- बुजुर्गों के उपचार पर ज्यादा होता है प्रयोग, इसलिए उनके प्रीमियम में ज्यादा बढ़ोतरी

आरपी सिंह

नई दिल्ली। स्वास्थ बीमा का प्रीमियम इतना बढ़ने लगा है कि तमाम लोग अपना बीमा बंद कराने लगे हैं या कम कवर वाला प्लान लेने लगे हैं। इस वर्ष 10 प्रतिशत लोगों ने अपना हेल्थ इंश्योरेंस रिन्यू नहीं कराया। क्योंकि, उनके बीमा प्रीमियम 30% या इससे ज्यादा बढ़ गए हैं। प्रीमियम इतना बढ़ाने को लेकर बीमा कंपनियों का कहना है कि क्लेम रेशियो बिगड़ने की वजह से ऐसा हो रहा है।

क्लेम रेशियो मतलब जितना प्रीमियम इकट्ठा हुआ, उसमें से कितने का क्लेम किया गया। यदि ज्यादा क्लेम आते हैं, तो कंपनियों को प्रीमियम बढ़ाना पड़ता है। कुछ लोगों के प्रीमियम में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई है, क्योंकि हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम हर साल एक जैसा नहीं बढ़ता। यह कुछ समय के अंतराल पर अचानक बढ़ता है। बीमा कंपनियां हर 3 साल में मेडिकल महंगाई के हिसाब से अपने रेट बदलती हैं। मेडिकल महंगाई मतलब इलाज का खर्च बढ़ना। उम्र बढ़ने के साथ भी प्रीमियम बढ़ता है। बुजुर्ग लोगों के इलाज का खर्च ज्यादा होता है, इसलिए उनके प्रीमियम में भी ज्यादा बढ़ोतरी होती है। बीते 10 साल में 52% पॉलिसी होल्डर के प्रीमियम में सालाना 5-10% की तेजी रही। यानि, यदि किसी का प्रीमियम 100 रुपए था, तो 10 साल बाद वह 162-259 रुपए हो गया। 38% पॉलिसी होल्डर की सालाना बढ़ोतरी 10-15% रही। यानी, उनका 100 रुपए वाला प्रीमियम 259-404 रुपए हो गया। लेकिन 3% लोगों का प्रीमियम सालाना 15-30% की स्पीड से बढ़ा। बहुत से ऐसे लोग जो महंगे हो गए प्रीमीयम भी नहीं देने की हालत में हैं

शेष पेज 11 पर

अबुआ बजट सबको जोड़ने वाला : सीएम

आर्थिक स्वतंत्रता ही राजनीतिक स्वतंत्रता का आधार : वित्त मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पूरे राज्य में अटकलें लगाई जा रही थी कि इस बार हेमंत सोरेन की सरकार बजट और विकास की योजनाओं में कटौती करेगी। मंईयां सम्मान योजना में सरकार के खर्च को देखते हुए इस बात की चर्चा आम हो गई थी कि सरकार के पास पैसा नहीं है और वित्तीय संकट के हालात भी राज्य में बन सकते हैं। इन सब आशंकाओं औ र अटकलों के बीच हेमंत सरकार ने मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक बजट पेश किया । इन सब के बीच सीएम ने कहा कि अबुआ बजट सबको जोड़ने वाला बजट है।

वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सोमवार को विधानसभा के सभागार में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। पत्रकारों एवं विधानसभा कर्मियों की मौजूदगी में उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में झारखंड का बजट 1,28,900 करोड़ रुपए था वहीं वर्ष 2025-26 में 13 प्रतिशत अधिक बढ़कर 1,45,400 लाख करोड़ रुपए की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं और आसमान को छूने का हौसला रखते है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व व्यय के लिए 1,10,636,70 लाख करोड़ रूपए प्रस्तावित है जो गत वित्तीय वर्ष से 20.48 प्रतिशत अधिक है। वहीं वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 11,253.44 करोड़ रूपए होने का अनुमान है जो कि अनुमानित जीएसडीपी का 2.02 प्रतिशत है।

राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किए जाने के उपरांत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर।

नीति आयोग के अनुसार, किसी भी राज्य में बजट बनाने के समय राजकोषीय घाटा तीन प्रतिशत निर्धारित किया जाता है। अन्य राज्यों का नाम नहीं लेते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि आज जहां भारत के अनेक राज्यों की राजकोषीय घाटा 3 प्रतिशत से ज्यादा है वहीं झारखंड राज्य ने अपने बलबूते आने वाले सत्र में राजकोषीय घाटा 2.02 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। साथ ही इस वर्ष के बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन को विशेष महत्व दिया गया है। सरकार का दावा है कि यह बजट राज्य के विकास को गति देगा और आम जनता को राहत प्रदान करेगा।

वित्तमंत्री ने 3 मार्च के दिन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि आज के दिन ही जमेशेदजी टाटा का जन्म हुआ था उनके कार्यों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। वित्तमंत्री ने कहा कि जमशेदजी टाटा कहते थे कि आर्थिक स्वतंत्रता ही राजनीतिक स्वतंत्रता का आधार है। इस अवसर पर उन्होंने झारखंड के शहीद धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, वीर बुधू भगत, ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, पाण्डे गणपत राय, शेख बिखारी सहित झारखंड के सभी शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र से अपना बकाया लेकर रहेगी। इस पर राष्ट्रीय नवीन मेल के संपादक ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से पूछा कि केंद्र से जिस 1,36,000 करोड़ रूपए के बकाये की बात झारखंड सरकार कर रही है वह बकाये की राशि वर्ष 2014 से पहले का है या वर्ष 2014 के बाद का। इस पर झारखंड के वित्त मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले की राशि का बकाया है। इस पर संपादक ने पूछा कि उस समय तो मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस पर वित्त मंत्री ने कुछ भी जवाब नहीं दिया।

अबुआ बजट से किसी को भी फायदा नहीं : चंपाई

रांची। चंपाई सोरेन ने कहा कि 2025-26 सत्र का बजट से किसी को फायदा नहीं होगा, यह खोखली बजट है।

बजट 2025-26 : एक झलक

(करोड़ रुपए में)

स्रोत	2023-24 वास्तविक	2024-25 बजट अनुमान	2024-25 संशोधित अनुमान	2025-26 बजट अनुमान
1. राजस्व प्राप्तियां	87928.49	110800.00	110337.75	125153.44
2. कर राजस्व	65357.11	74538.22	76385.28	82240.22
(क) केंद्रीय करों में हिस्सेदारी	37352.35	40338.22	42557.28	47040.22
(ख) राज्य का स्व कर राजस्व	28004.76	34200.00	33828.00	35200.00
3. कर-भिन्न राजस्व	22571.38	36261.78	33952.47	42913.22
(क) राज्य का स्व कर-भिन्न राजस्व	13425.12	19300.43	20026.54	25856.12
(ख) केंद्र सरकार से अनुदान	9146.26	16961.35	13925.93	17057.10
4. पूंजी प्राप्तियां	19992.48	18100.00	20380.61	20246.56
(क) ऋणों की वसूली	7276.70	100.00	380.61	246.56
(ख) अन्य प्राप्तियां (विविध पूंजीगत प्राप्तियां)	0.00	0.00	0.00	0.00
(ग) उधार एवं अन्य देयताएं	12715.78	18000.00	20000.00	20000.00
5. कुल प्राप्तियां (1+4)	107920.97	128900.00	130718.36	145400.00
6. स्थापना व्यय	43271.55	49117.30	51358.53	53658.47
7. राजस्व खाते पर जिसमें	36536.70	40523.69	42697.31	44615.58
(क) ब्याज भुगतान	6838.95	7054.57	7152.38	6354.66
(ख) वेतन	14772.91	16952.19	18185.00	20254.58
(ग) पेंशन	9014.47	8741.49	8741.49	10173.12
8. पूंजी खाते पर जिसमें	6734.85	8593.61	8661.22	9042.89
(क) राज्य का आंतरिक ऋण	6042.06	7969.83	7986.83	8326.05
(ख) भारत सरकार से ऋण	341.95	530.49	530.49	420.51
(ग) पूंजी व्यय	287.74	0.00	0.61	0.00
(घ) ऋण एवं अग्रिम	63.10	93.29	143.29	296.34
9. स्कीम	64649.43	79782.70	79359.83	91741.53
(क) राजस्व खाते पर	40139.72	51307.85	55776.91	66021.12
(ख) जिसमें, पूंजी परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	5358.63	10592.46	8352.79	9416.35
10. कुल व्यय (6+9)	107920.97	128000.00	130718.36	145400.00
(क) राजस्व व्यय (7+9क)	76676.42	91831.54	98474.22	110636.70
(ख) पूंजी खाते पर व्यय (8+9ग)	31244.55	37068.46	32244.14	34763.30
11. राजस्व घाटा (10क-1)	-11252.07	-18968.46	-11863.53	-14516.74
स.रा.घ.उ. का प्रतिशत	-2.44	-4.03	-2.34	-2.61
12. प्रभावी राजस्व घाटा (11-9ख)	-16610.70	-29560.92	-20216.32	-23933.09
स.रा.घ.उ. का प्रतिशत	-3.60	-6.29	-3.99	-4.30
13. राजकोषीय घाटा (10-(1+4+4ख+8क+8ख))	6331.77	9499.68	11482.68	11253.44
स.रा.घ.उ. का प्रतिशत	1.37	2.02	2.27	2.02
14. प्राथमिक घाटा (13-7क)	-507.18	2445.10	4330.30	4898.78
स.रा.घ.उ. का प्रतिशत	-0.11	0.52	0.86	0.88

₹450 में सिलेंडर देने का वादा चुनावी जुमला : सरयू राय

रांची। बीते पांच वर्षों में जिस तरीके का बजट पेश होता आया है, यह वैसा ही बजट है। इसे बेहद सामान्य बजट कह सकते हैं। 450 रुपये में सिलेंडर देने का चुनावी वादा किया था, जिसका कोई जिक्र इसमें नहीं है। यह वादा चुनावी जुमला बनकर रह गई। बजट का आकार कृत्रिम रुप से तो बढ़ा दिया गया है लेकिन मुझे नहीं लगता कि साल भर में सरकार 75 से 80 प्रतिशत धनराशि भी खर्च कर पाएगी। 50 साल के ऊपर वाले जो लोग हैं, उनके पेंशन की स्थिति क्या है, वह सर्वज्ञात है। मईंया सम्मान योजना पर जोर है, पहले से जो पेंशन स्कीमें चल रही हैं, उनकी स्थिति को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं दिखता। विरोधाभासी लगता है यह बजट।

वित्त मंत्री ने राज्यपाल को भेंट की बजट की प्रति

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट की और वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट की प्रति समर्पित की। उक्त अवसर पर राज्य के वित्त सचिव प्रशांत कुमार भी उपस्थित थे।

कल्पना ने बजट सत्र के बाद मनाया जन्मदिन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का सोमवार को 40वां जन्मदिन है। इस अवसर पर कल्पना ने बजट सत्र के बाद पति हेमंत और पार्टी विधायकों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कल्पना ने अपने जन्मदिन की खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की है।

खोखला और घिसापिटा बजट दूरदर्शिता का अभाव : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी ने कहा कि यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन प्राण विहीन है,ताकत विहीन है। उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है। इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है न गरीबी दूर होगी। कहा कि राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है।

बजट निराशाजनक : सुदेश

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि मुख्यमंत्री के वक्तव्य में जो बजट झलक रहा है, वह कहीं-कहीं गठबंधन सरकार की राजनीतिक मजबूरियों का प्रतीक लगता है। यह बजट राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। इस बजट में न तो नौकरियों का कोई ठोस प्रावधान दिखता है, न ही रोजगार सृजन की कोई योजना। झारखंड, जो 'लेबर सप्लाई' के मामले में अग्रणी राज्य माना जाता है, उसकी इस पहचान मिटाने का कोई प्रतिबिंब इस बजट में नहीं दिखाई देता। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए 1.45 लाख करोड़ रुपये के बजट (2025-26) में स्वाभिमान, स्वावलंबी विकास, नौकरी नीति और युवा नियोजन जैसे शब्दों का इस्तेमाल तो हुआ है, पर ये महज दिखावे या खानापूर्ति लगते हैं। राज्य की बड़ी युवा आबादी साल-दर-साल सरकारी आश्वासनों के भरोसे समय गंवाती जा रही है। उनके लिए इस बजट में कोई नई उम्मीद नहीं दिखती।

अपनी घोषणा भी भूली सरकार व गरीब-गुरबो को भी : डॉ लंबोदर

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने हेमंत सोरेन की गठबंधन सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट न तो झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने वाला है और ना ही विकसित बनाने वाला है। यह बजट पूरी तरह से निरर्थक है। बजट में न तो सरकार की जन कल्याणकारी सोच दिखती है और न ही पलायन को रोकने के लिए रोजगार के अवसर। राजकोषीय घाटा बढ़ता जा रहा है, इसको लेकर बजट में थोड़ी भी चिंता व्यक्त नहीं की गई है। झारखंड जंगल झाड़ का क्षेत्र है मगर इसकी उपेक्षा की गयी है। वन क्षेत्र को लेकर बजट में सरकार की इच्छा शक्ति नहीं दिख रही है। बेरोजगारी को रोकने के लिए बजट में किसी तरह के उपाय नहीं किए गए हैं। यह उम्मीद की जा रही थी पूर्व की घोषणा रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपया प्रतिमाह देने की घोषणा को इस बजट में अमली जामा पहनाया जाएगा मगर चारी बजट में इसका तनिक भी उल्लेख नहीं कर इस गठबंधन सरकार ने झारखंड के आम जनमानस को धोखा देने व ठगने का काम किया है। युवाओं और किसानों की अनदेखी तो की ही गई है। अन्य वर्गों का भी उपेक्षा की गई है। बजट का आकार बढ़ाकर आंकड़ों की बाजीगरी की गई है।

युवाओं किसानों के लिए बजट में कुछ भी नहीं : अमित मंडल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। आज भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के द्वारा प्रदेश कार्यालय में झारखंड बजट भाषण को सुना गया। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा ने की। बाद में प्रेसवार्ता कर बजट पर प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक अमित मंडल ने बजट पर राज्य सरकार को घेरा। श्री मंडल ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को सीएजी द्वारा उठाये मामले में 19132 हजार करोड़ का जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1.36 लाख करोड़ का राज्य सरकार रोना बंद करे। वहीं सच्चाई ये भी है कि झारखंड कोयला प्रोडक्शन में 3 रे स्थान पर है बावजूद केंद्र द्वारा झारखंड को मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक 22% है। कहा कि झारखंड के जीडीपी में सेकेंडरी सेक्टर का योगदान सर्वाधिक है और केंद्र की योजनाएं इसमें समाहित है जैसे एयरपोर्ट, रेल, हाईवे, सेज निर्माण आदि। कहा कि सात गारंटी में कोई गारंटी सरकार पूरा नहीं कर पाई है ना धान क्रय में 3200 रुपए एम एस पी मिला , ना 450 रुपए में सिलिंडर मिली, ना 7 किलो अनाज मिला और ना ही हर जिले में मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने की बात हुई। कहा कि राजस्व खर्च सरकार ने 20.1 % पिछले बजट की तुलना में बढ़ाया वही पूंजीगत खर्च मात्रा 7.81% ही बढ़ा। कहा कि सरकार भविष्य में इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण नहीं कर पायेगी और राजस्व खर्च को पूरा करने के लिए और अधिक कर्ज लेगी जो राज्य के अर्थव्यवस्था के हित में ठीक नहीं होगा। कहा कि सरकार बजट की राशि को खर्च करने के बजाये सरेंडर करवा रही है जिससे सरकार को योजनाओं को धरातल पर उतरने में रूचि नहीं दिख रही। मईयां सम्मान की राशि 13000 करोड़ भी कम है। 57लाख महिलाओं के लिए 17000करोड़ का प्रावधान करना चाहिए था और यदि3 महीनों का बकाया मिला लिया जाये तो 4200 करोड़ और प्रावधान करना चाहिए था जो नहीं हुआ। कहा कि बजट से जनता में निराशा हुई है। मौके पर अशोक बड़ाइक, जेपी शर्मा, सीए राजकुमार भी उपस्थित थे।

बीएड कोर्स के प्राध्यापकों के लिए भी बजट में प्रावधान हो : डॉ. सचिन

रांची। झारखंड राज्य बीएड प्राध्यापक संघ के प्रदेश संयोजक डॉ. सचिन कुमार ने कहा कि प्रदेश में 2005 - 06 से सरकारी विश्वविद्यालयों और उसके अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित बी.एड. कोर्स के प्राध्यापकों और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए किसी प्रकार के बजटरी प्रावधान नहीं किया जाना बीएड कोर्स के प्रति उच्च शिक्षा विभाग की उदासीनता को दर्शाता है। बीस वर्षों से प्रशिक्षु छात्रों के शुल्क से संचालित बीएड कोर्स को इस वित्तीय वर्ष में अनुदान मिलने की प्रबल संभावना थी क्योंकि पिछले वर्ष के बजट सत्र में लगभग सभी दलों के दर्जनों माननीयों के साथ ही सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेता माननीय स्टीफन मरांडी जी के द्वारा सदन में बीएड कोर्स में कार्यरत प्राध्यापकों के वेतन का मुद्दा उठाया गया था जिस पर विधान सभा के अध्यक्ष महोदय ने सदन को आसन से आश्वासन दिया था, लेकिन इस वर्ष भी बीएड कोर्स के प्राध्यापकों के लिए कोई भी बजट का प्रावधान नहीं किया जाना सरकार की उदासीनता को दशार्ता हैं। इससे बीएड के प्राध्यापक मायूस है।

बजट की जानकारी कांग्रेस को पहले से थी : प्रतुल शाहदेव

क्या बजट लीक हुआ था, सरकार स्पष्ट करे

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की बजट की बातें कैसे लीक हो गई। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने एक दिन पहले ही बजट का आकार 1,45,000 करोड़ बता दिया था और बजट की बारीकियां पर भी चर्चा की थी। हुआ भी वही। यह सीधे तौर पर एक अत्यंत ही गंभीर मामला बनता है। बजट बनाते समय अधिकारी और कर्मचारियों को हफ्तों तक घर जाने की आजादी नहीं होती। पूरा मामला अति गोपनीय होता है। फिर यह सारी बातें कांग्रेस को कैसे पता थी? बजट में किस मद में कितना टैक्स लगेगा या टैक्स नहीं बढ़ेगा, इन बारीक बातों की जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता को कैसे हो गई? पूरी की पूरी दाल काली लगती है। मुख्यमंत्री इसकी उच्च स्तरीय जांच सीबीआई या एसीबी से कराने के आदेश दें।

अबुआ बजट झारखंड की जनता से धोखा : जदयू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। जनता दल यूनाइटेड झारखंड प्रदेश के सौमेन दत्ता ने कहा कि यह बजट पूरी तरह से केंद्र के अनुदानों पर निर्भर है, जो राज्य की आत्मनिर्भरता को कमजोर करता है। राज्य के खनिज संसाधन, वन संपत्ति और मानव संसाधन का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा रहा है, जबकि सरकार केंद्रीय मदद पर निर्भर है। यह न केवल राज्य की वित्तीय स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि राज्य के नीति निर्माण और विकास योजनाओं को भी बाधित करता है। झारखंड को अपनी संपत्तियों का सही उपयोग करने की आवश्यकता है, लेकिन बजट में इसका कहीं कोई उल्लेख नहीं है। वहीं वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा है कि अबुआ बजट झारखंड की जनता के साथ धोखा है। राज्य के विकास के लिए कोई दीर्घकालिक योजना नहीं है, जबकि केंद्र पर निर्भरता बढ़ी है। राज्य के संसाधनों का सही उपयोग करने की बजाय सरकार ने सिर्फ तात्कालिक राहत की योजनाओं को प्राथमिकता दी है। यह बजट किसी भी दृष्टिकोण से राज्य के विकास के लिए कारगर नहीं है और झारखंड के भविष्य के लिए एक खतरनाक कदम है।

बजट में नए रोजगार पर कोई चर्चा नहीं : डॉ देव शरण भगत

रांची। अबुआ बजट में प्रदेश में उद्योग और व्यवसायों को प्रोत्साहन देने और नए रोजगार सृजन पर कोई चर्चा नहीं है। सिर्फ एक लाभार्थी वर्ग की संरचना से विकास मुश्किल है। राजस्व और व्यय का विशाल अंतर के वजह जनता पर कर्ज का बोझ अधिक होना निश्चित है।यह बजट झारखंड की जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। आम जानता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला बजट, युवाओं के लिए निराशाजनक बजट, समेकित उद्योगिक विकास के रोड मैप का आभाव।

अबुआ बजट छात्र और युवा विरोधी : ओम वर्मा

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अबुआ बजट में छात्र एवं युवा वर्ग के लिए कुछ भी नही दिया गया। सरकार युवा पीढ़ी को बरगला कर सत्ता में आई है। सरकार सत्ता के नशे में चूर हो कर छात्र एवं युवा विरोधी कार्य कर रही है। शिक्षा में भी कुछ विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। न रोजगार, न शिक्षा न ही अच्छा स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में कोई भी काम कर रही है। छात्र एवं युवा आज के दिन में पढाई लिखाई छोड़ रोजगार के लिए आंदोलन कर रहे है।



हेमंत- 2 का पहला अबुआ बजट पहली बार पेश किया राधाकृष्ण किशोर ने

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवे दिन सोमवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने 45 वर्ष के करियर में पहली बार सदन में 145400 करोड़ का बजट पेश किया और खुशी जाहिर की । यह वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट है, जिसे 'अबुआ बजट' का नाम दिया गया है। बजट पेश करने के बाद वित्त मंत्री बजट पर अभिभाषण दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश कर मैं खुद को आत्मसम्मानित महसूस कर रहा हूं। साथ ही झारखंड के बजट को विधानसभा के पटल पर रखते हुए मुझे अति गौरव की अनुभूति हो रही है। 45 वर्षों के राजनीतिक जीवन में मेरे लिए यह पहला अवसर है, जब वित्त मंत्री के रूप में मैं गौरवशाली झारखंड राज्य के लिए बजट सदन में पेश कर रहा हूं। वित्त मंत्री ने कहा कि मुझे यह अवसर देने के लिए मैं पूरे सदन, राज्य की जनता, अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता, अपनी पार्टी के श्रेष्ठ नेता, सीएम हेमंत सोरेन के साथ-साथ कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी का आभार व्यक्त करता हूं।

अबुआ बजट में किसको कितना किस लिए मिला

नागर विमानन के लिए 115 करोड़ 19 लाख 37 हजार रुपए

राज्य सरकार ने साहेबगंज में नए डोमेस्टिक एयरपोर्ट और एयर कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित भूमि के अधिग्रहण पर स्वीकृति प्रदान की है। राज्य में एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा और टूरिस्ट सर्किट हेतु हेली शटल सेवा प्रारंभ करने की योजना विचाराधीन है। इसके तहत राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों जैसे देवघर, बासुकीनाथ, पारसनाथ, रजरप्पा, ईटखोरी और प्रमुख पर्यटक स्थलों जैसे बेतला नेशनल पार्क, पतरातु घाटी, साहेबगंज आदि तक हेलीकॉप्टर शटल सेवा प्रारंभ करने की कार्रवाई की जा रही है। गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए सस्ते दर पर एयर एंबुलेंस सेवा 28.04.2023 से 247 संचालित की जा रही है। यह सेवा गरीब और जरूरतमंद लोगों को सुलभ बनाने के लिए पूर्व निर्धारित दरों में 50 प्रतिशत की कटौती की गई है। नागर विमानन हेतु वर्ष 2025-26 में 115 करोड़ 19 लाख 37 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

ऊर्जा के लिए 9,894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रुपए

राज्य में गुणवत्तापूर्ण निर्बाध बिजली आपूर्ति करना सरकार का लक्ष्य है। राज्य के सभी घरेलू और शहरी उपभोक्ताओं को 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का लाभ लगभग 35 लाख उपभोक्ता उठा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना हेतु 5,050 करोड़ 9 लाख रुपए व्यय करने का प्रस्ताव है। झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना के क्रियान्वयन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण विद्युत उपलब्धता में वृद्धि हुई है। साथ ही, कृषि उपभोक्ताओं के लिए नई विद्युत संरचना का निर्माण भी किया गया है। पतरातू में चार हजार मेगावाट के सुपर थर्मल पावर प्लांट की स्थापना प्रक्रिया में है। मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना के तहत ग्रामीण और शहरी विद्युतीकरण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। पीएम कुसूम योजना के तहत राज्य में सिंचाई कार्य के लिए 10,000 सोलर पंपसेट की आपूर्ति, स्थापना और पांच साल के रख-रखाव की योजना के लिए राज्य अनुदान के रूप में 150 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध किया गया है। विद्युत संचरण संबंधी परियोजनाओं के लिए बजटीय उपबंध भी किया गया है। वर्ष 2025-26 में 9,894 करोड़ 35 लाख 53 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

उद्योग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपए

आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए उद्योग विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए 450 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। विभिन्न औद्योगिक नीतियों के तहत राज्य में 20,000 करोड़ रुपए का निवेश लाने का लक्ष्य है, जिससे लगभग 15,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। औद्योगिक इकाईयों की देयता और राज्य के औद्योगिक विकास हेतु राशि का प्रावधान किया गया है। सिंगल विंडो व्यवस्था के तहत निवेशकों को सभी आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी उपलब्ध है। जियाडा के तहत बोकारो, गिरिडीह, कांड्रा, सिंदरी, आदित्यपुर, जसीडीह और देवीपुर औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं का कार्यान्वयन किया जाएगा। वर्ष 2025-26 में उद्योग विभाग के लिए 486 करोड़ 31 लाख 61 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

भवन निर्माण विभाग के लिए 861 करोड़ 57 लाख 31 हजार रुपए : राज्य की राजधानी में विधायकों के लिए 70 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे जून, 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भवन निर्माण विभाग के लिए 861 करोड़ 57 लाख 31 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

नगर विकास एवं आवास के लिए 3,577 करोड़ 68 लाख 91 हजार रुपए

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अब तक झारखंड राज्य के लिए 2,11,010 आवासीय इकाई स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 1,29,045 आवास पूर्ण हो चुके हैं और 63,990 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। नई और उभरती तकनीक से लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत 1,008 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लाभार्थियों को आवंटित कर दिए गए हैं। अमृत और अमृत 2.0 मिशन योजनांतर्गत विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। रांची, चास, आदित्यपुर सिवरेज प्रबंधन योजनाओं का निर्माण वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जलापूर्ति परियोजनाओं के निर्माण कार्य 11 नगर निकायों में शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत 20,000 जॉब कार्ड बनाने का लक्ष्य है और 10 लाख मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए 3,577 करोड़ 68 लाख 91 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य के लिए 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार रुपए

राज्य में 41 आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र और 102 डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय / राष्ट्रीय खेलों में प्राप्त उपलब्धियों के आधार पर राज्य के 523 मेधावी खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया गया। राज्य में पर्यटन स्थल जैसे पलामू किला, खंडोली पर्यटन स्थल, सुंदर डेम जलाशय, नेतरहाट आदि के विकास की स्वीकृति दी गई है। वर्ष 2025-26 में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य के लिए 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार रुपए

आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार पोर्टल के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 5,741 शिविर आयोजित किए गए, जिनसे 34 लाख 12 हजार लोग लाभान्वित हुए। झारखंड स्टेट डाटा सेंटर के डिजास्टर रिकवरी कार्य का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के लिए 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

गृह, कारा व आपदा प्रबंधन के लिए 9,916 करोड़ 94 लाख 62 हजार

वर्ष 2025-26 में विशेष केंद्रीय सहायता मद से लगभग 100 करोड़ रुपए की सहायता केंद्र सरकार से प्राप्त होने की संभावना है। राज्य के एक अति उग्रवाद प्रभावित जिला पश्चिम सिंहभूम और चार संवेदनशील जिलों का विकास किया जाएगा। राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए नए रसायन भवन का निर्माण और अन्य कार्य किए जाएंगे। वर्ष 2025-26 में गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग के लिए 9,916 करोड़ 94 लाख 62 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

योजना और विकास के लिए 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार

विकास के लिए योजनाओं की अवधारणा और क्रियान्वयन में योजना और विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना और विकास विभाग के लिए 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है। इस वर्ष के आउटकम बजट की कुल राशि का लगभग 20.5 प्रतिशत बाल बजट के रूप में उपबंधित किया गया है, जो राज्य के कुल योजना आकार का लगभग 10 प्रतिशत है।

कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार

सिदो कान्हु कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड एवं जिला स्तरीय सहकारी संघ लिमिटेड का गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला स्तरीय सहकारी संघ लिमिटेड के लिए हिस्सापूंजी हेतु 24 करोड़ (चौबीस करोड़) रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। गोदाम निर्माण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 118 गोदामों के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है, जिसपर 259 करोड़ 52 लाख का बजटीय उपबंध किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण एवं शहरी इच्छुक युवाओं को मछली पालन की विभिन्न विधाओं में सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करने हेतु 4.10.000 (4 लाख 10 हजार) मीट्रिक टन मछली का उत्पादन कराने की योजना है। आगामी वर्ष में 2025-26 में कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र के लिए 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का प्रावधान

ग्रामीण क्षेत्रों में आय के स्रोतों को बढ़ाते हुए रोजगार सृजन एवं उनके जीवन स्तर में सुधार करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत 12 करोड मानवदिवस रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। अबुआ आवास योजना की शुरूआत प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से अनाच्छादित राज्य के गरीब परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराने के लिए की गई है, जिसमें लाभार्थियों को पांच किस्त में 2,00,000/- (दो लाख) रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजनान्तर्गत 2024-25 तक के लिए अबुआ आवास हेतु निर्धारित लक्ष्य 6 लाख 50 हजार के विरुद्ध अब तक कुल 6 लाख 1 हजार 135 आवासों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 19 हजार 685 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष आवास वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कराने का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सखी मंडलों के उत्पादों को उचित मूल्य एवं आर्थिक सहायता देने तथा वर्ष भर बाजार उपलब्ध कराने के लिए पलाश-ब्रांड के तहत विपणन कराया जा रहा है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में पलाश मार्ट पर 30 करोड़ रुपए के व्यय का प्रस्ताव है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 हजार सखी मंडलों को चक्रीय निधि की राशि तथा 35 हजार स्वयं सहायता समूहों को कैश क्रेडिट के लिए बैंक लिंकेज की सुविधा प्रदान की जाएगी। लगभग 2 लाख अतिरिक्त महिला किसानों को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। वर्ष 2025-26 में ग्रामीण विकास के लिए 9 हजार 841 करोड़ 41 लाख 61 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

अबुआ बजट में किस विभाग को कितना मिलेगा

कृषि एवं संबद्ध प्रक्षेत्र
4,587 करोड़
66 लाख 24 हजार

ग्रामीण विकास
9,841 करोड़
41 लाख 61 हजार

जल संसाधन
2,257 करोड़
45 लाख 55 हजार

पंचायती राज
2,144 करोड़
78 लाख 14 हजार

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा
22 हजार
23 करोड़ 33 लाख 85 हजार

शिक्षा प्रक्षेत्र

प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा
15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार

तकनीकी शिक्षा
02 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवाल कल्याण
07 हजार
470 करोड़ 50 लाख 86 हजार

पेय जल एवं स्वच्छता
04 हजार
710 करोड़ 2 लाख 56 हजार

खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले
02 हजार
863 करोड़ 49 लाख 22 हजार

श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास
01 हजार
85 करोड़ 74 लाख 46 हजार

अनुसूचित जनताति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण
03 हजार
384 करोड़ 45 लाख 97 हजार

वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन
01 हजार
381 करोड़ 99 लाख 30 हजार

पथ निर्माण
05 हजार
900 करोड़ 89 लाख 28 हजार

ग्रामीण कार्य
04 हजार
576 करोड़ 30 लाख 73 हजार

नागर विमानन
115 करोड़
19 लाख 37 हजार

ऊर्जा
09 हजार
894 करोड़ 35 लाख 53 हजार

उद्योग
486 करोड़
31 लाख 61 हजार

भवन निर्माण
861 करोड़
57 लाख 31 हजार

नगर विकास एवं आवास 3 हजार 577 करोड़ 68 लाख 91 हजार | **पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य** 336 करोड़ 64 लाख 45 हजार | **सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस** 303 करोड़ 96 लाख 72 हजार | **गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन** 9 हजार 916 करोड़ 94 लाख 62 हजार | **योजना एवं विकास** 414 करोड़ 35 लाख 23 हजार

नाबालिग छात्रा से होटल में दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

रांची। एक होटल में एक नबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित एक बार में तीन लड़के और दो लड़कियां पार्टी करने के लिए गये थे। लौटने के दौरान लालपुर चौक के पास एक लड़के का एक्सीडेंट हो गया, जिसके बाद उसके दोस्त उसे इलाज के लिए अस्पताल ले कर चले गए। वहीं नबालिग लड़की को आरोपी ने घर छोड़ देने के बहाने एक होटल ले गया और शुक्रवार की रात उसके साथ होटल के कमरे में जबरदस्ती की। मामला शनिवार को पुलिस के संज्ञान में तब आया जब नाबालिग थाना पहुंची।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आवेदन पोर्टल का शुभारंभ

नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) के तहत अब रांची जिला में ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आरटीई पोर्टल का शुभारंभ किया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में पोर्टल के ऑनलाइन शुभारंभ के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

●04-31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन

पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि आरटीआई के तहत 04-31 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इस दौरान पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकेगा। 10 अप्रैल को डॉक्यूमेंट का वेरिफिकेशन होगा एवं 15 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी की जाएगी। रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए 121 स्कूलों को पंजीकृत किया गया है।

●मान्यता रद्द करने की होगी अनुशंसा

रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी।

जनता दरबार में लोगों की समस्या से अवगत हुए डीसी

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए।

उन्होंने शहरी एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आये मुलाकातियों की समस्याओं से अवगत होते हुए उनकी शिकायतों को सुना जिसमें डबल डीड, सीमांकन, भूमि सम्बंधित, सड़क निर्माण,आदि से संबंधित आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को जल्द निष्पादन कराने के निर्देश दिए गए। कुछ शिकायतों के समाधान के लिए उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को फोन पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

●कोई शिकायत/समस्या हो तो अबुआ साथी 9430328080 पर दें जानकारी

जनता दरबार में आनेवाले लोगों को उपायुक्त द्वारा अबुआ साथी की जानकारी दी गयी। उन्होंने सभी को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया गया। जिस पर आम जन शिकायत कर सकते हैं, अबुआ साथी की चौबीस घंट सतत निगरानी की जाती है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि स्कूल में शिक्षक नहीं आते, प्रखण्ड-अंचल कार्यालय से संबंधित कार्य में किसी तरह की परेशानी है, अंचल कार्यालय में दलालों की जानकारी अबुआ साथी पर दें, जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

चाकू के बल पर लूट पाट करने का आरोपी गिरफ्तार

रांची। सिकिदिरी थाना में आयुष ठाकुर, के द्वारा पुलिस को लिखित आवेदन दिया गया. जिसमे आयुष कुमार ने फरहान खान, श्रीशांत करमाली, शेख जहीर, चन्दन गंझू, के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई. जिसके बाद मामले में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी के द्वारा ग्रामीण एसपी के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों प्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, इनके पास से कांड में लूटी गयी घड़ी, चांदी की चेन, मोबाईल एवं स्पीकर साथ ही घटना में प्रयुक्त स्प्लेण्डर मोटरसाईकिल, चाकू एवं पंच (फाईटर) को बरामद किया गया।

पद्मश्री सिमोन उरांव से मिली आशा लकड़ा

रांची। पद्मश्री सिमोन उरांव से सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डा. आशा लकड़ा ने बेड़ो स्थित उनके पैतृक आवास पर मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से पिछले दिनों पद्मश्री सिमोन उरांव का पेंशन बंद होने व खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले राशन की सुविधा बंद किए जाने की जानकारी भी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द पद्मश्री सिमोन उरांव को पेंशन व राशन से संबंधित सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि पांच मार्च तक पद्मश्री सिमोन उरांव को पेंशन व राशन से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करा दी जाएगी। बेड़ो प्रखंड के भ्रमण के दौरान उन्होंने राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, बारीडीह का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई प्रकार की खामियां मिली। डा. आशा लकड़ा ने बताया कि विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। छात्रों के कक्षा में न तो बेंच-डेस्क की सुविधा है और ना ही दरी की। छात्र जिस कमरे में पढ़ाई करते हैं वहीं सोते भी हैं। बेंच-डेस्क के अभाव में विद्यालय में छात्र अपने-अपने बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करते हैं। छात्रावास में बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन भी नहीं परोसा जा रहा है। रसोई घर की स्थित भी बहुत ही दयनीय है। रसोईया कीचड़नुमा रसोई घर में भोजन पकाती है। इससे छात्रों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। रसोई घर के नाम पर सिर्फ टीन का शेड है।

आजसू की बैठक सम्पन्न

रांची। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय हरमू रोड में हुई । बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा उपस्थित हुए। बैठक में संगठन के मजबूती एवं विस्तार, कॉलेज कमिटी, विश्वविद्यालय कमिटी को पुनः गठन एवं आगामी कार्यक्रम इत्यादि विषय को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में रांची आजसू के रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में कमिटी बनाने तथा रांची विश्वविद्यालय कमिटी बनाने के लिए 5 सदस्य संयोजक मंडली का गठन किया गया। इसमें रोशन कुमार नायक, पवन कुमार सिंह, सक्षम झा, यश साहू, रौनक कुमार शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, राजेश सिंह, रौशन नायक,पवन सिंह पंकज, विवेक कुजूर,प्रेम लिंडा, रौनक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

पांकी विधायक ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, कहा

पलामू जिले में सरकारी योजनाओं में हुई है भारी अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता

रांची। पलामू जिले में सरकारी योजनाओं में भारी अनियमितताओं को लेकर पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की और एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और जल जीवन मिशन से जुड़ी भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर करते हुए निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के अनुसार, पांकी प्रखंड में ढूब-छतरपुर मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के गिरने की जांच के लिए 23 जुलाई 2021 को उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। साढ़े तीन साल बाद भी रिपोर्ट जमा नहीं की गई, जिससे गड़बड़ी की आशंका और बढ़ गई है। विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि इन सभी घोटालों की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीण जनता को न्याय मिल सके और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

होली मिलन समारोह का आयोजन

रांची। आज पहल यूनाइटेड फाउंडेशन (स्वयंसेवी सामाजिक संस्था)के तत्वावधान में संस्था के संस्थापक शैलेंद्र कुमार के नेतृत्व मे रांची बहू बाजार स्थित संत मिखाईल नेत्रहीन विद्यालय में होली के पूर्व होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय के सभी बच्चों के भी मिठाइयां वितरण के साथ संगीतमय कार्यक्रम भी हुआ। इस मौके पर भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन,संगीत सरिता के निदेशक वीणाश्री,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष जसवीर कौर सहित नीतू चौधरी,रूबी मल्लिक, करण कुमार, अभिषेक कुमार, दिलवीर सिंह,प्रीति भंडारी, विनिता सिंहा, शोभा गुप्ता आदि मौजूद थे।

पोक्सो मामले में युवक को कारावास की सजा

रांची। रांची सिविल कोर्ट के पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी करार सिल्ली निवासी युवक उत्तम कुमार महतो को 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट की धारा में दोषी पाकर सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त को 21 फरवरी को दोषी करार दिया था। अभियुक्त घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को लेकर 25 जुलाई 2021 को सिल्ली थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अभियुक्त को पुलिस ने 27 जुलाई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह लगातार जेल में ही है। उस पर नाबालिग को जाल में फंसा कर दुष्कर्म करने और बाद में शादी करने का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप था। बाद में आरोपी शादी करने से मुकर गया। अभियुक्त ने पहली बार जनवरी 2020 में नाबालिग के साथ जबरदस्ती की थी।

रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 20 से

रांची। रांची जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वावधान में रांची जिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाड़ियों को चयनित करना है। प्रतियोगिता में केवल रांची जिले की टीमें ही भाग ले सकती हैं। इच्छुक टीमें पदाधिकारियों से संपर्क कर 18 मार्च तक अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकती हैं। प्रतियोगिता के सभी मैच ऑक्सीजन पार्क स्थित वॉलीबॉल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो आगे जिले का प्रतिनिधित्व करने के अवसर प्राप्त करेंगे। रांची जिला वॉलीबॉल संघ सभी खेल प्रेमियों एवं संबंधित टीमों से आग्रह करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी बिहार से गिरफ्तार

रांची। बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउद नगर से 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। दरअसल रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित स्वर्ण जयंती नगर निवासी अमर शर्मा ने शनिवार की देर शाम 4 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही नाबालिग बच्ची की मां ने सुखदेवनगर थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस के द्वारा छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई की गई। पुलिस के द्वारा बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउद नगर से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी युवक की पहचान सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के स्वर्ण जयंती नगर निवासी अमर शर्मा के रूप में हुई है और उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। रांची पुलिस की टीम रविवार की रात आरोपी युवक को रांची लेकर आई।

बजट में झारखंड आंदोलनकारियों के कल्याण का नजरअंदाज : प्रवीण प्रभाकर

रांची। आजसू पार्टी ने हेमंत सरकार के बजट को हवा हवाई बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है और राज्य में बढ़ते आर्थिक संकट का दस्तावेज है। बजट में झारखंड आंदोलनकारियों के कल्याण को नजरअंदाज कर दिया गया है। राज्य सरकार एक ओर कई नए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल खोलने की बात कर रही है, लेकिन पुराने मेडिकल अस्पतालों की खस्ताहाल पर कोई चिंता नहीं दिखती। राज्य सरकार केंद्र के पैसों का रोना रो रही है, लेकिन अपना आर्थिक तंत्र दुरुस्त करने पर कोई ध्यान नहीं दिखता। समेकित औद्योगिक विकास के रोड मैप का भी अभाव है और पहाड़ी इलाकों में कृषि उत्पादन एवं पशुपालन की दृष्टि का भी अभाव है।

विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी पर बजट में कोई नीति नहीं

रांची। आदिवासी छात्र संघ के डीएसपीएमयू के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि बजट में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना की घोषणा की गई है, लेकिन वर्तमान विश्वविद्यालयों में फैकल्टी और शिक्षकों की भारी कमी पर कोई स्पष्ट नीति नहीं है। बिना योग्य शिक्षकों के गुणवत्ता शिक्षा की बात करना बेईमानी होगी। सरकार को पुरानी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों की बहाली, रिसर्च और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार को प्राथमिकता देनी चाहिए। सिर्फ नए संस्थान खोलने से शिक्षा की स्थिति नहीं बदलेगी, जब तक कि शिक्षक-छात्र अनुपात सही न हो और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित न किया जाए। उच्च शिक्षा में सुधार के बिना युवा सशक्तीकरण और रोजगार की संभावनाएँ सीमित रहेंगी।

पूर्व सैनिकों की भर्ती की हुई घोषणा

रांची। एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड ने अनुबंध आधार पर एनसीसी में प्रशिक्षक के रूप में पूर्व सैनिक जेसीओ और एनसीओ की भर्ती की घोषणा की है। आवेदन पत्र संबंधी विवरण आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। वर्तमान में, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखंड के तहत 1,00,000 से अधिक कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

डोरंडा थानेदार से मिले अवधेश

रांची। वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अवधेश ठाकुर ने डोरंडा थाना इंस्पेक्टर दीपिका प्रसाद को थाना प्रभारी के रूप में ज्वाइन करने पर बधाई और शुभकामना दी। अवधेश ठाकुर ने नई थाना प्रभारी से आग्रह किया कि डोरंडा महाविद्यालय के बच्चों के साथ एक संवाद का आयोजन किया जाए। ् इस पर उन्होंने अपनी सहमति जताई।

डीसी ने भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा की

नवीन मेल संवाददाता। रांची

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सोमवार को भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू किस्टो कुमार बेसरा, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, सभी निबंधक, एलआरडीसी मुकेश कुमार, एलआरडीसी बुंडू, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए भूमि विवाद के कारणों की समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

●दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा

बैठक में रांची जिले में आए दोहरी जमाबंदी के मामलों पर चर्चा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की अक्सर ऐसी शिकायत प्राप्त होती है, की एक ही भूमि को बार-बार बेच दिया जाता है। ऐसे खरीद-बिक्री को कैसे रोका जाए इसपर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में बैंक द्वारा बंधक भूमि का बिक्री रोकने को लेकर भी कार्ययोजना बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। इसे कैसे रोका जाए उसपर पर गहन विचार विमर्श किया गया की कैसे बैंक द्वारा बंधक जमीन की बिक्री रोकी जाए।

जमीन के सत्यापन के लिए अंचल कार्यालय के समक्ष दिया धरना

खलारी। सीसीएल द्वारा रैयत के अधिगृहित भूमि का सत्यापन के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय खलारी के समक्ष एक दिवसीय धरना दिया गया। ग्रामीणों के इस धरना का नेतृत्व मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी कर रहे थे। मामला विश्रामपुर मौजा अंतर्गत नथु उरांव के वंशजों के 4.96 एकड़ भूमि के खलारी अंचल द्वारा सत्यापन का है। सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण के लिए उक्त भूमि का अधिग्रहण किया गया है। पंजी दो के अनुसार नथु उरांव की कुल भूमि 8.96 एकड़ थी। 4 एकड़ भूमि पूर्व में ही अधिगृहित की जा चुकी है। जिसके एवज में सीसीएल द्वारा मुआवजा व नौकरी प्राप्त है। शेष 4.96 एकड़ भूमि अब सीसीएल के कब्जे में है।

खेल सुविधाओं का विस्तार और सुरक्षा में सुधार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

सीसीएल की एक अनूठी महत्त्वकांक्षी सीएसआर पहल

झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) के खिलाड़ियों ने 2025 में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में शानदार प्रदर्शन किया। 38वें राष्ट्रीय खेल, जो 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक उत्तराखंड में आयोजित हुए, में जेएसएसपीएस के सात खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने आधुनिक पेंटाथलॉन में 2 कांस्य पदक जीते। इसके अलावा, जेएसएसपीएस के तीन साइक्लिस्टों ने मलेशिया में 21 से 27 फरवरी 2025 तक आयोजित ट्रैक एशियन चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होकर देश का नाम रोशन किया। फुटबॉल में भी जेएसएसपीएस के दो युवा फुटबॉलरों का चयन तुर्की में आयोजित पिंक लेडीस व-20 यूथ कप में भारतीय टीम के सदस्य के रूप में किया गया, जो 19 से 25 फरवरी 2025 तक आयोजित हुआ। आगे की सफलता में, 40वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन 28 से 30 जनवरी 2025 तक हैदराबाद में हुआ, जिसमें जेएसएसपीएस के पांच खिलाड़ियों ने भाग लिया और तीन स्वर्ण पदक जीतकर अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, अस्मिता खेलो इंडिया वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में भी के खिलाड़ियों ने 2 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर अपने खेल कौशल को साबित किया।

●स्टेडियमों का उपयोग और समर्थन

फरवरी 2025 में, खररढ़ के स्टेडियमों में विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल का आयोजन हुआ। गणपत राय इंडोर स्टेडियम में राज्य कराटे टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसी दौरान, ताना भगत इंडोर स्टेडियम में झारखंड राज्य हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 500 खिलाड़ी शामिल हुए।

डीसी से मिला गुरुनानक हॉस्पिटल का प्रतिनिधिमंडल

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री से सोमवार को गुरुनानक हॉस्पिटल के मस्तान सिंह की अगुवाई में कुछ सदस्यों ने मुलाकात करते हुए अपनी मांगो को रखा। उपायुक्त द्वारा इसको लेकर सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बिरसा मुंडा फन पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सवारियां' का आयोजन

नृत्य स्पर्श स्टूडियो के बच्चों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया

नवीन मेल संवाददाता। रांची

बिरसा मुंडा फन पार्क, रिलेशंस एवं नृत्य स्पर्श डांस स्टूडियो के संयुक्त तत्वावधान में जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सवारियां' का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नृत्य स्पर्श स्टूडियो के बच्चों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया और एक से एक बढ़कर नृत्य प्रस्तुत कर अद्भुत समा बांधा।

बच्चों का हुनर दिखाने का इससे अच्छा मौका कुछ भी नहीं था। बच्चों के नृत्य से उनके अभिभावक गण भी काफी उत्साहित दिखे।

इस अवसर पर सब जूनियर किड्स का शानदार प्रदर्शन रहा। स्नेहा नायक कि कोरियोग्राफी में अध्ययन चौधरी, ख्याति मौर्य, जानवी सिंह, जयदित्य सिंह, अद्विका केरकेट्टा,

आरोही, तेजस्वी कुजूर, यशवी राज, अ नायिका राज , अभिलाषा कुमारी ने स्वीटी तेरा ड्रामा और अंगारों गाने पर शानदार प्रस्तुति दी। वहीं जूनियर इंटरमीडिएट किड्स का शानदार प्रदर्शन रहा जिसमें राजा नायक की कोरियोग्राफी में अनुष्का गुप्ता, आरोही श्रीवास्तव, काव्या गुप्ता, सौम्या वर्मा, अध्या चौधरी, अंशिका कुमारी, अंशिका भगत, अराध्या सिंह, वैष्णवी श्रेष्ठ, श ाश्वत गांगुली ने उड़ी उड़ी जाए और दावड़ी गाने पर शानदार प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी राज कुमार पोद्दार, अन्नू पोद्दार, डॉ अनिल कुमार, नृत्य स्पर्श डांस स्टूडियो कि निर्देशिका वसुंधरा प्रसाद, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा आदि कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रेमेडी हेल्थ केयर के संयुक्त तत्वावधान में पार्क परिसर में डॉ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में निःशुल्क हृदय, बल्ड प्रेशर, थायराइड,मधुमेह संबंधित शिविर लगाया गया। जिसमें सैकड़ों पार्क के सैलानियों की जांच की गई साथ ही साथ उन्हें उचित प्रारमर्स भी दी गई। इस अवसर पर अमित कुमार, मनी कच्छप, अदिति कुमारी, सूरज कुमार यादव, पवन ठाकुर, आशीष रौशन आदि कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, निरंजन राम,दीपक कुमार, सूरज कुमार, अभिषेक कुमार, मुन्ना दास, राधे भट्ट, नरसिमा, इम्तियाज शेख आदि कई उपस्थित थे।

सेल सेट के सोलर पीभी सिस्टम का उद्घाटन

रांची। 40 किलोवाट सोलर पीभी सिस्टम, जो कि सेल सेट के इस्पात एक्जीक्यूटिव होस्टल में लगाया गया। इसका उद्घाटन टेक्निकल, प्रोजेक्ट्स एवं रॉ मैटीरियल्स सेल के निदेशक मनीष राज गुप्ता ने किया। उद्घाटन समारोह की मेजबानी श्रवण कुमार वर्मा, ईडी (सेट)द्वारा की गई। उपस्थित व्यक्तियों में अनूप कुमार ईडी (एसएसओ), वेद प्रकाश ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संदीप कर ईडी (आरडीसीआईएस) एवं सेल रांची यूनिट के सभी मुख्य महा प्रबंधक थे। यह सोलर पीभी सिस्टम, इस्पात एक्जीक्यूटिव होस्टल के ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणीकरण का एक हिस्सा है। इस सोलर सिस्टम के लगने से ग्रिड द्वारा ली गई विद्युत ऊर्जा में बहुत कमी आ गई है। वातावरण शुद्धिकरण के लिए सेल सेट द्वारा लिया गया यह पहल काफी सराहनीय है।

झारखंड की जनता के लिए बेहतर एवं खुशहाल बजट : राजीव पांडेय

धनबाद। सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। बजट पर एनएसयूआई झारखण्ड प्रदेश सचिव राजीव पाण्डेय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट झारखंड के विकास की ओर तेजी से ले जाना वाला बजट है।उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये का बजट वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। बजट से राज्य की अर्थव्यवस्था के 7.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। राज्य की महिलाओ के लिए समाजिक सशक्तिकरण के लिए 18वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओ को 2500 प्रति माह मुख्यमंत्री मईयाँ सम्मान राशि 13363 करोड़, शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, आर्थिक सहयोग, मुख्यमंत्री आवास योजना, कृषि, ऊर्जा एंव झारखण्ड की बेटियों के लिए विवाह समय 30,000 की राशि गरीब असहाय छात्र छात्राओं कों शिक्षा पर खर्च होने वाली राशि को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया।

झारखंड बजट 2025

अबुआ सरकार का बबुआ बजट, ठगा महसूस कर रहें हैं बेरोजगार युवा : रंजन चौधरी

रामगढ़। झारखंड के हेमंत सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल के पहले बजट से झारखंडवासियों को काफी आशाएं थी लेकिन सोमवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में झारखंड सरकार के साल 2025-26 के लिए जब बजट पेश किया तो झारखंडियों को खुद पर ठगा महसूस होने लगा। झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की यह अबुआ सरकार का बबुआ बजट है जो दिशाहीन एवं आधारहीन है जिसमें सिर्फ. और सिर्फ. जुमलेबाजी करके झारखंडियों को ठगा गया है। रंजन चौधरी ने बताया की चुनाव के पूर्व झारखंड की गठबंधन की सरकार ने जो वादे राज्य के बेरोजगार युवाओं से किए थे उस दिशा में पहल नहीं करके युवाओं को ठगा गया है। 10 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का इनका वादा अब वादा ही रह जाएगा ऐसा इस बजट से प्रतीत हो रहा है। महिला, किसानो, युवा और निम्न वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग और उच्च किसी को भी इस बजट से राहत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। रंजन चौधरी ने बताया की झारखंड में गठबंधन की हेमंत सरकार की अपने पहले कार्यकाल में घोषणाओं पर अमल नहीं करके राज्य वासियों को ठगने के बाद दोबारा मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में तो आई लेकिन दूसरे कार्यकाल के अपने पहले बजट में भी झारखंड वासियों को निराश करके अपने मंसूबे को जता दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट से सबसे अधिक ठगा हुआ झारखंड के बेरोजगार युवा महसूस कर रहें हैं ।

सभी वर्ग के लोगों के लिए अच्छा बजट : विजय केसरी

हजारीबाग। झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर हजारीबाग चैंबर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव विजय केसरी ने कहा कि बजट में सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। मेरी दृष्टि में यह एक श्रेयस्कर बजट है । हेमंत सोरेन सरकार ने इस बजट को अबुआ बजट बताया है। इस अबुआ बजट में हेमंत सोरेन सरकार को मिले जनादेश का असर भी साफ दिखाई दे रहा है । इस बजट में कई नई योजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव लिया गया है। चूंकि हजारीबाग उत्तरी प्रमंडल का मुख्यालय है, इसलिए इस बजट से हजारीबाग जिले को काफी लाभ में मिलने वाला है। उम्मीद है कि बजट के प्रावधानों के अनुसार हजारीबाग में एक लॉ यूनिवर्सिटी का निर्माण हो। हजारीबाग में एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी भी बन सकता है। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज को और वित्तीय सहायता मिल सकता है। इस अबुआ बजट में ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई है । अबुआ बजट का आकार बढ़ा कर 1,45,400 करोड रुपए का हो गया है। बजट की बढ़ती राशि यह बताती है कि झारखंड राजस्व प्राप्ति की दिशा में काफी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। इससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में झारखंड के विकास योजनाओं की लड़ी लग जाएगी। राज्य सरकार पूरे प्रांत में उद्यमिता विकास के लिए कृत संकल्पित दिख रही है। आगे अपनी बातों को विस्तार देते हुए केसरी ने कहा कि प्रस्तुत बजट के माध्यम से राज्य सरकार झारखंड की बुनियादी सुविधाओं को पूरी तरह दुरुस्त करना चाहती है । पानी, सड़क,बिजली और स्वास्थ्य पर सरकार का ध्यान आशा जनक है । राज्य सरकार देश के अन्य प्रदेशों की तरह झारखंड में भी सड़क निर्माण, हाई स्पीड कॉरिडोर, टूरिज्म के क्षेत्र में आशातीत सफलता प्राप्ति के लिए बजट में विशेष रूप से प्रावधान किया है। उम्मीद है कि इससे झारखंड की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और टूरिज्म के विकास से लोगों की आमदनी बढ़ेगी। हजारीबाग टूरिज्म की दृष्टि से झारखंड का सबसे महत्वपूर्ण जिला है। टूरिज्म के विस्तार से हजारीबाग जिले की आमदनी भी बढ़ेगी। आगे उन्होंने कहा कि साल 2029 तक राज्य की अर्थव्यवस्था 10 ट्रिलियन बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । झारखंड में कुल पांच नए लॉ यूनिवर्सिटी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। ट्राइबल यूनिवर्सिटी खोले जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है। झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री आयोग गठन करने निर्णय लिया गया है। इन नई प्रस्तावित योजनाओं का लाभ हजारीबाग जिले को जरूर मिलेगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को मिलेगा बढ़ावा: सुधीर मंगलेश

रामगढ़। दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने झरखंड सरकार दवाई विधानसभा में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2025-26 के अबूआ बजट का स्वागत किया है। उन्होंने इसे राज्य के सर्वांगीण विकास, समावेशिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री मंगलेश ने कहा कि 1,45,400 करोड़ के इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे झारखंड के विकास को नई गति मिलेगी। यह बजट न केवल राज्यवासियों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करेगा, बल्कि समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की यह दूरदर्शी नीति आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। यह बजट हर वर्ग के विकास का संकल्प लेकर प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सशक्त माध्यम बनेगा। विकसित झारखंड की हमारी परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह विकासोन्मुखी बजट अहम भूमिका निभाएगा।

राज्य सरकार का बजट दिशाहीन और जनता को दिग्भ्रमित करने वाला है: राजीव पामदत्त

रामगढ़। राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में युवा, महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था जैसे अहम मुद्दों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। उक्त बातें झारखंड सरकार द्वारा 3 मार्च को पेश बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने कही । उन्होंने कहा की यह बजट न तो राज्य के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को संवारने वाला है, न ही महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित करने की दिशा में कोई ठोस कदम उठाता है। कहा की हमारे युवा सरकारी और निजी नौकरियों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन बजट में उनके लिए कुछ भी नहीं है। स्थानीय नीति , नियोजन नीति और विस्थापन नीति को स्पष्ट नही किया गया । महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान नहीं है । अपराध बढ़ रह है , लेकिन सरकार केवल योजनाओं की घोषणा कर अपनी ढुलमुल नीति को दिखा रही है।

परीक्षा देने जा रहे छात्र को तेजगति ट्रैक्टर ने कुचला, एक की मौत दूसरा गंभीर

नवनी मेल संवाददाता

बरकट्ठा। बरकट्ठा -गैड़ा मार्ग के बीच स्थित ढोढ़िया (पंदना मोड़) के पास हाई स्पीड से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक सवार परीक्षा देने जा रहे छात्र को कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई।वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सैकड़ो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। शव की पहचान रोहित कुमार 18 वर्ष पिता अर्जुन महतो ग्राम सिमरिया, चुगलामो के रूप में की गई। वहीं नीतीश कुमार 18 वर्ष पिता मंटू महतो ग्राम बनपुरा, चुगलामों निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों चचेरे भाई थे। लोगों के मुताबिक दोनों परीक्षार्थी प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय गैड़ा के छात्र थे। दोनों अपने बाइक से +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा परीक्षा में शामिल होने जा रहे थे। इसी बीच बालू खाली कर हाई स्पीड में लौट रही ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे रोहित की मौत तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। तत्पश्चात पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक का शव जब्त की और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुटे थे। जबकि घायल नीतीश को पुलिस ओर स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। वही घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य कुमकुम देवी पहुंचकर मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया । जिसके बाद उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी छात्र को वाहन नहीं देकर अभिभावक खुद पहुचाएं। घटना सोमवार की सुबह करीब 9 बजे की है।

आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम, बालू गाड़ी बंद की मांग पर अड़े (1)

जिप सदस्य कुमकुम ने परिजनों को बंधाया ढाढस (2)

स्थानीय लोग बालू वाहन पर रोक लगाने और मुआवजा की मांग पर अड़े

घटना के बाद परिजन समेत आक्रोशित लोगों ने बालू वाहन बंद करने तथा मुआवजा की मांग पर अड़े रहे।मौके पर डीएसपी अजीत कुमार विमल, जिप सदस्य कुमकुम देवी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया जा रहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि नाबालिक बच्चे ट्रैक्टर में बालू लेकर सड़क पर दौड़ते हैं जिसके कारण आए दिन हादसा होती रहती है। समाचार लिखे जाने तक जाम लगी थी।

बरकंनगांगों एवं बराकर घाट से निकलती है सैकड़ों बालु ट्रैक्टर

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रतिदिन बरकंनगांगों एवं बराकर घाट से सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर और टीपर गाड़ी से अवैध बालू की तस्करी धड़ल्ले से बेरोकटोक किया जा रहा है। बालू लदी गाडियां प्रतिदिन बरकट्ठा व गोरहर थाना क्षेत्र से होकर गुजरती है। जिसे पुलिस प्रशासन अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित रही है। जिसमें सबसे सुरक्षित जोन गोरहर थाना क्षेत्र के बंडासिंघा मोड़ इचाक-खैरा मार्ग होकर सभी गाडियां हजारीबाग और इचाक की ओर जाती है।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार के बजट को बताया दिशाहीन, जनता के साथ छलावा

सरकार ने युवा, महिलाओं और सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों की अनदेखी की : प्रदीप प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को पूरी तरह विफल और दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य की जनता को भ्रमित करने और खोखले वादों से गुमराह करने वाला है। विधायक ने कहा की यह बजट पूरी तरह से जमीनी सच्चाई से कटा हुआ है। इसमें ना तो राज्य के युवाओं के लिए कोई ठोस योजना है, ना महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर ध्यान दिया गया है और ना ही राज्य की कानून-व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस नीति बनाई गई है। सरकार केवल आंकड़ों की बाजीगरी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

युवाओं के लिए रोजगार के अवसर नहीं

विधायक ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने बेरोजगारी दूर करने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई। राज्य के हजारों शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन सरकार के बजट में उनके लिए कोई ठोस योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की रोजगार सृजन योजनाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और धरातल पर कुछ भी लागू नहीं किया जा रहा है। सरकार बार-बार नई योजनाओं की घोषणा करती है, लेकिन रोजगार सृजन के मामले में इसकी मंशा साफ नहीं दिखती। आज हजारों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन सरकारी नौकरियों के दरवाजे उनके लिए बंद हैं। निजी क्षेत्रों में भी सरकार की उदासीनता के कारण निवेश नहीं हो रहा, जिससे बेरोजगारी की समस्या और गहराती जा रही है। विधायक ने कहा कि राज्य में महिला सुरक्षा की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार का इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के नाम पर केवल योजनाओं की घोषणाएं की जाती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका कोई असर नहीं दिखता। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार को ठोस नीति बनानी चाहिए थी, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। महिलाओं को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिस प्रकार की योजनाओं की जरूरत है, वह इस बजट में नहीं दिखती।

जनता को फिर से पहनाई गई टोपी

विधायक ने कहा कि सरकार ने इस बजट में सिर्फ घोषणाओं और दावों की झड़ी लगाई है, लेकिन हकीकत में जनता के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। पिछले वर्षों में भी सरकार ने कई लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा की थी, लेकिन उन योजनाओं का लाभ किसी को नहीं मिला। अब फिर से नए वादों के साथ जनता को गुमराह किया जा रहा है। यह बजट सिर्फ दिखावे और प्रचार के लिए बनाया गया है, जो जनता के हितों को पूरी तरह नजरअंदाज करता है। भाजपा इस जनविरोधी बजट का पुरजोर विरोध करेगी और सरकार की नाकामियों को जनता के सामने लाएगी।

दिसोम बहा मिलन समारोह में शिक्षा मंत्री को किया गया आमंत्रित

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के लाल मैदान खैरियो में दिसोम बहा मिलन समारोह का आयोजन 30 मार्च को किया जाएगा। मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्यों ने शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध सूर्यकुंड धाम परिसर में अनुसूचित जनजाति के लिए छात्रावास तथा आवासीय विद्यालय निर्माण ग्राम बाजूकोला में पॉलिटेक्निक कॉलेज और गोरहर पंचायत के करण्डो में मिडिल स्कूल निर्माण की मांग को लेकर शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान अध्यक्ष रामजी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू, महेंद्र मुर्मू, प्रदीप कोल समेत आदिवासी समाज के आदि लोग मौजूद थे।

विभिन्न कार्यक्रम को लेकर सीएचसी बरकट्ठा में समीक्षात्मक बैठक व प्रशिक्षण संपन्न

बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में सोमवार को नियमित टीकाकरण, खसरा उन्मूलन, संस्थागत प्रसव,टीवी उन्मूलन कार्यक्रम,राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित समीक्षात्मक बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस निमित जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉक्टर कपिल मुनी प्रसाद ,रीजनल कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ नंद जी दुबे,विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ दीपक कुमार द्वारा प्रशिक्षण एवं समीक्षा की गई ।

विश्वविद्यालय, रामगढ़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़

.सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय रांची द्वारा 3 मार्च को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रामगढ़ जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। कार्यक्रम में 70 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। डॉ रश्मी उप कुलपति राधा गोविन्द

विश्वविद्यालय, रामगढ़ ने स्वागत संबोधन किया। श्री गौरव सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को श दिलीप महली एलडीएम रामगढ़, ने झारखंड सरकार द्वारा उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में, आवेदन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया। भूषण कुमार, बीईसी, एमएमएलकेयूवीबी, रामगढ़ ने अपना विशेष मंतव्य उद्यमियों के समक्ष रखा। रवि साहू रामगढ़ के सफल उद्यमी ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री गौरव सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण एवं पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तार से बताया तथा उनके प्रश्नों का उचित जवाब दिया।

रामगढ़ नगर भवन में सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से लगा दिव्यांगों के लिए विशेष कैंप

210 दिव्यांगों व बुजुर्गों का दस्तावेज के साथ हुआ पंजीकरण और परीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के प्रयास से भारत सरकार की एपिड योजना के तहत एलिम्को द्वारा सोमवार को रामगढ़ टाउन हॉल सभागार में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण सह परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हजारीबाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 210 दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों का अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने दिव्यांगता का परीक्षण किया और सभी का पंजीकरण कर आवश्यक

सहायक यंत्र/ उपकरण के लिए सूची तैयार की गई तथा उनसे जरूरत के दस्तावेज यथा आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड/ऑनलाइन कार्ड, राशन कार्ड/ आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति और एक फोटो जमा कराया गया। इस शिविर की विधिवत शुरूआत पूर्व निर्धारित समय के मुताबिक सुबह 10:00 बजे से हुई जो संध्या 5:00 बजे तक निर्बाध रूप से चला। शिविर में सुबह से ही दिव्यांगों का भीड़ उमड़ने लगा जो लगातार जारी रहा। उनका पहले पंजीकरण किया गया जिसके बाद चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत उन्हें विदा किया गया । उक्त शिविर का हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो, रामगढ़ सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद , समाजसेवी विजय मेवाड़, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। इस दौरान मंच संचालन रामगढ़ जिले के सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल और धन्यवाद ज्ञापन अनमोल सिंह ने किया। खुद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल कैंप के दौरान दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए उनके संवाद करते दिखे। दिव्यांगजनों के पंजीकरण से लेकर उनके परीक्षण तक की व्यवस्था की जानकारी ली जिसके बाद दस्तावेज के अभाव में यहां पहुंचे कई दिव्यांगों का उन्होंने एलिम्को के चिकित्सकों और कर्मियों से यह कहकर पंजीकरण कराया कि जिनका दस्तावेज फि लहाल उपलब्ध नहीं हैं उनका भी बाद में उपलब्ध करा दिया जाएगा तब तक उनका पंजीकरण कराकर जरूर रखें।

अबुआ सरकार का अबुआ बजट

अबुआ सरकार का बबुआ बजट, ठगा महसूस कर रहें हैं बेरोजगार युवा : रंजन चौधरी

हजारीबाग। झारखंड के हेमंत सरकार के लगातार दूसरे कार्यकाल के पहले बजट से झारखंडवासियों को काफी आशाएं थी, लेकिन सोमवार को झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा में झारखंड सरकार के साल 2025-26 के लिए जब बजट पेश किया तो झारखंडियों को खुद पर ठगा महसूस होने लगा। झारखंड के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की यह अबुआ सरकार का बबुआ बजट है, जो दिशाहीन एवं आधारहीन है । जिसमें सिर्फ. और सिर्फ. जुमलेबाजी करके झारखंडियों को ठगा गया है। रंजन चौधरी ने बताया की चुनाव के पूर्व झारखंड की गठबंधन की सरकार ने जो वादे राज्य के बेरोजगार युवाओं से किए थे, उस दिशा में पहल नहीं करके युवाओं को ठगा गया है। 10 लाख बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने का इनका वादा अब वादा ही रह जाएगा ऐसा इस बजट से प्रतीत हो रहा है। महिला, किसानो, युवा और निम्न वर्ग से लेकर मध्यम वर्ग और उच्च किसी को भी इस बजट से राहत मिलता प्रतीत नहीं हो रहा है। रंजन चौधरी ने बताया की झारखंड में गठबंधन की हेमंत सरकार की अपने पहले कार्यकाल में घोषणाओं पर अमल नहीं करके राज्य वासियों को ठगने के बाद दोबारा मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में तो आई , लेकिन दूसरे कार्यकाल के अपने पहले बजट में भी झारखंड वासियों को निराश करके अपने मंसूबे को जता दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट से सबसे अधिक ठगा हुआ झारखंड के बेरोजगार युवा महसूस कर रहें हैं ।

घोर निराशाजनक बजट, चुनावी वादे पर नहीं किया कोई अमल: मनीष जायसवाल

हजारीबाग। सोमवार को झारखंड सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 का एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपए का बजट हुआ पेश। बजट झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पेश किया। इस बजट को घोर निराशाजनक बजट बताते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, कि यह बजट अबुआ सरकार का राग अलापने वाली गठबंधन सरकार का झारखंड कि जनता को बबुआ बनाने वाला बजट है। इस बजट से झारखंडियों का कोई भला नहीं होना वाला है। उन्होंने कहा कि गठबंधन की हेमंत सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सरकार में आई थी। उससे झारखंड की जनता में इस बजट को लेकर एक आस जगी थी और लोगों को उम्मीद था, कि बजट में चुनावी घोषणा पर सरकार अमल करेगी लेकिन इस बजट में बेरोजगार युवाओं के सपने को चकनाचूर कर दिया। इस सरकार ने 10 लाख युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था। मईया सम्मान की बात कहकर सरकार ने जो बजट का प्रावधान इस योजना के लिए किया है ,उसमें राज्य की आधी महिलाओं को भी यह लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे ही विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन की राशि ढाई हजार करने की बात कहकर उनका भी बजट में कोई बढ़ाने का प्रावधान न करके उन्हें भी छला गया है। इस बजट से ना तो झारखंड का कोई हित होगा और ना ही झारखंडियों का ही कोई भला होगा। यह पुरी तरह दिशाहीन और झारखंड के हर वर्ग को ठगने वाला बजट है ।

झारखंड सरकार ने संतुलित बजट पेश किया : सीटू

हजारीबाग। सी पी आई एम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने झारखंड सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 1, 45, 400 करोड़ रूपया का बजट पेश किया है, जो बीते वर्ष से 22000 करोड़ रूपया अधिक का बजट है। इस बजट से झारखंड का जीडीपी लगभग 8% बढ़ने५ की उम्मीद है। इसमें सबसे बड़ी बात है की मंईया सम्मान योजना के लिए 13, 363 करोड़ रूपया प्रावधान किया गया है। वही सामाजिक क्षेत्र के विकास के लिए 62, 844 करोड़ रूपया दिया गया है। किसानों को यंत्र खरीदने के लिए 144 करोड़ रूपया और संपूर्ण ग्रामीण विकास के लिए 9841 करोड़ रूपया का प्रावधान किया गया है। सबसे बड़ी बात है इस बजट में 7 नए मेडिकल कॉलेज, तीन नए विश्वविद्यालय और पांच बिजनेस स्कूल, पांच नए लॉ कॉलेज, छः नये इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने का भी प्रावधान किया गया है। प्राथमिक शिक्षा पर 15, 198 करोड़, माध्यमिक शिक्षा पर 35 लाख 30, 000 करोड़, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर 2409 करोड़ रूपया खर्च करने का प्रावधान किया गया है। जिससे शिक्षा के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

झारखंड के विकास को नई गति देने वाला बजट : निसार खान

हजारीबाग । जिला कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने 2025-26 वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए वित्तीय अबुआ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कि यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक का है । इसी से यह सिद्ध होता है कि वर्तमान सरकार झारखंड में जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए कितनी प्रतिबद्ध है । इस बजट में झारखंड की बेटियों, झारखंड के किसानो, झारखंड के उद्यमी, झारखंड के युवा विद्यार्थियों सभी का ध्यान रखा गया है और सभी को केंद्र में रखकर सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट तैयार किया गया है । यह बजट झारखंड को विकास की नई गति देने वाला बजट हैं । उन्होंने बजट के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के प्रति आभार व्यक्त किया ।

अबूआ राज्य का उन्नतिशील बजट : अमित साहू

रामगढ़। फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने 3 मार्च को झारखंड सरकार द्वारा पेश आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास, समावेशिता और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा की इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, बुनियादी ढांचे और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो राज्य एवं राज्यवासियों के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करने के साथ ही विकास को नई रफ्तार भी प्रदान करेगा। सरकार की यह दूरदर्शी नीति आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगी। यह बजट हर वर्ग के विकास का संकल्प और प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का सशक्त माध्यम भी है। विकसित झारखंड की हमारी परिकल्पना को पूरा करने की दिशा में यह विकासोन्मुखी बजट अहम भूमिका अदा करेगा।

पंचायती राज विभाग से संचालित योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, दिए कई निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने पंचायती राज विभाग के साथ बैठक करते हुए संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान पंचायत अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की जानकारी ली। टाईट एंड अनटाइड मद में ग्राम सभा के माध्यम से व पंचायती समिति द्वारा लिए गए योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जिस प्रखंड व पंचायत द्वारा टाइड एवं अनटाइड मद में राशि की खर्च नहीं किया गया। वैसे पंचायतों में ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन कर धरातल पर क्रियान्वयन करते हुए राशि की खर्च सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा समीक्षा के दौरान जिला परिषद अंतर्गत बने कोलेबिरा और बांसजोर प्रखंड में नव निर्मित बस स्टैंड को जल्द संचालित करने का निर्देश दिया है। बेस्ट स्टैंड में बने दुकानों को आवंटन करने हेतु पत्राचार करने का निर्देश दिया। साथ ही बानो प्रखंड में नए बस स्टैंड का प्रस्ताव विभाग को भेजी गई है जिसका विभाग से फ़्लॉप करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जिला परिषद अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं का निमार्ण कार्य को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा दिए जा रहे पेंशन योजना का लाभ यथा मंईयां सम्मान योजना, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, एड्स पीड़ित, स्वामी विवेकानंद पेंशन व अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी पेंशन योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मंईयां सम्मान योजना सहित वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व अन्य पेंशन धारियों का यथाशीघ्र भौतिक सत्यापन का कार्य पूरा कराएं। इस दौरान सर्वप्रथम सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। जिसमें कई आयोग्य लाभुक जिनकी आयु 50 वर्ष से अधिक थी, तथा वैसे लाभ जिनका नाम राशन कार्ड में दर्ज नहीं है, उन्हें हटाने का कार्य किया गया है।

उपायुक्त ने भौतिक सत्यापन कार्यों की समीक्षा कि इस दौरान पाया गया कि कई प्रखंडों से लाभुकों का भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित नहीं किया गया है। जिसके आलोक में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को यथाशीघ्र भौतिक सत्यापन कराने हेतु निर्देश देने की बात कहीं। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी उपस्थित थे।

जेएसएलपीएस के कार्यों की समीक्षा कर डीसी ने दिए कई निर्देश

सभी प्रखंड के वन धन विकास केंद्र को अविलंब प्रारम्भ करें : डीसी

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जेएसएलपीएस कार्यालय अंतर्गत संचालित कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में प्रोजेक्टर के माध्यम से जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित सभी प्रकार के कार्यक्रमों की विस्तृत विवरणी जेएसएलपीएस के द्वारा प्रस्तुत की गई।वित्तीय समावेशन के तहत चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि की समीक्षा की गई। लंबित चक्रीय निधि को जल्द से जल्द विमुक्त करने हेतु निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ हीं उन्होंने ने सामाजिक गतिशीलता और संस्था निर्माण, नए समूह का गठन, उन्हें चक्रीय निधि उपलब्ध कराने निर्देश दिया। सामाजिक विकास के अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर में दर्ज केस की संख्या, पीड़िता को अन्य आजीविका से जोड़ने के लिये दिया गया समर्थन आदि विषयों पर विस्तृत समीक्षा की। किसी भी दर्ज केस का पत्राचार निकटवर्ती थाना में आवश्यक रूप से करने का निर्देश दिया गया। कृषि आजीविका की समीक्षा करते हुए उन्होंने ने निर्देश दिए कि वन धन विकास केंद्र को आवश्यक रूप से संचालित करने के लिये संबंधित विभाग से फॉलो अप करें। यदि उक्त संस्था के लिये भवन की आवश्यकता हो तो पत्र के माध्यम से सूचित करें। सभी प्रखंड के वन धन विकास केंद्र को अविलंब प्रारम्भ करने के लिये करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त दीन दयाल उपध्याय कौशल योजना हेतु ड्राइव मोड में संचालन कर शेष बचे लक्ष्य की पूर्ति हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही कृषि एवं गैर कृषि जैसे कार्यक्रम पर आधारित सर्वे इत्यादि पर गहन समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही उपायुक्त के द्वारा यह भी निर्देश दिया गया की 15 दिनों के अंदर सभी विभिन्न बिंदुओं पर दिए गए निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए एवं प्रतिदिन कार्यों का फॉलोअप करते हुए मूल्यांकन किया जाए।बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, डीपीएम जेएसएलपीएस, सभी जिला प्रबंधक सहित सभी प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित हुए।

जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

सिमडेगा। आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में पथ निर्माण कराने, रोजगार दिलाने, राशन वितरण हेतु डीलरशिप दिलाने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों की समस्या, हॉकी स्टिक भी बांटे

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम के समीप स्थित हॉकी कार्यालय में रह रहे प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों का दर्द सुनने कार्यालय पहुंचे। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों ने बताया के उन्हें किसी प्रकार की कोई सुविधा नहीं दी गई है। हॉकी सिमडेगा द्वारा रहने के लिये कार्यालय में व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। लेकिन वे अपने खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करते हैं। यहां तक की हॉकी स्टिक वगैरह भी खुद से खरीदना पड़ता है। परिसर में पानी की गंभीर समस्या है। पानी नहीं रहने के कारण अमला क्वार्टर स्थित कुएं से पानी का उपयोग करते हैं। प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने बताया कि पूर्व में उन लोगों के रहने के लिए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के अंदर बने भवन में व्यवस्था दी गई थी। लेकिन यहां एक सरकारी स्कूल को शिफ्ट करते हुए हमें वहां से हटाया गया। वहां से हटाए गए वर्षों गुजर गए लेकिन उनके लिए अब तक रहने की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। मौके पर विधायक ने पानी की गंभीर समस्या देखते हुए दूरभाष के माध्यम से विभाग के अधिकारियों से बात की। साथ ही एक सप्ताह के अंदर बोरिंग करने का निर्देश देते हुए पेयजल की समस्या को दूर करने का सख्त निर्देश दिया। मौके पर विधायक ने प्रशिक्षु हॉकी खिलाड़ियों के बीच हॉकी स्टिक का वितरण किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। साथ ही कड़ी मेहनत जारी रखते हुए अपनी खेल प्रतिभा को निखारने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल के हर खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दिया जा रहा है। आप सभी खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने के लिए कई अवसर मिलेंगे। आप खेल प्रतिभा को निखारने में मेहनत करने से न भागें। खेल के साथ साथ पढ़ाई पर भी फ़ोकस करें। विधायक ने चयन ट्रायल में शामिल महिला हॉकी खिलड़ियों से भी मुलाकात कर उन्हें खेल के कई जरूरी टिप्स भी दिए।

- **पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए एक सप्ताह के अंदर बोरिंग कराने का विभाग को दिया निर्देश**

अंखड हरि कीर्तन महोत्सव कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

बानो। बानो में शिव मंदिर स्थापना दिवस सह तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन महोत्सव का आयोजन के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी।कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर बिरसा चौक बानो-लचरागढ़ मुख्य मार्ग होते हुए जलाशय पहुंची।कलश यात्रा में 1001 महिलाओं ने भाग लिया।कलश यात्रा जलाशय पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भरा गया। इसके बाद विभिन्न मार्ग होते हुए कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची।जहां कलश की स्थापना किया गया।सोमवार को अधिवास व नामकरण के साथ अंखड हरि कीर्तध सह श्री भागवत यज्ञ आरंभ किया जायेगा।मंगलवार को पुर्णाहुति व नगर भ्रमण भंडारा कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा।

झारखंड को विकसित राज्य बनाने में सार्थक सिद्ध होगा यह बजट : सुदीप गुड़िया

नवीन मेल संवाददाता

बानो/सिमडेगा। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने बजट पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड का यह अबुआ बजट झारखंड के विकास को नई दिशा प्रदान करेगा।राज्य की हेमंत सरकार ने 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का ऐतिहासिक बजट पेश किया, जो पिछले वित्तीय वर्ष से 13% अधिक है।यह बजट झारखंड की शिक्षा, स्वास्थ्य,कृषि,अधोसंरचना और सामाजिक कल्याण को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं,किसानों और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।संतुलित,समावेशी और विकासोन्मुखी बजट झारखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की ओर एक बड़ा कदम है।झारखंड अबुआ बजट पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा कि राज्य का यह ऐतिहासिक बजट है।यह झारखंड के युवाओं को आत्मनिर्भरता,किसानों को अधिक आय,नारी शक्ति को सम्मान व स्वाभिमान तथा विशेष रूप से मध्यम एवं निम्न आय वर्ग को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने वाला बजट है।बजट किसानों और मध्यमवर्गीय लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 2025-26 का अबुआ बजट पेश किया,जिसमें हर वर्ग के लिए कई अहम घोषणाएं की गई।बजट को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए तोरपा विधायक ने कहा कि यह बजट आम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया।

न्यूज बॉक्स

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न,15 को मनाई जायेगी होली का पर्व

ठेठईटांगर। प्रखंड मुख्यालय के थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाने को लेकर बैठक की गई।बैठक में उपस्थितिक सिमडेगा इंस्पेक्टर भिखारी राम ने लोगों से आपसी सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाए।किसी दूसरे को मन के विरुद्ध रंग गुलाल ना लगाये जिससे शांति व्यवस्था भंग हो। उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया 13 मार्च को होलिका दहन एवं 15 को रंग उत्सव होली का पर्व मनाया जाएगा। उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने अवैध शराब पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने का सुझाव दिया एवं नाबालिकों खासकर युवा वर्ग को दो पहिया वाहन यातायात संबंधित पाबंदी पर नकेल कसने का सुझाव दिया. बैठक में अंचलाधिकारी कमलेश उरांव थाना प्रभारी मुरताज अंसारी इंस्पेक्टर जयकांत राय मुखिया संगीता मिंज एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

भंडारा के साथ अंखड हरी कीर्तन कार्यक्रम का समापन किया गया

कोलेबिरा। प्रखंड के रामजड़ी बस्ती में तीन दिवसीय अंखड हरि कीर्तन सह श्रीमद भागवत यग महोत्सव के अंतिम दिन नगर भ्रमण पूर्णाहुति व भंडारा के साथ अंखड हरी कीर्तन कार्यक्रम का समापन किया गया। अंखड हरि कीर्तन में रामजड़ी बस्ती, कल्हाटोली, बरसलोया, लचरागढ, के अलावा उडीसा कीर्तन मंडली ने भाग लिया।सोमवार को पुर्णाजुति व नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।पुरोहित की भुमिका मे प्रदीप पंडा,नकुल दास,मदन पंडा और अवधेश पाढ़ी शामिल है।यजमान की भूमिका में तीरथ सिंह,धर्मपत्नी यशोदा देवी, निभ रहे है।माला जापक के रूप मे मदन पंडा, नकुल दास, अवधेश पाडी शामिल रहे।अध्यक्ष शनिचर पाहन, उपाध्यक्ष इंद्रा देवी,सचिव श्यामू नायक,उप सचिव रामेश्वर सिंह,महासचिव केशवर सिंह,संरक्षक लालू सिंह,कोषाध्यक्ष तीरथ सिंह,जयमंगल सिंह,हुलेश्वर सिंह,राम-लखन सिंह,उदय सिंह,सदस्य रामधन सिंह,छत्रपाल सिंह,महेश्वर सिंह,कांदु सिंह,कस्टु सिंह,बिसंबर सिंह, कृष्णा सिंह, हुलेश्वर नायक, विनेशःनायक,रायलखन सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

घाटबाजार घाटी में ब्रेक फैल होने से बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, तीन महिला हुई घायल

बानो। रांची से मनोहरपुर आ रही श्री कृष्णा बस बेड़ाकेंदुदा घाटी (घाटबाजार) में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटना से बस में सवार 3 महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों में कुसुम कांता एक्का गोपीपुर, रंजना सुधा डोंगाकाटा, लक्ष्मी देवी बिरहुली शामिल हैं।कुसुम का दाहिना हाथ कट गया है, जबकि दो अन्य को सर और कंधे में चोट आई है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार बेड़ाकेंदुदा के डॉ जुनुल पूर्ति के क्लिनिक में कर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. इसके अलावा बस में सवार 3 व्यक्ति, बस कंडक्टर व खलासी को हल्की चोट आई है।बस चालक शेखर ने बताया कि बस घाटी की ढलान में था। इसी दौरान गाड़ी का ब्रेक पाइप फट गया।बस को ढलान में जाने से बचाने के क्रम में गाड़ी बीच सड़क पर पलट गई।घटना की सूचना पर आनंदपुर पुलिस दलबल घटनास्थल पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा।बस के खलासी ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में लगभग 35 यात्री सवार थे।

मनीसाय महाराजा की याद में गोर्रा गाड़ा में रजत जयंती जुबली समारोह का हुआ आयोजन

बानो। मनीसाय महाराजा की याद में गोर्रा गाड़ा में रजत जयंती जुबली समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य सह झामुमो संयोजक प्रमुख बिरजो कंडुलना वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो संयोजक मंडली सदस्य सुलेमान बारला उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्घाटन झंडोत्तोलन कर किया गया।आदिवासी सामाजिक परंपरा रिति रिवाज के तहत पाहन पूजारों ग्राम प्रधान के द्वारा पूजा पाठ किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत गोर्रा चौक से नाचते गाते सरना स्थल तक लाया गया। जहां विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आए लोगों के द्वारा नाच गान प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिरजो कंडुलना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको धर्म संस्कृति रिति रिवाजों और आदिवासी परंपरा को बचाए रखने के लिए सबों को आगे आने की आवश्यकता है।

केलुगा में शिव बजरंगबली मंदिर का तीन दिवसीय वर्षगांठ वार्षिक पूजन अनुष्ठान प्रारंभ

जलडेगा। सोमवार को प्रखण्ड के केलुगा में शिव, बजरंगबली मंदिर का तीन दिवसीय वर्षगांठ सह वार्षिक पूजन अनुष्ठान का प्रारम्भ कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर मंदिर समिति के तत्वाधान में ग्राम के सैकड़ों माताएँ एवं बहने पारम्परिक वेश में नदी से जल उठाकर, भगवान के जयकारे के साथ पंक्तिबद्ध होकर मंदिर प्रांगण ले जाया गया।पुरोहित अरुण मिश्रा एवं विवश कुमार के द्वारा कलश यात्रा पूजन संपन्न कराया गया। जिसमें जीतवाहन बिंझीया ने सपत्निक यजमान की भूमिका निभाई। मौक़े पर मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव ने कलश यात्रा में भाग लिए तत्पश्चात धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष ने सम्बोधित किया।उन्होंने भगवान भोलेनाथ, बजरंगबली से ग्राम के सुख समृद्धि की कामना के साथ सभी को मंदिर वार्षिकोत्सव की शुभकामनाएं दी।उन्होंने लोगों से सनातन धर्म को टूटने से बचाने के लिए किसी भी तरह की भावनाओं में ना बँटने और एक रहने, संगठित रहने की अपील की।

जमीन दलालों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के समक्ष आधिकारी और जमीन दलालों के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित की गई। जिले में धड़ल्ले से पहनाई जमीन एवं सीएनटी एक्ट की ज़मीन अवैध हस्तान्तरण पर रोक लगाने और आदिवासी मूलवासी रैयतों के ज़मीनों को गैर कानूनी तरीके से लीज एवं सादा पट्टा में अवैध खरीद बिक्री को रोकने के तथा परियोजना निदेशक आईटीडीए सिमडेगा में आदिवासी योजनाओं की लुट एवं विभाग को गैर जातियों का अड्डा बना दिया इसको लेकर आदिवासी - मूलवासी रैयत संघर्ष मोर्चा, आदिवासी आधिकार महापंचायत ,आदिवासी छात्र संघ झानद के द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से आधिकारी और दलालों को चेतावनी दी गई।कहा कि सिमडेगा जिला में सीएनटी एक्ट की ज़मीन का अवैध कागजात बना कर खरीद बिक्री एवं सादा पटा में गलत तरीके से हस्तान्तरण लगातार किया जा रहा है, यहाँ तक की पहनाई जमीन जो की खरीद बिक्री नहीं किया जा सकता है की ज़मीन का भी गलत तरीके से कब्ज़ा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है जिससे आदिवासी मूलवासी रैयतों की ज़मीन लूटी जा रही है। मौके पर मतियस कुल्लू , रोशन डुंगडुंग आदिवासी छात्र संघ, अमृत चिराग तिर्की, धनों कच्छप, धनेश्वर टोप्पो, फ्रांसिस मिंज,प्रवाल मिंज, सोहन बड़ाइक, मनमशीह सुरीन,ट्रॉफीमियस लुगुन, टेरेसा सोरेंग, जोसेफ मिंज, कोमल बड़ाइक, अनिल टोप्पो , सुमिता कुमारी, लावनी टेटे, सीमा डुंगडुंग,लोटेन लुगुन,नीतू लुगुन,जिसमानी लुगुन, जॉर्ज डुंगडुंग, तोफ़र बाड़ा, अनिमा उरांव, किशोर बिलुंग, मोरिस टेटे तथा काफी संख्या में रैयत उपस्थित हुए।

चैती दुर्गा पूजा क़ी तैयारी को लेकर वनदुर्गा पूजा समिति क़ी हुई बैठक

बोलबा। बोलबा प्रखंड के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल वनदुर्गा मन्दिर में चैती दुर्गा पूजा क़ी तैयारी क़ी बैठक लेकर हुई।इस मौक़े पर गत बैठक क़ी सम्पूष्टी, आय व्यय लेखा जोखा, होली त्यौहार पर हर वर्ष क़ी भांति आयोजित होली खेलने के सम्बन्ध में बात विचार किया गया।इस मौक़े पर आगामी 2 अप्रैल 4 अप्रैल तक चैती दुर्गा पूजा सह नवरात्र महोत्सव आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस मौक़े पर रंगारंग ठेठ नागपुरी कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया।नागपुरी कार्यक्रम का संयोजक के रूप में जगरनाथ सिंह को चुना गया। इसके साथ कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर बात चीत किया गया।इस मौक़े पर केशरी सिंह, जहरन सिंह, प्रणव कुमार, कालो खलखो, चन्द्रदेव सिंह, कालिंद्र सिंह, नितेश कुमार एवं अन्य लोग मौजूद थे।

जंगलों में आग नहीं लगाने के लिए प्रखंड प्रमुख विपिन ने लोगों को किया आग्रह

ठेठईटांगर। गर्मी के दिन आते हैं ग्रामीण जंगलों से महुआ चुनने के लिए आसपास जमा हुए पत्ते को जलाते हैं इसी क्रम में जंगलों में आग लग जाती है।ठेठईटाँगर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज प्रखंड वासियों से अपील की है कि वसंत ऋतु समाप्ति के बाद महुआ चुनने के लिए ग्रामीण जंगलों में सूखी पत्तियां को आग ना जलाएं क्योंकि इसके जलने से जीवित पेड़ पौधे सहित पेड़ पौधे से गिरने वाले बीज बिहन आदि भी आग में जलकर नष्ट हो जाते हैं और साथ ही साथ आंख से बहुत सारे जीव जंतु प्राकृतिक जड़ी बूटियां भी जलकर नष्ट हो जाती है।

अबुआ सरकार ने हर वर्ग को बजट में दिया है तोहफा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। विधायक भूषण बाड़ा ने अबुआ सरकार के बजट की प्रशंसा की है। विधायक ने कहा सरकार के बजट को राज्ये के सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त करते हुए सम्मान दिया गया है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार ने कई अहम योजनाएं लाई है। राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना, राज्ये में छह स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना का प्रस्ताव सराहनीय है। अबुआ सरकार ने इस बजट में किसान एवं शिक्षा पर विशेष फोकस किया है। सरकार ले किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 140 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए 255 करोड़ रुपये, फसल बीमा के लिए 350 करोड़ रुपये, कृषि उपज भंडारण के लिए 259 करोड़ रुपये, कृषि क्षेत्र का कुल बजट 4 हजार 587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपये का प्रावधान लाया है। जबकि ग्रामीण विकास का कुल बजट 9841 करोड़ रुपये पेश किया है। यह गांव के विकास में महत्वर्पूण होगा।

आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के लिए कृत संकल्पित है महागठबंधन सरकार, लाभ लें लोग: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। पालकोट प्रखंड के सुंदरपुर पल्ली में करौन्दाबेड़ा भिखारिएट में महिला संघ का वार्षिक रैली का आयोजन किया गया। मौके पर विकर जेनरल फादर जेफरीनुस तिर्की,फादर सुप्रियन कुल्लू,फादर बरनाबास केरकेट्टा,फादर जीतन कुजूर,फादर सुशील मिंज,फादर जॉन केरकेट्टा,फादर सिरिल केरकेट्टा,फादर दीपक एक्का की उपस्थिति में बिशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा भी अपनी धर्मपत्नी सह पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थी। विधायक के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में कथलिका सभा की अहम भूमिका रही है। आगे भी कथलिका सभा के सहयोग से ही समाज मे खुशहाली और तरक्की आएगी। मौके पर विकर जेनरल फादर जेफरीनुस तिर्की ने ईश्वर से मानव जाति के उत्थान और कल्याण के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि परम पिता परमेश्वर हमारे पापों को क्षमा कर हमें अनन्त जीवन प्रदान करें। उन्होंने सभी लोगों को ईश्वर के वचनों को अपने जीवन मे अमल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम ईश्वर की योजना महान है। कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि समाज के लोगों को राजनीतिक रूप से भी मजबूत रहने की जरूरत है। इसके लिए सभी एकजुट रहें। राजनीतिक के क्षेत्र में आगे बढ़ें और आदिवासी समाज के विकास और उतथान के लिए आवाज बुलंद करें।मौके पर सिस्टर सबिता,सिस्टर प्रफ्फुलित, सिमडेगा 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार ,विधायक प्रतिनिधि प्रदीप सोरेंग,पालकोट प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रोहित एक्का,संजय तिर्की,पंचायत अध्यक्ष जॉन डुंगडुंग,महिला सभा नेत्री मंगदली एक्का,महिला भिखारिएट सभा नेत्री मंजुला मिंज सहित भारी संख्या में महिलाएं संघ के माताएं शामिल थी।

शिक्षित और जागरूक बनें महिलाएं : सुप्रियन कुल्लू

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित फा सुप्रियन कुल्लू ने कहा कि महिलाएं एकजुट रहें। अपने बच्चों को बेहतर परवरिश करें। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षित और जगरूक बनें। अपने बच्चों को भी बेहतर और उच्च शिक्षा दें। बाइबल के वचनों को पढ़ें और उसे अपने बच्चों के बीच साझा करें। बच्चों को बुरी आदतों से दूर रखें। ईश्वर के वचन को सुने और उसे अपने जीवन में आत्मसात करें।

महिलाओ का एकजुट होना आने वाले दिनों के लिए शुभ संकेत: डीन फा विलियम मिंज

डीन फा विलियम मिंज ने कहा कि आज हमारे समाज की महिलाएं एकजुट हो चुकी है। जो शुभ संकेत है। महिलाएं ऐसे ही जागरूक रहें। जागरूकता की कमी के कारण आज भी हमारे समाज की महिलाएं कई मामले में पिछड़ी हुई है। वहीं पल्ली पुरोहित फा सुशील मिंज ने भी रैली को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि रैली के आयोजन से महिलाएं एकजुट होकर समाज के उत्थान पर विचार विमर्श करती है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे लोगों को जागरूक करें : मरियम

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) द्वारा नियुक्त पारा लीगल वोलेंटियर की मासिक बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन प्राधिकार सभागार में किया गया। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए पीएलवी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में सचिव ने कहा कि आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे ग्रामीणों को जागरूक करते हुए संबंधित लोगों से मामलों का निष्पादन लोक अदालत में कराने के लिए जानकारी दें। बैठक में आठ मार्च को महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के हित में बनें कानून और सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे जागरूक करें। बैठक में कहा गया कि 90 दिवसीय आउटरीच जागरूकता

अभियान के तहत गांवों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित करने की बात कही गई। कहा गया कि कई ऐसे लोग जमानत होने के बावजूद जमानतदार नहीं होने के कारण जेल में बंद हैं। ऐसे लोगों की सूची पीएलवी को उपलब्ध कराते हुए उनके परिजनों का पता लगाते हुए इसके बारे उन्हें जानकारी देकर प्राधिकार भेजने की बात कही गई। सचिव ने कहा कि थाना और पंचायत सचिवालयों में आने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान पीएलवी करने की कोशिश करें। बैठक में असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल ने कहा कि ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए समय समय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन करें। मौके पर पारा लीगल वोलेंटियर ने अपनी समस्याओं को रखा।

बलीनो कार ने बाइक सवार दो पत्रकारो को मारी टक्कर

इलाज हेतु भेजा रिम्स

नवीन मेल संवाददाता

गांडेय, गिरिडीह। गिरिडीह -टुंडी मुख्य सड़क पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पंडरी के समीप सड़क दुघर्टना में गांडेय के दो पत्रकार जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर ताराटांड़ थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा जख्मी दोनों पत्रकार को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा। जहां से बेहतर इलाज के लिए एक को धनबाद रेफर कर दिया गया जबकि एक का सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार गांडेय के दो पत्रकार रफ्तार न्यूज के राजु मंडल एवं दैनिक जागरण के प्रमोद पंडित अपनी मोटरसाइकिल से पंडरी में हाथियों का झुंड आने की सूचना पर समाचार संकलन करने पंडरी जा रहा था।इसी क्रम में पंडरी पंचायत भवन के समीप पीछे से आ रही एक बेलेनो कार जे एच 21ल 3942ने मोटरसाइकिल में ठोकर मार दी जिससे मोटरसाइकिल में सवार दोनों पत्रकार सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट के खंभे से

टकराकर बुरी तरह जख़्मी हो गये। जख़्मी दोनों पत्रकार के साथ आगे पीछे अलग अलग मोटरसाइकिल में चल रहे पत्रकार भरत मंडल, जीतेंद्र सिंह ने तत्काल ताराटांड़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची ताराटांड़ थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी दोनों पत्रकार को ताराटांड़ थाने की पुलिस में अपने वाहन से सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचा दिया। सदर अस्पताल गिरिडीह में गंभीर रूप से जख्मी पत्रकार राजु मंडल को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया जबकि प्रमोद पंडित का इलाज सदर अस्पताल गिरिडीह में चल रहा है।

गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा मैं लूंगा : राधे श्याम गोस्वामी

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

गोमो के खरियो स्थित जगू मोड़ पर भारत सरकार द्वारा पंजीकृत गोस्वामी कल्याण फाउंडेशन भारत के बैनर तले गोस्वामी समाज का मिलन समारोह संपन्न हुआ। मिलन समारोह की शुरूआत देवी देवताओं की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई तथा उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।साथ ही उस व्यक्ति को भी सम्मानित किया गया,जिस व्यक्ति के नाम से जग्गू मोड़ जाना जाता है।मुख्य अतिथि धनबाद के अधिवक्ता राधे श्याम गोस्वामी द्वारा जग्गू गोस्वामी को अंग वस्त्र तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान राधे श्याम गोस्वामी ने कहा कि जब तक हम शिक्षित और संगठित नहीं रहेंगे। तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते है।उन्होंने कहा कि गोस्वामी समाज को अब तक जहां पहुंचनी थी। वहां तक हम लोग नहीं पहुंचे है,आगे बढ़ने के लिए हमारे समाज के लोगों को

कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गुरुकुल बनाने तथा गरीब बेटियों की विवाह में हम यथा संभव मदद करेंगे।इस दौरान उन्होंने गोस्वामी समाज को एक सूत्र में पिरोने पर जोर दिया।साथ ही उन्होंने कहा कि जो परिवार गरीब है और उनके बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते हैं,वैसे बच्चों के पढ़ाई का जिम्मा भी मैं लूंगा।

इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि झारखंड के 22 जिले में हमारी संस्था जुड़ी है।जिसमें हजारों हजार की संख्या में हमारे समाज के लोग जुड़े हुए हैं। हमारी संस्था द्वारा विद्यालय, वृद्धाश्रम, महिला शशक्तिकरण सहित कई कार्यों को किया जा सकता है। जबकि पूरे भारत वर्ष में विभिन्न विभिन्न 47 संगठन चलाए जा रहे हैं। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गोस्वामी समाज पूरे धरती का मालिक होता है।लेकिन जब तक हम अपनी कमजोरी को नहीं जानेंगे हम आगे नहीं बढ़ सकते है।जब सनातन पर खतरा मंडराया था। तब गोस्वामी समाज ही आगे आया था तथा सनातन को बचाने के लिए अपनी शहादत दी थी।

शॉर्ट सर्किट कराकर तीन घरों में चोरों ने किया हाथ साफ

नवीन मेल संवाददाता

तिसरी (गिरिडीह)। बिजली के तार में साड़ी का फंदा लगाकर पहले शॉर्ट सर्किट किया, फिर अंधेरा होने पर तीन अलग - अलग घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामला गिरिडीह जिले के तिसरी थाना इलाके का है। रविवार की रात चोरों ने बिजली के तार में फंदा लगाकर पहले अंधेरा किया फिर बरवाडीह और घंघरीकुरा के तीन अलग अलग घरों में बर्तन सहित लाखो रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने

कांग्रेस प्रसाद यादव,मनोहर यादव के घर में चोरों ने हाथ साफ किया। कांग्रेस प्रसाद यादव ने बताया कि हमलोग बारात गए हुए थे जब घर वापस आए तब पता चला कि घर में चोरी हो गई है। वही बरवाडीह के ही दूसरे घर के मालिक छोटू पंडित ने बताया कि लाइट कटा हुआ था,इसी बीच उनके यहां भी चोरी हुई है।

JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, RAMGARH
RAMGARH, PIN – 829122

E-Short Tender Notice

E-tenders are invited from reputed tenderers having good experience in following similar type of Civil works and having sound certified financial status.

Sl. No	NIT No.	Name of work	Estimated cost (In Rs.)	Earnest money to be deposited (In Rs.)	Cost of BOQ(GST18% Included) Non-refundable (In Rs.)	Time of Completion (In Day)
01	340/PR/JB VNL /2024-25	R&M of shed for transformer repairing works at T.R.W Ramgarh.	3,98,000.00/-	8000.00/-	886.00/-	90 days
02	341/PR/JB VNL /2024-25	R/M of roof with allied civil works at Electric Supply Sub Division, Ramgarh.	3,96,800.00/-	8000.00/-	886.00/-	90 days
03	342/PR/JB VNL /2024-25	R/M of DGM (Tech) chamber and roof of Electric Supply Circle, Ramgarh office building at Ramgarh.	2,04,900.00/-	4100.00/-	590.00/-	60 days
04	343/PR/JB VNL /2024-25	Renovation of boundary wall behind office of E.S.D Kujju at Ramgarh.	4,01,400.00/-	8100.00/-	886.00/-	90 days
05	344/PR/JB VNL /2024-25	R/M of front side boundary wall of Electric Supply Circle campus at Ramgarh.	3,99,300.00/-	8000.00/-	886.00/-	90 days

Availability of tender documents on website	03/03/2025 From 02.00 PM
Last date and time for uploading of e-Tender	17/03/2025 up to 03:00 PM
Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money	18/03/2025 up to 03:00 PM
Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial)	19/03/2025 At 02:00 PM
Date and time for opening of tender Part-II (Price Part)	To be communicated further
Tendering officer and address for communication	Dy. G.M (Tech.), Electric Supply Circle, Ramgarh

1. E-tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline No. **06034-222109**, for any clarification regarding NIT contact no. **065553-231987**
2. Demand Draft from any nationalized bank/Schedule bank in India towards cost of BOQ and Earnest Money will be prepared within the tender period in favour of **Accounts Officer, Electric Supply Circle, Ramgarh payable at Ramgarh.**
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉलफ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें

Sd/-
Dy.GM (Tech)
Electric Supply Circle, Ramgarh

PR 347685 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25).D

राजू बने हाड़ी समाज के प्रदेश महासचिव

धनबाद। हाड़ी जाति समाज सुधार समिति धनबाद जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष राजू प्रसाद हाड़ी को हाड़ी जाति विकास मंच झारखंड प्रदेश का महासचिव मनोनीत किया गया है। धनबाद जिला हाड़ी जाति विकास मंच के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी। राजू हाड़ी ने कहा कि समाज के लिए वे सदैव सक्रिय हैं और रहेंगे। जिस आशा और विश्वास से जिम्मेदारी मिली हैं,उसे पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

डीसी ने किया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थिति एचई स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केंद्र सौर ऊर्जा से संचालित है। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। साथ ही उनके साथ वातालार्प किया। उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है। उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के किचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह,निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित कुमार, सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

उपायुक्त ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को एच.ई. स्कूल में संचालित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग कक्षाओं का भ्रमण किया। परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड की जांच की। साथ ही सीसीटीवी कैमरे की भी जांच की। उपायुक्त ने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए लगातार निगरानी रखने व सतर्क रहने का निर्देश दिया।

रोजगार की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

बाघमारा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत न्यू मधुबन कोल वाशरी के मुख्यद्वार पर युवा कांग्रेस के प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष अजय महतो के नेतृत्व में सोमवार को स्थानीय ग्रामीणों के रोजगार को लेकर एकदिवसीय प्रदर्शन किया गया। अजय महतो ने बताया कि कंपनी के द्वारा स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही गई थी।पूर्व में कंपनी के साथ कांग्रेस पार्टी की वार्ता भी हुई थी।लेकिन,कंपनी के द्वारा पालन न करने पर विरोध जताया गया।आगे अजय महतो ने कहा कि अगर कंपनी अपनी मनमानी कर स्थानीय लोगों के साथ नाइंसाफी करेगी तथा उनके हक और अधिकार को छीनने का काम करेगी,तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। कंपनी के काम को पूरी तरह से बंद किया जाएगा। अजय महतो ने जोरदार आंदोलन की चेतावनी भी दी। वहीं रोजगार को लेकर कहा कि स्थानीय लोगों को किसी भी हाल में रोजगार दिलाने का काम युवा कांग्रेस करेगी। मौके पर युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशाल महतो,मीडिया प्रभारी विकास महतो, विकास भुईयां सहित अन्य मौजूद थे।

धनबाद में आवारा कुत्तों ने सात महीनों में 13 हजार से अधिक लोगों को बनाया शिकार

धनबाद । जिला में अगस्त 2024 से अब तक के डॉग बाइट के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। एसएनएमएमसी अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि पिछले सात माह में 13,528 लोग डॉग बाइट के शिकार हुए हैं।हर दिन औसतन सैकड़ों लोग आक्रमक कुत्तों का शिकार बनते हैं।सड़कों और गलियों में घूमने वाले आवारा कुत्ते ठंड के मौसम में काफी आक्रमक हो जाते हैं। आने-जाने वाले लोगों को देखकर कुत्ते झपट पड़ते हैं। एसएनएमएमसी अस्पताल से प्राप्त आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2024 के अगस्त महीने में 1308 लोगों को कुत्तों ने अपना शिकार बनाया।

जमशेदजी टाटा की 186वीं जयंती पर निकली जागरूकता रैली

धनबाद । सोमवार को जमशेदजी टाटा की 186वीं जयंती पर रतन टाटा की याद में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस परिवार धनबाद शाखा द्वारा इंश्योरेंस फॉर ऑल जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बैंक मोड़ स्थित श्रीराम प्लाजा से निकलकर पुराना बाजार, जोड़ा फाटक रोड, धनसार चौक होते हुए पुनः श्री राम प्लाजा आई । प्रवक्ता ने बताया गवर्नमेंट के अनुसार जो निर्देश आईआरडीआईए के द्वारा जारी किया गया है।उसका पालन करते हुए इंश्योरेंस सभी के लिए 2047 तक होना अनिवार्य है। इसी संदर्भ में यह जागरूकता रैली निकाली गई हैं। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने जनवरी-फरवरी मार्च 2025 तक डेढ़ लाख परिवार को सुरक्षित करने की मुहिम चलाई है। साथ ही साथ 2047 तक पूरे भारत देश में घर-घर इंश्योरेंस पहुंचने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर डीडीओए मुकेश कुमार, ब्रांच मैनेजर आनंद मोहन गुप्ता, लीडर्स में आकाश गुप्ता संजय झा,माथुर प्रसाद रवानी,लालजी शर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

धनबाद से दिल्ली के लिए दूसरी स्पेशल ट्रेन मिलने की जागी आस

धनबाद। धनबाद से सीआईसी सेक्शन के रास्ते दिल्ली की नई स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। धनबाद रेल मंडल ने पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के माध्यम से यह प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। सोमवार या मंगलवार को धनबाद डिविजन की इस मांग पर रेलवे बोर्ड की मुहर लगने की उम्मीद जताई जा रही है। यदि हरी झंडी मिलती है तो ट्रेन धनबाद से खुलकर बरकाकाना-चोपन-चुनार होते हुए धनबाद से दिल्ली जाएगी। धनबाद से जम्मूतवी के बीच फिलहाल गरीब रथ की बोगियों से स्पेशल ट्रेन चल रही है। यह ट्रेन भी वाया दिल्ली जम्मूतवी जाती है। अब धनबाद से दिल्ली के लिए दूसरी स्पेशल ट्रेन मिलने की आस जगी है। दरअसल धनबाद से नासिक रोड के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन को अपेक्षाकृत कम यात्री मिलने के कारण ट्रेन को अवधि विस्तार नहीं मिला।नासिक रोड की ट्रेन नहीं चलने से धनबाद डिवीजन के पास एक खाली रेक उपलब्ध है। इसी रेक से सीआईसी सेक्शन के स्टेशन होते हुए रेलवे दिल्ली की ट्रेन चलाने के प्रयास में है। पलामू सांसद बीडी राम ने भी धनबाद डिविजन से सीआईसी के रास्ते दिल्ली की ट्रेन की मांग की थी। उनकी मांग को आधार बना कर रेलवे ने बोर्ड को ठोस प्रस्ताव भेजा है। ट्रेन के चलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। इस रास्ते से दिल्ली तक ट्रेन चलाने की तैयारी धनबाद डिविजन ने दिल्ली स्पेशल का जो रूट तैयार किया है, उसके अनुसार ट्रेन धनबाद से खुलकर बरकाकाना, पतरातू, खलारी, टोरी, लातेहार, डाल्टेनगंज, गढ़वा रोड, गढ़वा, नगर उंटारी, रेणुकूट, चोपन, सोभद्र, चुनार, प्रयागराज, कानपुर होते हुए आनंद विहार जाएगी। धनबाद से नासिक रोड के बीच रेलवे दिसंबर महीने से स्पेशल ट्रेन चला रही थी।

आईआईटी आईएसएम में नए पाठ्यक्रम की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

धनबाद। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) धनबाद ने एक क्रांतिकारी नए पाठ्यक्रम की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस पहल को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रो. बिस्वजीत प्रधान की उपस्थिति से और भी विशेष बनाया गया है,जो इस कार्यक्रम में अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आएंगे। यह सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के संयोजन के लिए डिजाइन किया गया। पाठ्यक्रम जियोपेशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा एजेंसी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। वर्तमान में उद्योग इन उन्नत उपकरणों पर निर्णय लेने और समस्या समाधान के लिए तेजी से निर्भर हो रहे हैं। ऐसे में आईआईटी आईएसएम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और अकादमिक व औद्योगिक क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटना है। इस पाठ्यक्रम में थ्रीडी फ्लड मॉडलिंग डेम ब्रेक एनालिसिस सब्सिडेंस मैपिंग डिजास्टर प्रोन एरिया आइडेंटिफिकेशन टीरैन एनालिसिस और वाटरशेड

डेलीनीएशन जैसी व्यापक विषयवस्तु शामिल हैं। प्रो. एस.आर. समद्दर, एसोसिएट डीन और लोकल कोऑर्डिनेटर, ने निर्णय लेने की प्रक्रिया और आपदा शमन रणनीतियों में जियोलॉजिकल इंटेलिजेंस के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. प्रधान,जो जियो इन्फॉर्मेटिक्स और रिमोट सेंसिंग में अपने अग्रणी कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हैं,पाठ्यक्रम के निर्माण और छात्रों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके व्यापक शोध अनुभव और वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग से प्रतिभागियों को अत्याधुनिक प्रगति और औद्योगिक अनुप्रयोगों की एक अनूठी दृष्टि प्राप्त होगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, रामगढ़

-: अतिआवश्यक सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –26 / 2024–25 जिसकी PR 346607 Building(23-24).D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.347621 Building(24-25):D

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY CHOWK, RANCHI - 834 001, JHARKHAND.
PH: +91 651 2225878, E-MAIL: juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT NO: JUIDCO Ltd./Man-Power Agency/Hiring/664 (Part II)/2018-652 Date: 03-03-2025

Tender Notice

1	Name of the work	Tender notice to the empaneled agencies of JAP-IT, Ranchi for Supply of Manpower at JUIDCO LTD.
2	Scope of work	As mentioned in RFP
3	Availability of BID Documents	Online https://jharkhandtenders.gov.in/
4	Mode of submission of bid	Online https://jharkhandtenders.gov.in/
5	Estimated cost	Open Tender
6	Tender fee & EMD (INR)	RFP document fee- INR 1000/- (Non Refundable) online EMD- INR 10,000/- (Refundable)online
7	Date of start of submission of Bids	04.03.2025 at 10:00 AM
8	Date of Pre Bid Meeting	10.03.2025 at 03:30 PM
9	Last Date of Bid Submission	25.03.2025 at 04:00 PM
10	Date of BID opening	25.03.2025 at 04:30 PM
11	Bid Submission Address	Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd (JUIDCO Ltd.), JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001
12	Helpline	9204141413/ pda.akm.juidco@gmail.com

Sd/-
(Arvind Kumar Mishra)
Project Director (Administration)

PR 347682 Urban Development and Housing(24-25)#D

प्रपत्र–VII
गुमला समाहरणालय, गुमला
(भू- अर्जन शाखा)

समाहर्त्ता / अपर समाहर्त्ता –सह–समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1)के अधीन)
ज्ञापांक – भू0अ0 दिनांक –

चूँकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतित होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ परियोजना **पालकोट (NH 23) रोकेडेगा– बिलिंगबीरा– तमड़ा (SH-23) तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण योजना ग्राम– कोइनारटाड़ थाना–पालकोट थाना नं0– 26 अंचल –पालकोट जिला –गुमला कुल– 2.375 एकड़ यानि 0.9615 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन ने अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **2.375 एकड़ यानि 0.9615 हेक्टेयर** है और जो **ग्राम– कोइनारटाड़, थाना–पालकोट, थाना नं0– 26 अंचल –पालकोट, जिला –गुमला** में है जिसका विवरण क्र0 सं0– 01 से 24 तक निम्नलिखित है:–

क्र0 सं0	खाता संख्या	सर्वे भूखण्ड संख्या	स्वामित्व का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता	सीमा (भू–खण्ड सं0) उ0	द0	पू0	प0
1	1	256	रैयती	0.10	जीरात	255	259	271	246
2		272		0.07		273	260	271	522
3		562		0.25		522	563	522	522
4	9	539	रैतयी	0.055	रेखु सिंह वो नान्हु सिंह वल्द घुरन रौतिया वो सोमराज सिंह वल्द भोकरो सिंह वो दुबे सिंह वल्द लझु रौतिया वो सन्तु सिंह वल्द बान्दु रौतिया वो छटकु रौतिया वल्द खेदन रौतिया वो अमरीत कुमारी वल्द लोहेर रौतिया कौम रौतिया साकिन देह टोला।				
5		143		0.01		171	171	171	171
6		148		0.04		171	171	सिवाना	171
7		157		0.02		171	171	171	158
8		158		0.18		171	171	157	171
9		167		0.13		171	213	213	168
10		182		0.01		213	213	213	213
11		537		0.13		522	539	540	522
12		541		0.08		511	543	511	539
13		168		0.01		169	213	213	171
14		624		0.03					
15	5	270	रैयती	0.06	कजरू रौतिया वल्द बन्धु रौतिया कौम रौतिया साकिन देह।				
16	11	145	रैयती	0.07	दुना रौतिया वो टुटु रौतिया पेशरान	171	171	171	171
17		147		0.14	सुकरू रौतिया वा रेखु सिंह वो नान्हु	171	171	148	171
18		245		0.01	सिंह वल्द घुरन सिंह वो शिवनाथ रौतिया वल्द गन्दुर रौतिया वो लोहेर रौतिया वल्द शिवनाथ रौतिया वो अमरीत कुमारी वल्द लोहेर रौतिया कौम रौतिया साकिन देह टोला नाइटोला।	246	244	246	246
19	13	548	रैयती	0.07	शिवमंगल सिंह वल्द महाल सिंह वो बंधा सिंह वो भुवन सिंह वो अषाढ़ सिंह वल्द नेमनारायण सिंह वो कामदेव सिंह वो महिपाल सिंह वल्द नेमनारायण सिंह कौम रौतिया साकिन देह टोला नाईटोली।	522	549	522	552
20	15	516	रैयती	0.16	मंगलनाथ सिंह वो अघन सिंह वल्द घुरन सिंह वो अर्जुन सिंह वल्द मनिजर सिंह वो बाना सिंह वल्द निसपिटर सिंह वो राजेन्द्र सिंह वल्द दरोगा सिंह कौम रौतिया साकिन देह।	511	515	511	511
21	17	258	रैयती	0.01	बलभदर रौतिया वल्द दुलार रौतिया कौम रौतिया साकिन देह।	257	258	257	246
22		259		0.21		257	246	246	246
23	18	159	रैयती	0.11	खिरोघर सिंह वो संजय सिंह वल्द नन्दा सिंह वो मिलू सिंह वल्द छटन सिंह कौम रौतिया साकिन देह।	171	171	158	171
24	28	605	रैयती	0.42	सेमरा मुण्डा वल्द गोन्दरू मुण्डा वो एतवा मुण्डा वल्द सोमरा मुण्डा वो बिमल मुण्डा वल्द सोमरा मुण्डा कौम साकिन देह।	511	603	सिवाना	604
	कुल			2.375					

यदि अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या 30 / 2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:–शून्य

ग्राम– कोइनारटाड़ थाना–पालकोट थाना नं0– 26 अंचल –पालकोट जिला –गुमला कुल– 2.375 एकड़ यानि 0.9615 हेक्टेयर

उपर्युक्त भूमि या किसी उपर्युक्त भूमि के विशेषभाग में पड़े कोयला खदान, लौह–पत्थर, स्लेट या अन्य खनिज है, ऐसे भागो में पड़े खदान एवं खनिज जिसे उस प्रयोजन जिसके लिए भूमि अर्जित की गई है परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाया अथवा उपयोग किये जाने की अपेक्षा है को छोड़कर आवश्यक नहीं है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है:– शून्य है।

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी गुमला | अपर समाहर्त्ता गुमला | उपायुक्त गुमला

PR 347671 Land Reforms(24-25).D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

शिष्यों की एक मण्डली से: "तुम सबको आपस में उसी प्रकार प्रेम एवं एक-दूसरे की सेवा करनी चाहिए, जिस प्रकार तुमने मेरी सेवा की है। मैं सबका सेवक हूँ।" - **श्री श्री परमहंस योगानन्द**

संपादकीय

ट्रंप की साम्राज्यवादी सोच और मैक्सिको

डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया का कारोबारी भविष्य बदलने के लिए अमेरिकी बाजार में सामान बेचने पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने का फैसला तो बाद में किया, व्हाइट हाउस पहुंचने के बाद सबसे पहले उन्होंने 400 साल पुराना इतिहास बदलने का फरमान जारी किया। उन्होंने 16 लाख वर्ग किलोमीटर के मेक्सिको बेसिन यानी सेनो मेक्सिकाना यानी गल्फ ऑफ मेक्सिको का नाम बदलकर गल्फ ऑफ अमेरिका कर दिया। यह समुद्री क्षेत्र अमेरिका के पांच राज्यों, छह मेक्सिकन राज्यों और क्यूबा को जोड़ता है। नाम बदलने से इतिहास और अतीत बदलने की झक राजनेताओं को अनोखा ही जीव बनाती है। ट्रंप के चेहरे में लोगों को अचानक, 19वीं सदी के मध्य के राजनेता दिखने लगे, जो मैनिफेस्ट डेस्टिनी के नाम पर अमेरिका का राज्य विस्तार करना चाहते थे। ट्रंप भी ग्रीनलैंड और कनाडा को लेकर कुछ न कुछ कहते रहे हैं। मेक्सिको की खाड़ी का नाम बदलने के बाद मेक्सिको और अमेरिका का रक्तरंजित इतिहास फड़फड़ा उठा है, ट्रंप सिर्फ अमेरिका के पश्चिमी मुल्क का अतीत ही नहीं, बल्कि भविष्य भी बदलने (इंपोर्ट टैरिफ) को बख्तरबंद हैं, तो आइए टाइम मशीन भी तैयार है आपको ले जाने के लिए ऐसे युद्धोन्मादी दौर में, जहां अमेरिका के एक राष्ट्रपति ने देश के पश्चिम का नक्शा बदल दिया था। मेक्सिको को लेकर ट्रंप की चिढ़ की जड़ शायद वहीं मिल जाए। हम उड़ चले हैं 1846 की तरफ, जब भारत में सर जॉन कंपनी या ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ बगावत शुरू हो चुकी थी। हम मेक्सिको की खाड़ी को पार करते हुए वेराक्रूज के ऊपर से मेक्सिको सिटी की तरफ बढ़ रहे हैं। आपके नीचे जंग का मैदान है, जहां अमेरिका की फौज मेक्सिको सिटी पर लगभग कब्जा करने वाली है। वह आगे देख रहे हैं न एक पहाड़ी, उसका नाम है चापुलटपेक हिल। टाइम मशीन इस पहाड़ी से कुछ दूर जंगल में उतर रही है। यह सितंबर 1847 है, अमेरिका और मेक्सिको के युद्ध का निर्णायक क्षण आ गया है।अमेरिकी जनरल विनफील्ड स्कॉट ने वेराक्रूज के जरिये समुद्री, थल और हवाई हमला किया है। यह अमेरिका-मेक्सिको युद्ध (1846-48) का सबसे ताकतवर हमला है। चुरुबुस्को में मेक्सिकन अमेरिकियों से भिड़ गए, मगर स्कॉट की फौज उन्हें रौंदते हुए मेक्सिको सिटी की तरफ बढ़ चली। उनका रास्ता रोका चापुलटपेक के किले ने। चापुलटपेक में एक बड़ा लोहमर्षक इतिहास बन रहा था। कल रात स्कॉट की सेना ने इस किले पर अभूतपूर्व गोला बारूद बरसाया। मेक्सिको सिटी पर अमेरिकी कब्जे के लिए यह किला ढहना जरूरी था। इस किले पर तैनात थे मेक्सिको के युवा सिपाही, जो अभी-अभी जंग में आए थे। इनमें छह कैडेट आखिरी तक जूझे और उनके रहने तक अमेरिकी फौजें किले के पास नहीं पहुंच पाईं, इनमें एक कैडेट थे जुआन एस्क्यूटिया। अंततः वह मेक्सिको का झंडा अपने शरीर से लपेटकर किले से कूद गए, ताकि अमेरिकी उसके मुल्क के ध्वज छू न सकें।

ट्रंप के चेहरे में लोगों को अचानक, 19वीं सदी के मध्य के राजनेता दिखने लगे, जो मैनिफेस्ट डेस्टिनी के नाम पर अमेरिका का राज्य विस्तार करना चाहते थे।

धरती का सबसे खुश आदमी



खुशी आसमान से नहीं गिरती, यह हमारे हाथों में है। खुशी हमारे अंदर से और उन लोगों से आती है जिन्हें हम प्यार करते हैं, हम अपना बनाते हैं और अपना समझते हैं। अगर हम खुश और स्वस्थ हैं, तो आप करोड़पति हैं। यह कहना है पृथ्वी पर सबसे खुश आदमी एडी जाकू का। एडी जाकू (1920 - 2021) थे, होलोकॉस्ट से बचे व्यक्ति ने "द हैप्पीएस्ट मैन ऑन अर्थ" नामक संस्मरण लिखा। इसमें कहते है कि यह जीवन खाली खेत बना रहेगा या फूल, पौधा और फल से परिपूर्ण बगीचा बनेंगा। इसका निर्धारण हमें करना होगा। खेत खाली है, और रहेगा अगर उसमें बीज न डाले, लेकिन अगर हम कुछ उगाने की कोशिश करते हैं तो हमारे पास एक बगीचा होगा। और यही जीवन है। कुछ देंगे तो कुछ वापस आएगा। कुछ नहीं देंगे तो कुछ वापस नहीं आएगा।

एडी के पिता पोलैंड से आए एक आप्रवासी थे और जर्मनी में बसने के बाद उन्हें अपने दत्तक देश पर बहुत गर्व था। लेकिन एडी और उनके परिवार के लिए यह सब तब बदल गया जब 1938 में एडी को गिरफ्तार कर लिया गया और बुचेनवाल्ड ले जाया गया। उस समय जब वे मौत के करीब थे, भूख से मर रहे थे, हताश थे। छह मिलियन यहूदी जिनकी हत्या कर दी गई और उन्हें खत्म कर दिया गया। अब 100 वर्ष की आयु में और अपने परिवार के साथ ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में रहते हुए, एडी हम सभी को मुस्कुराने, कुछ गलत होने पर हिम्मत रखने, अपनी माँ को यह बताने के लिए कि आप उनसे प्यार करते हैं, अपने बच्चों को गले लगाने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं। उनकी जीवनी पर लिखी किताब को 2021 के लिए सर्वश्रेष्ठ आत्मकथा का पुरस्कार मिला।

इतिहास में युद्ध की किताबें बहुत हैं। कुछ अच्छी हैं, कुछ बुरी हैं, कुछ औसत दर्जे की हैं। लेकिन कभी-कभी आपको कोई ऐसी मिल जाती है जो आपकी पूर्व धारणाओं को दरवाजे पर छोड़ देती है, और आपको अपने भाग्यशाली सितारों को उन सभी आशीर्वादों के लिए धन्यवाद देना पड़ता है जो आपके पास हैं। इस पुस्तक में एक बहुत ही शांत गरिमा है। जो घटनाएँ घटीं, उनकी कल्पना करना भी अविश्वसनीय है। लेकिन वे घटीं। और श्री जाकू अपनी कहानी बताने के लिए यहाँ हैं। वह उन मूल्यों के बारे में बात करते हैं जिन्हें पैसे से नहीं मापा जा सकता है, और इसलिए वे बहुत अधिक मूल्यवान हैं। उनकी उतनी ही आवश्यकता है जितनी भोजन और पानी की। परिवार का महत्व। कैसे दोस्त आपको बुरे समय में जीवित रहने में मदद करते हैं। हंसी बोझ को हल्का करने में मदद कर सकती है। शिक्षा आपका मित्र है। प्रेम सुंदर है।

जीवन सुंदर हो सकता है यदि आप इसे सुंदर बनाते हैं। यह हम पर निर्भर है। एडी जाकू का जीवन यह सिखाता है। एडी जाकू ने हमेशा खुद को पहले जर्मन और फिर यहूदी माना। उन्हें अपने देश पर गर्व था। लेकिन नवंबर 1938 में हिटलर के नाजी शासन में यह सब बदल गया, जब उन्हें पीटा गया, गिरफ्तार किया गया और एकाग्रता शिविर में लाया गया। इसके बाद अगले सात वर्षों में, एडी को हर दिन अकल्पनीय भयावहता का सामना करना पड़ा, पहले बुचेनवाल्ड में, फिर ऑशविट्ज में, फिर नाजी मृत्यु मार्च में। उसने परिवार, दोस्तों, अपने देश को खो दिया। मौत के करीब के अनुभवों और एक नए देश आस्ट्रेलिया में फिर से शुरुआत करने तक। उनका जीवन काफी दारुण और मर्मांतक अनुभव से गुजरा। क्योंकि, वे बच गये, एडी ने हर दिन मुस्कुराने की कसम खाई। वह उन लोगों को श्रद्धांजलि देता है जो अपनी कहानी बताकर, अपनी बुद्धिमत्ता को साझा करके और अपना सर्वश्रेष्ठ जीवन जीकर खो गए थे। अब वह मानता है कि वह पृथ्वी पर सबसे खुश आदमी है। हर सांस एक उपहार है. अगर आप इसे जीने दें तो जीवन सुंदर है। खुशी आपके हाथों में है।

जाकू का संदेश सकारात्मकता का है, जो दिखाता है कि कैसे, अकल्पनीय कठिनाई के बावजूद, मानवीय भावना दृढ़ रह सकती है। यह एक दिलचस्प उत्तरजीवी की कहानी है, लेकि उसके साथ ही यह सबसे बढ़कर आशा, प्रेम और दयालुता की कथा है। यह एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जिसने बड़ी त्रासदी और कठिनाई का सामना किया, जिसने जीने के लिए एक-एक दिन संघर्ष करते हुए कई साल बिताए और जो एक अटूट भावना के साथ इन सब से बाहर निकला। वे सामान्यतः कहते है कि आज हमारे प्रयास उन लोगों को प्रभावित करेंगे जिन्हें हम कभी नहीं जान पाएंगे। यह हमारी पसंद है कि वह प्रभाव सकारात्मक होगा या नकारात्मक। आप हर दिन, हर मिनट, किसी अजनबी को ऊपर उठाने या फिर उसे नीचे गिराने के तरीके से कार्य करने का चुनाव कर सकते हैं। चुनाव आसान है। और यह आपको करना है।

एडी की आत्मकथा को पढ़ने के दौरान तिब्बती संत मैथ्यू रिकार्ड का व्यक्तित्व भी स्मरण हो गया। उनके व्यक्तित्व पर वैज्ञानिक एवं प्रायोगिक परीक्षण किया गया और माना गया कि मैथ्यू की पूरी चेतना में नकारात्मकता और दुख का अभाव है। मैथ्यू रिकार्ड एक फ्रांसीसी बौद्ध भिक्षु, मानवतावादी, अनुवादक, लेखक और फोटोग्राफर हैं। उनके मस्तिष्क के स्कैन से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों के माध्यम से, उनको दुनिया का सबसे खुश आदमी कहा गया है। दार्शनिक खुशी को अलग-अलग तरीके से परिभाषित करते हैं। हालाँकि पूर्ण खुशी का एक सामान्य अर्थ है के आंतरिक संघर्षों का क्षणिक गायब होना। यानी, हमारे आस-पास की दुनिया और खुद के साथ सामंजस्य महसूस करना। मैथ्यू रिकार्ड पूछते है कि क्या आपने खुशी कहीं देखा है ? खुशी क्या है ? वह अपनी किताब "हैपिनेस" में जवाब देते है कि कुछ ही क्षणों में अतीत के विचार नहीं उठते, भविष्य की योजनाएँ मन को अव्यवस्थित नहीं करतीं, और वर्तमान क्षण सभी मानसिक रचनाओं से मुक्त हो जाता है। राहत का यह क्षण, जिसके दौरान कोई भी भावनात्मक तात्कालिकता गायब हो जाती है, एक गहरी शांति के रूप में महसूस होता है। मैथ्यू रिकार्ड के लिए, खुशी वास्तव में पूर्णता की एक अवस्था है जो जीवन के सभी उतार-चढ़ावों के बावजूद बनी रहती है। जो व्यक्ति आंतरिक शांति को जानता है, वह असफलता से उतना ही टूटता है जितना कि सफलता से उत्साहित होता है। वह जानता है कि इन अनुभवों को गहन और विशाल शांति के संदर्भ में पूरी तरह से कैसे जीना है, यह समझते हुए कि वे क्षणभंगुर हैं और उनके प्रति आसक्त होने का कोई कारण नहीं है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आज की बात

मयंक मुरारी

अलग बात

अनंतता के आर-पार ईश्वर प्राप्त गुरु-शिष्य का युगल

डॉ मंजु लता गुप्ता

"मेरे खुले और विस्मय-विस्फारित नेत्रों के सामने सम्पूर्ण कमरा एक अद्भुत विश्व में बदल गया, सूर्य प्रकाश एक स्वर्गीय तेज में बदल गया। रक्तमास के शरीर में श्रीयुक्तेश्वरजी को अपने सामने खड़े देखकर आनंदातिरेक की लहरों पर लहरें मुझ पर छाने लगीं।" ये शब्द, जीवन में परिवर्तन लाने वाली तथा इश्वरान्वेशियों के लिए अनंत के द्वार खोल देने वाली पुस्तक 'योगी कथामृत', जिसके लेखक परमहंस योगानंद जी हैं, के 'श्रीयुक्तेश्वरजी का पुनरुत्थान' नामक अध्याय से उद्धृत हैं। 9 मार्च 1936 को महासमाधि लेने के कुछ महीने बाद श्रीयुक्तेश्वरजी अपने अतिप्रिय शिष्य (योगानन्दजी) की विरह वेदना को दूर करने हेतु आकाश तत्त्व से बने शरीर में उनके समक्ष प्रकट होते हैं तथा मृत्यु उपरांत आत्मा की यात्रा एवं सूक्ष्म लोकों के विषय में विस्तार से वर्णन करते हैं। महान संतों को परस्पर वार्त्तालाप के लिए किसी साधन की आवश्यकता नहीं होती। वे अपने अन्तर्ज्ञान का प्रयोग करके आत्मिक रूप से अपने संदेश का प्रतिपादन करते हैं। इसी प्रकार स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी ने योगानन्दजी को 1935-36 में अमरीका से भारत बुलाया और अपने शरीरत्याग का अप्रत्यक्ष भान कराते हुए उनसे कहा, "इस संसार में अब मेरा कार्य पूरा हो गया है; अब तुम्हें ही इसे आगे चलाना होगा।" अपने गुरु के इसी आदेश का अनुसरण करते हुए परमहंस योगानंद ने योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया/सेल्फ़ रियलाईज़ेशन फ़ेलोशिप नाम से आध्यात्मिक संगठन की स्थापना की जो ध्यान की उच्चत्तम प्रविधि क्रियायोग विज्ञान (द्रष्टव्य, योगी कथामृत, अध्याय -26) को सीखने का सरल, सुनिश्चित एवं विश्वसनीय साधन प्रदान करती है। वट वृक्ष के समान इसकी शाखाएँ सम्पूर्ण विश्व में फैली हैं जिसकी सुकोमल छाया तले बैठने हेतु इच्छुक जन योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया से क्रियायोग के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योगानंद जी स्वयं एक सिद्ध क्रियायोगी थे, 7 मार्च 1952 को उनके देहत्याग के बाद उनके शरीर में कोई विकृति नहीं आई। फॉरेस्ट लॉन मेमोरियल पार्क, लॉस एंजेलिस, जहाँ महान गुरु का पार्थिव शरीर रखा है, के निर्देशक श्री हैरी टी. रोवे ने कहा -"बीस दिन बाद भी उनके शरीर में किसी प्रकार की विक्रिया नहीं दिखाई पड़ी...27 मार्च को भी उनका शरीर उतना ही ताजा और विकार रहित दिखाई पड़ रहा था जितना मृत्यु की रात्रि (7 मार्च) को।" उनकी एक निकतम एवं प्रारम्भिक शिष्या श्री श्री दया माताजी अपने गुरु के मुख से उनके देहत्याग की बात सुनकर विकल हो जाती हैं और संस्था के संचालन को लेकर चिंतित हो जाती हैं तब महान गुरु के ये शब्द-"इस बात को याद रखना मेरे जाने के बाद केवल प्रेम ही मेरा स्थान ले सकता है। दिन-रात ईश्वर के प्रेम में तल्लीन रहो, और यही प्रेम सबको दो।"

बिहार करे पुकार, आईए निशांत कुमार

आपकी बात

केदारनाथ दास
बसिया (गुमला)

राजनैतिक दृष्टि से बिहार को अत्यंत संवेदनशील राज्य माना जाता है। इस संवेदनशीलता के बावजूद बिहार में परिवारवाद कोई नई बात नहीं है और दशकों से यहां राजनैतिक कुनबों से विरासत के उदाहरण सामने आते रहते हैं। इस बार यह चर्चा एक नये अंदाज में सामने आया है और अपने नायाब अंदाज के कारण यह काफी वायरल भी हो रहा है। बताते चलें कि इस बार की यह चर्चा किसी राजनैतिक कुनबे से संबंधित नहीं होने के बावजूद एक रसूखदार राजनैतिक परिवार को एक्सपोज करनेवाला बनकर सामने आ रहा है। इसमें हैरान करनेवाली की बात यह है कि राजनीति की मख्यधारा के विपरीत परिवारवाद की इस चर्चा को विपक्ष की वह धारा हवा दे रही है जिसपर खुद लंबे अरसे से परिवारवादी होने का गंभीर आरोप लगता रहा है। यहाँ मजेदार बात यह भी है कि बिहार के एक घोर परिवारवादी राजनैतिक परिवार के झंडाबरदार के द्वारा उस शख्स को निशाना बनाया जा रहा है जो परिवारवाद का धुर विरोधी रहा है और राष्ट्रीय स्तर पर खुद में इसका एक मिसाल बना हुआ है। बहुत स्पष्ट शब्दों में कहें तो यह पूरा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 49 वर्षीय इकलौते पुत्र निशांत कुमार और लालू प्रसाद यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव से संबंधित है। निशांत का राजनीति से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है जबकि तेजस्वी बिहार की राजनीति में खुद को स्थापित कर चुके हैं। इधर निशांत के पिता नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति के विरोधी रहे हैं और कई मौकों पर लालू परिवार को इस मुद्दे पर घेर भी चुके हैं। ऐसे में अगर निशांत सियासत में आते हैं या उनके किसी बयान को राजनीति का रंग दे दिया जाता है तो नीतीश की गिनती भी परिवारवादी नेताओं में होने लगेगी और तेजस्वी को बैठे बिठाए एक अवसर हांथ लग जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गत दिनों निशांत कुमार ने पुत्रधर्म का पालन करते हुए अपने पिता के बचाव का निर्णय लिया। अपने इस निर्णय के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने पिता के स्वास्थ्य की जानकारी साझा की। निशांत के इस बयान को राजद नेता तेजस्वी यादव ने लपक लिया और राजनीति के लपेटे में भी ले लिया क्योंकि राजद नेता तेजस्वी यादव नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर लगातार सवाल उठाते रहे हैं। जानकारों की मानें तो तेजस्वी इसे राजनैतिक टूलकीट के तौर पर इस्तेमाल करने में कोई कोताही भी नहीं बरतते। ऐसा कुछ तब से जारी है जबसे नीतीश चाचा ने तेजस्वी यादव को तेजहीन बनाते हुए उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया है। इस राजनैतिक बेदखली के अपने मायने हैं और इन्हीं बातों का निशांत ने एक तरह से जवाब दिया है। अभी जब अपने पिता के प्रति निशांत ने एक संवेदनशील बयान दिया है तो इससे तेजस्वी तिलमिला उठे हैं क्योंकि इससे नीतीश के स्वास्थ्य को लेकर भ्रम पैदा करने की उनकी नीयत, परिवारवाद के प्रति समर्पण और राजद की नीति रीति एक्सपोज होकर रह गई है। इतना ही नहीं, राजनैतिक बयानबाजियों से कोसों दूर रहने वाले निशांत ने लगे हांथ उन्हें यह भी याद दिला दिया कि नीतीश ने पिछले उन्नीस वर्षों में बिहार के लिए काफी काम किया है और बिहार की जनता को उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाया जाना चाहिए। नीतीश विरोधियों के द्वारा इसे न केवल एक राजनैतिक अपील के तौर पर देखा जा रहा है बल्कि पिताजी के कार्यों को देखकर उन्हें फिर से मौका देने की अपील को अब निशांत की राजनैतिक लॉन्चिंग के तौर पर भी प्रायोजित किया जाने लगा है।

लब्बोलुआब यह कि बिहार की सियासत में इस वक्त नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार चर्चा का विषय बने हुए हैं। ऐसा तब है जबकि वे बिहार की राजनीति में कहीं नहीं हैं परन्तु पटना के सियासी गलियारों में के अनुसार उनकी जल्द ही पॉलिटिकल लॉन्चिंग होने वाली है। भविष्य किसी ने नहीं देखा है परन्तु अमूमन शांत रहने वाले निशांत के एक साधारण से बयान ने बिहारी राजनीति में जो हलचल पैदा कर दी है उसने बिहार के विपक्ष और कम से कम राजद को तो अशांत करके रख ही दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से

एक्स से



आज का दोहा

मंत्रों से अभिषिक्त 'गर, 'राम' तुम्हारे वाण।
क्यों न मिला कलिकाल में, मारीचों से त्राण??

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com

कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

संपादक

बेटियों की रक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी

देश की बात

डॉ दीपक प्रसाद
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

बेटियाँ केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती हैं। उनका सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल प्रशासन का दायित्व नहीं, बल्कि हम सभी की नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। आज के समाज में बेटियों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे-अत्याचार, लव जिहाद, घूरना, धर्म परिवर्तन, भेदभाव और अन्य सामाजिक कुरीतियाँ। यदि हम इन समस्याओं पर समय रहते ध्यान नहीं देंगे, तो यह न केवल हमारी सामाजिक संरचना को कमजोर करेगा, बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को भी खतरे में डाल देगा। भारतीय समाज में नारी को सदैव शक्ति, ममता और सृजन का प्रतीक माना गया है। वेदों में नारी को "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता" कहकर सम्मानित किया गया है। किंतु विडंबना यह है कि आधुनिक समाज में बेटियों को अनेक प्रकार की विषमताओं और खतरों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, छेड़छाड़, दुष्कर्म, बलात्कार और मानसिक उत्पीड़न जैसी घटनाएँ हमारे समाज के नैतिक पतन को दर्शाती हैं। आज का युवा वर्ग आधुनिकता की चकाचौंध में अपनी आध्यात्मिक और नैतिक जड़ों से दूर होता जा रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल युग ने मानसिकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि कई बार पुरुषों में महिलाओं के प्रति असम्मानजनक दृष्टिकोण उत्पन्न हो जाता है। इस स्थिति को बदलने के लिए आवश्यक है कि हम अपने बेटों को नैतिक शिक्षा दें, उन्हें संस्कारित करें ताकि वे महिलाओं का सम्मान करना सीखें। बेटियों को सशक्त बनाना ही उनकी सुरक्षा का सबसे प्रभावी उपाय है। समाज को चाहिए कि वह बेटियों को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग, मार्शल आर्ट, कराटे और आत्मनिर्भरता के अन्य साधनों से सशक्त बनाए। बेटों की तरह बेटियों को भी लीडर बनने के अवसर देने चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने आत्मसम्मान की रक्षा कर सकें। यदि हमारी बेटियाँ निडर होकर समाज में अपनी जगह बना पाएँगी, तो स्वतः ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित होगी। शिक्षा भी सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। हमें अपनी बेटियों को न केवल पारंपरिक शिक्षा बल्कि व्यावसायिक, तकनीकी और आत्मनिर्भरता से जुड़ी शिक्षा भी देनी चाहिए, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में आत्मनिर्भर बनकर खड़ी हो सकें। हमारा भारतीय आध्यात्मिक दर्शन नारी को शक्ति, सृजन और मातृत्व का प्रतीक मानता है। महाकाव्यों में सीता, द्रौपदी, सावित्री, गार्गी, मैत्रेयी जैसी महिलाओं का वर्णन मिलता है, जिन्होंने अपनी बुद्धि, साहस और नैतिक मूल्यों से समाज को दिशा दी। भगवद गीता, उपनिषद और अन्य शास्त्रों में नारी के सम्मान और उसकी सुरक्षा को सर्वोपरि माना गया है। श्रीमद्भागवत गीता में कहा गया है "स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः", अर्थात प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम बेटियों की रक्षा करें, उन्हें सम्मान दें और समाज में उनके लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करें। यदि बेटियाँ सुरक्षित रहेंगी, तो समाज भी सुरक्षित रहेगा। बेटियों के प्रति किसी भी प्रकार का अपमान न केवल परिवार और समाज बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के लिए कलंक के समान है। जब तक हम बेटियों को सशक्त नहीं बनाएँगे. तब तक हमारा समाज, हमारा घर और हमारा राष्ट्र सुरक्षित नहीं रह सकता। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बेटियों को शिक्षा और आत्मरक्षा का पूरा अधिकार मिले। समाज में महिलाओं के प्रति सोच को बदलने के लिए नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा दी जाए। छेड़छाड़, घूरने और अन्य अपराधों को रोकने के लिए कठोर कानून लागू किए जाएँ। अभिभावक अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए प्रेरित करें। बेटों को सही संस्कार दिए जाएँ, ताकि वे महिलाओं का सम्मान करना सीखें। बेटियों की सुरक्षा केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की सामूहिक नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। जब तक समाज में बेटियों को भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण नहीं मिलेगा, तब तक हमारा देश सशक्त नहीं बन सकता। हमें बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि वे निडर होकर जीवन जी सकें और समाज में अपना स्थान बना सकें। "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" सिर्फ़ एक नारा नहीं, बल्कि यह हमारे समाज और राष्ट्र की उन्नति की कुंजी है। बेटियों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही हम एक विकसित, समृद्ध और सभ्य समाज की नींव रख सकते हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासारूं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

महाकुंभ में 15 देशों, 20 राज्यों के बिछड़ों को यूपी के जवानों ने अपनों से मिलवाया

एजेंसी। प्रयागराज

महाकुंभ में उमड़े आस्था के महासमुद्र के बीच उत्तर प्रदेश पुलिस, पीएसी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अग्निशमन के जवानों ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की अद्वितीय मिसाल पेश की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संचालित विशेष अभियान के तहत जवानों ने 15 देशों और 20 से अधिक राज्यों के बिछड़े श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाया। ड्यूटी पर तैनात जवानों ने न केवल लाखों रुपए की नकदी, आईफोन, गहने और अन्य कीमती सामान खोने वालों को लौटाए, बल्कि बीमारों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सा भी उपलब्ध कराई।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश की खाकी ने बड़ी संख्या में बुजुर्गों को संगम में स्नान करने में मदद भी की। बीमारों को सीपीआर से लेकर प्राथमिक उपचार तक दिया गया। इसके परिणामस्वरूप योगी सरकार की कार्यकुशलता की गूंज रूस, अमेरिका और जर्मनी समेत तमाम देशों तक पहुंच गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर भूले-भटके लोगों को मिलाने की मेले में बड़ी मिसाल पेश की गई है। प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक पीएसी पूर्वी जोन डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि हमारे जवानों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए महाकुंभ में श्रद्धालुओं की मदद की। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कार्यरत उत्तर प्रदेश के जवानों की ईमानदारी और सेवाभाव की चर्चा अब सात समंदर पार तक पहुंच गई है। विदेशी श्रद्धालु भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यकुशलता की सराहना कर रहे हैं।

केस 1 17 फरवरी को मेले में जयपुर के पुष्पेन्द्र सिंह शेखावत अपनी पत्नी, दिनेश राठौर के साथ पहुंचे। उनका पर्स, जिसमें दो आईफोन, 69 हजार रुपए नकद, सोने की चेन, दो अंगूठियां और एटीएम कार्ड थे, खो गया। ड्यूटी चेकिंग के दौरान 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज के शिविरपाल अरविंद कुमार सिंह ने अरैल घाट से इसे खोजा। फिर पर्स में मिले मोबाइल से श्रद्धालु से संपर्क किया और उन्हें बुलाकर पर्स सौंप दिया।

केस 2 राजकुमारी यादव निवासी भानसोच, आरंग, रायपुर छत्तीसगढ़ की अचानक तबीयत बिगड़ी, जिन्हें 15वीं वाहिनी पीएसी आगरा डी दल के आरक्षी प्रशांत कुमार और रवेन्द्र सिंह ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर हॉस्पिटल में एडमिट कराया।

केस 3 29 जनवरी को रूस की रीता अपने साथियों के साथ संगम स्नान के लिए जा रही थी। रात के समय वह अपने साथियों से बिछड़कर भटक गई और पाल बस्ती मवैया में पहुंच गई, तभी ड्यूटी पर मौजूद 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी ई दल के आरक्षी अमरदीप ने उनके साथियों से मिलाया।

केस 4 15 जनवरी को जर्मनी से आए विदेशी श्रद्धालु रास्ता भटक गए। उन्हें नवावगंज जाना था। ड्यूटी पर उपस्थित 28वीं वाहिनी पीएसी इटावा एच दल के आरक्षी राजू सिंह ने उन्हें नवावगंज पहुंचाने में मदद की।

केस 5 15 जनवरी को बंगलुरु से आई महिला श्रद्धालु शोभा को चोट लगने पर 33वीं वाहिनी पीएसी झांसी एफ दल के आरक्षी सुरजीत यादव ने एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई।

केस 6 24 जनवरी को संगम मार्ग पर विवेक भारती को कार चलाते समय मिर्गी का दौरा पड़ा। ड्यूटी पर तैनात 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद जी दल के आरक्षी गुरदीप और कपिल कुमार उन्हें अस्पताल ले गए और उपचार कराया। उनके घर वालों को सूचना दी और ठीक होने पर कार के साथ घर भेजा।

बिहार विधानसभा

3.17 लाख करोड़ का बजट पेश महिलाओं के लिए कई घोषणाएं

एजेंसी। पटना

बिहार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट पेश करने से पहले सम्राट चौधरी ने अपने आवास में पूजा-अर्चना की, जबकि बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी पीठ थपथपाकर शाबाशी और बधाई दी। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। इस बजट का आकार 3 लाख 17 हजार करोड़ होगा। बजट का आकार 3 लाख 16 हजार 895 करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकार से करीब 38,169 करोड़ रुपए ज्यादा है। बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 2.60 लाख राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। 2025-26 में 32,718 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा रहने का अनुमान है। शिक्षा विभाग को 60,964 करोड़, स्वास्थ्य विभाग को 20,335 करोड़, गृह विभाग को 17,831 करोड़, ग्रामीण विकास को 16,093 करोड़ और ऊर्जा विभाग को

13,484 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बिहार सरकार ने स्कॉलरशिप की राशि एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रुपए प्रति माह कर दी है। नीतीश सरकार ने महिलाओं के लिए कई घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रमुख शहरों में पिंक बस सेवा शुरू की जाएगी। इसमें यात्री, चालक और कंडक्टर भी महिलाएं होंगी। राज्य के प्रमुख शहरों में महिला वाहन प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसमें प्रशिक्षक भी महिलाएं ही होंगी। महिलाओं के लिए पटना में चलंत व्यायामशाला शुरू की जाएगी। उन्होंने छठ पूजा के लिए धार्मिक पर्यटन बनाने की घोषणा की, जबकि पूर्णिया हवाई अड्डा अगले तीन महीने में शुरू करने की बात कही। महिला सिपाहियों के लिए थाने के आसपास आवास की व्यवस्था करने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना करने का प्रावधान किया है। बिहार में एमएसपी पर अरहर, मूंग और उड़द दाल को खरीदने का काम किया जाएगा। सभी अनुमंडल और प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज की स्थापना करने का प्रावधान है, जबकि सुधा की तर्ज पर सभी प्रखंडों में 'तरकारी सुविधा आउटलेट' खोलने की भी घोषणा की गई।

राबड़ी देवी ने महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये देने की मांग

पटना। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने सरकार से महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये देने की मांग कर दी है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार की कार्यवाही शुरू होने के पहले ही विपक्ष के विधायकों ने विधानमंडल परिसर में प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियों लिए कहा कि इस बजट से उन्हें ज़्यादा उम्मीद नहीं है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिहार की महिलाओं और युवाओं के लिए क्या खास है? क्या सरकार 200 यूनिट बिजली मुफ्त देगी? इधर, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन को 1500 रुपये करना चाहिए। इसके अलावा जो गैस सिलेंडर 1200 रुपये में मिल रहा है, उसे 500 रुपये प्रति सिलेंडर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं को, चाहे वे किसी भी वर्ग और धर्म की हों, सरकार को 2500 रुपये प्रति महीना पेंशन देना होगा।

बिहार विस में बजट पेश होने के पहले सत्ता और विपक्ष आमने-सामने

पटना। बिहार विधानसभा में सोमवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी बजट पेश करने वाले हैं। बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश सरकार अपना अंतिम बजट पेश करने जा रही है। बजट पेश होने से पहले ही सत्ता और विपक्ष आमने-सामने आ गए हैं। राजद के विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार की जनता नीतीश कुमार सरकार का बजट सालों से देख रही है। अब बजट में कोई नयापन नहीं होता, कोई विजन नहीं होता। पहले भी ये कहते थे कि सात निश्चय ला रहे हैं, फिर सात निश्चय दो ले आए, अब कहेंगे कि अब सात निश्चय तीन लाएंगे। कहीं कुछ नहीं होने वाला है। बिहार कई मामलों में पीछे रह गया है। नीतीश सरकार का यह अंतिम बजट है, इसमें कम से कम राजद के विजन लागू कर दें, गरीबों का कल्याण हो जाएगा।

अनसुलझे है सूटकेस में युवा नेत्री की लाश का मामला

पैसों के लेन-देन की बात गलत, मेरी बेटी के आरोपी को मिले सजा-ए-मौत : हिमानी की मां

एजेंसी। रोहतक

कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल की मां सविता ने सोमवार को अपनी बेटी के आरोपी के खिलाफ सजा-ए-मौत की मांग की। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी के आरोपी की मौत की सजा दी जाए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि मेरी बेटी 18 तारीख को एक कार्यक्रम में जाने के लिए घर पर तैयार थी, लेकिन उसके बाद के घटनाक्रम से मैं हैरान हूं। मेरी बेटी मुझसे कुछ नहीं थी। मुझे अपनी हर बात बताती थी। वो मुझे पैसों से संबंधित बात भी बताती थी। यहां तक कि पार्टी के दूसरे कार्यकर्ता भी मेरी बेटी को पैसे देने के लिए तैयार रहते थे। लेकिन, मेरी बेटी ने आज

तक किसी से कोई मदद नहीं ली। उन्होंने बताया, "मेरी बेटी अपनी पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए संघर्ष कर रही थी। उसने फीस भरने के लिए समय भी मांगा था और कहा था कि मैं नौकरी खोज रही हूं। मुझे नौकरी मिल जाएगी तो इसके बाद मैं फीस भर दूंगी। हिमानी नरवाल की मां ने बताया कि जब मेरी बेटी को किसी भी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं मिली तो अंत में थक हारकर उसने पेपर ही छोड़ दिए। इसके बाद उसने मुझसे कहा कि मैं बाद में नौकरी करके अपनी फीस भर दूंगी। एग्जाम फीस मुझे एक हजार रुपये देना होगा, जो कि मैं नौकरी करते हुए दे दूंगी, लेकिन मदद के लिए किसी के आगे हाथ नहीं फैलाऊंगी। उन्होंने कहा कि फ्रेंड और बॉयफ्रेंड में बहुत फर्क होता है। लेकिन, किसी दूसरे व्यक्ति के जेहन में इसे लेकर क्या फितूर है, इसे स्पष्ट कर पाना मुश्किल है। इस वजह से कई लोगों से उसने अपनी दोस्ती तोड़ दी। उसने मुझे खुद यह सब बताया। वो किसी का एक लफ्ज भी बर्दाश्त नहीं करती थी। उन्होंने कहा कि रही बात पैसों के लेन-देन की, तो वो उसके पैसे कई लोगों के पास फंसे हुए थे।

विकसित दिल्ली के लिए सीएम ने जनता से मांगे सुझाव, व्हाट्सएप नंबर भी किया जारी

एजेंसी। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को घोषणा की कि सरकार 24 से 26 मार्च के बीच दिल्ली का बजट पेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि बजट 'विकसित दिल्ली' के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करेगा, जिसमें समाज के सभी वर्गों के सुझाव शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट 'विकसित दिल्ली' बजट है और हम लोगों के सभी सुझावों को शामिल करने और अपने घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं जैसे महिलाओं को वित्तीय सहायता, प्रदूषण पर नियंत्रण, गरीबों को सस्ता और स्वस्थ भोजन, बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य सुविधा, यमुना नदी की सफाई और भी बहुत कुछ। सीएम गुप्ता ने आगे कहा कि

महिला सम्मान योजना समेत बीजेपी द्वारा किए गए सभी वादों को बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 5 मार्च को सभी महिला संगठनों को संवाद के लिए विधानसभा में आमंत्रित किया गया है, ताकि वे बजट पर अपने सुझाव साझा कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट पर लोगों के सुझाव के लिए एक व्हाट्सएप नंबर (9999962025) जारी किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''इसे जनता का बजट बनाने के लिए हम पांच मार्च को विधानसभा परिसर में विभिन्न महिला संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इसके अलावा, हम छह मार्च को शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों और व्यापारियों के साथ चर्चा करेंगे। गुप्ता ने कहा कि विधानसभा में अब तक नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) की केवल दो रिपोर्ट पेश की गई हैं और उनमें पहले ही पिछली आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ कई भ्रष्टाचार के आरोप उजागर हो चुके हैं। उन्होंने कहा, ''कैग की 12 और रिपोर्ट अभी पेश की जानी हैं तथा और भी अनियमितताएं सामने आने की संभावना है। संवाददाता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद और मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद थे।

आज का राशिफल

मेष : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बनें।

वृष : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा।

मिथुन : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। संतान की उन्नति के योग हैं।

कर्क : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

सिंह : शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

कन्या : सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

तुला : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

वृश्चिक : समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

धनु : नवीन जिम्मेदारी बढ के आसार रहेंगे। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।

मकर : सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। परिवार में अशांति रहेगी।

कुंभ : समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

मीन : यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी।

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज!

डीके शिवकुमार को सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता : वीरप्पा मोइली

एजेंसी। कर्नाटक

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. एम वीरप्पा मोइली ने कांग्रेस के "कुटुम्बोत्सव" कार्यक्रम में एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में सीएम की कुर्सी को लेकर सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार गुट आमने-सामने है। डी के शिवकुमार की उपस्थिति में बोलते हुए, मोइली ने शिवकुमार को पहला विधायक टिकट दिलाने में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि वह एक सफल नेता के रूप में उभरे हैं। मोइली ने करकला और गोम्मटेश्वर की पवित्र भूमि के बीच तुलना करते हुए घोषणा की, "उन्हें जल्द ही मुख्यमंत्री बनना चाहिए।" उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता।

इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है। मोइली ने विशेषकर चुनौतीपूर्ण समय में शिवकुमार के नेतृत्व की सराहना की। मोइली ने पार्टी के पुनर्निर्माण में शिवकुमार की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, "केपीसीसी अध्यक्ष के रूप में, उन्होंने संकट के दौरान पार्टी को पुनर्जीवित किया और विभिन्न राज्यों में कांग्रेस को फिर से सत्ता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ब्रज की होली में मुस्लिमों के बैन की मांग का समर्थन

पटना। मथुरा के संतों ने होली पर ब्रज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग का बिहार के भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर ने भी समर्थन किया है। उन्होंने साधु संतों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जो हमारी संस्कृति को नहीं मानते हैं, उन्हें ऐसे आयोजनों पर जाने से रोका जाना चाहिए।

बिहार के बंद कमरे में छिपा था 'एक करोड़ का राज', छापा मारने के बाद पुलिस भी दंग रह गई

एजेंसी। गया

बिहार में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हवाला कारोबारी को पकड़ा है और उसके पास से एक करोड़ से ज्यादा की नकदी बरामद की है। इतने सारे पैसे गिनने के लिए पुलिस को मशीन तक बुलानी पड़ी। पकड़ा गया कारोबारी राजस्थान का रहने वाला सुनील शर्मा है, जो गया के पिपरपाती मोहल्ले में किराए के मकान में रहकर यह अवैध धंधा चला रहा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है।

गया में मकान से मिले एक करोड़ से ज्यादा कैश

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरपाती मोहल्ले में हवाला का कारोबार चल रहा है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र में छापा मारा। छापेमारी में सुनील शर्मा नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 1 करोड़ 6 लाख 28 हजार 900 रुपये नकद बरामद हुए। इतनी बड़ी रकम देखकर पुलिस भी दंग रह गई। नोटों की गिनती के लिए नोट काउंटिंग मशीन मंगवानी पड़ी।

इतने रुपये देख पुलिस भी दंग

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हवाला नेटवर्क की सूचना मिलते ही तुरंत टीम बनाकर कार्रवाई की गई। छापेमारी में नोटों के कई बंडल मिले। इतनी बड़ी रकम देखकर

पुलिस वाले भी हैरान रह गए। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपी सुनील शर्मा से पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पकड़ा गया राजस्थान का हवाला कारोबारी

शुरुआती जांच से पता चला है कि यह पैसा हवाला के जरिए बिहार से दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा था। पुलिस को शक है कि इस गोरखधंधे में और भी कई लोग शामिल हो सकते हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर यह पैसा कहां से आया था और किस काम में इस्तेमाल होना था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सुनील शर्मा के साथ जुड़े दूसरे संदिग्ध लोगों की भी पहचान की जा रही है। इस मामले में आर्थिक अपराध इकाई (EOU) की भी मदद ली जा रही है। यह कार्रवाई हवाला कारोबार पर नकेल कसने की दिशा में एक बड़ा कदम है। पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

ब्रजमंडल में भगवान और भक्त का मिट जाता है भेद, 'सखियों' को भी भेजा जाएगा 'फाग निमंत्रण'

एजेंसी। नई दिल्ली

बसंती पंचमी के साथ ही ब्रज में होली की खुमारी छाने लगती है। उस दिन बरसाना में लाडली जी मंदिर में होली का डाढ़ा (डांडा) गाड़ा जाता है और इसी के साथ रंगोत्सव की शुरुआत हो जाती है। ब्रज की होली पूरी दुनिया में मशहूर है। एक दो दिन नहीं, महीने भर का मेला है, जिसमें डूबने देश ही नहीं, विदेशों से भी लोग खिंचे चले आते हैं।

मथुरा, गोकुल, वृंदावन, बरसाना, नंदगांव जैसे सभी क्षेत्रों में भी होली की धूम मची रहती है। बरसाना की लट्ठमार होली और उसके बाद नंदगांव में होने वाली होली बेहद रोमांचक होती है। होली से दो हफ्ते पहले तक माहौल और रंगीन हो जाता है। इस बार 14 मार्च को होली है। यूं तो बसंत पंचमी के दिन बांके बिहारी को गुलाल लगा दिया गया है। लेकिन अभी होली के सखियों को आमंत्रण देना बाकी है। ये भी होगा। 7 मार्च को होली के लिए सखियों को न्योता दिया जाएगा। इसके बाद शाम के समय लाडली जी के मंदिर में लड्डूमार होली का उत्सव मनाया जाएगा। उत्सव तो इसके अगले दिन भी जबरदस्त होगा। 8 मार्च को लाठियां चलेंगी! बरसाने की रंगीली गली

में लट्ठमार होली की धूम होगी। लोग लठ्ठ जमीन पर मारकर होली खेलेंगे। बरसाने के बाद नंदगांव में 9 मार्च को लट्ठमार होली मनाई जाएगी। 10 मार्च को तो वृंदावन में रंगभरनी एकादशी होली खेली जाएगी, तो मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि होली के रंग में डूबी होगी। इसी दिन बांके बिहारी मंदिर में कान्हा फूलों की होली खेलेंगे। 11 मार्च को श्री द्वारकाधीश मंदिर और गोकुल के रमणरेती में होली खेली जाएगी। 12 मार्च को वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में भक्त गण होली खेलेंगे। इसी दिन चतुर्वेदी समाज का शहर भर में होली डोला निकाला जाएगा। बांके बिहारी में फूलों की होली खेली जाएगी और वृंदावन में रंगभरी एकादशी होली खेली जाएगी। 13 को पूरा ब्रज होलिका दहन में मशगूल होगा। इसके अगले दिन, यानि 14 मार्च को ब्रजमंडल धुलेंडी, यानि रंगों की होली में सराबोर होगा।



झारखंड बजट 2025-26 : महिलाओं के सम्मान को दी गई प्राथमिकता

रांची। झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 13,363.35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपए दिए जा रहे हैं। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य की बालिकाओं और किशोरियों में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल विवाह पर रोक और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए चल रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 310 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया है।वहीं वृद्धावस्था पेंशन और विधवा पेंशन तथा दिव्यांग पेंशन के लिए एक हजार 449 करोड़ 26 लाख रुपए की व्यवस्था बजट में की है। इस पैसे से राज्य के 12 लाख लाभुक लाभान्वित होंगे।राज्य के पंचायत सचिवालय के सुदृढ़ीकरण, मरम्मती और जीर्णोद्धार पर 280 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य का अबतक लक्षित विकास दर 14.2 प्रतिशत से कुछ कम रहा है। राज्य की वर्तमान कीमतों पर 2011-12 से लेकर 2022-23 के बीच जीएसडीपी 9.1 प्रतिशत की अवसत दर से बढ़ा है। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य के किसानों को दो लाख रुपए का लोन माफ किया गया है। इस मद में 769 करोड़ से अधिक खर्च किया गया है। सिंचाई योजना पर खर्च होंगे 203 करोड़ 40 लाखबजट में कृषि कार्य में सिंचाई के लिए तलाबों के गहरीकरण, जीर्णोद्धार और डीप बोरिंग के लिए 203 करोड़ 40 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं किसानों को 2025-26 में 8400 लाभुकों के लिए कृषि यंत्र मुहैया कराने के लिए 140 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गयी है।

जल संसाधन के लिए 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपए के बजट का प्रावधान

वृहद् एवं मध्यम सिंचाई प्रक्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 779 करोड़ 20 लाख का योजना प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसमें नई सिंचाई परियोजना का निर्माण एवं पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण कराने का लक्ष्य है। पूर्ण एवं अपूर्ण वृहद् एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पुनर्स्थापन, जीर्णोद्धार, विस्तार एवं आधुनिकीकरण के लिए 136 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त स्वर्णरेखा परियोजना पर आगामी वित्तीय वर्ष में 350 करोड़ का बजटीय उपबंध प्रस्तावित है। पीरटांड प्रखंड में बराकर नदी पर वीयर का निर्माण कर भूमिगत पाईप लाईन के माध्यम से जल उद्वह कर पीरटांड प्रखंड में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना जुलाई, 2024 में प्रारंभ की गयी है, जिसे आगामी 3 वर्षों में 639 करोड़ 20 लाख की लागत से पूर्ण कराने का लक्ष्य है। लघु सिंचाई प्रक्षेत्र अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर एवं 10 सोलर उद्वह सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं 185 मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है, जिससे 29.722 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा सृजित / पुनर्जीवित की जा सकेगी। सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025-26 में जल संसाधन के लिए 2 हजार 257 करोड़ 45 लाख 55 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

पंचायती राज के लिए 2,144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए

शत-प्रतिशत राज्य योजना मद अन्तर्गत राज्य सरकार के द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना, विभिन्न भवन परिसंपत्तियों के निर्माण / मरम्मती / जीर्णोद्धार, सामुदायिक सेवा केंद्र तथा पंचायत ज्ञान केंद्र आदि पर कुल 280 करोड़ के बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें वित्त आयोग द्वारा अनुदान मद में 1,322 करोड़ (1 हजार 3 सौ 22 करोड़) रुपए की राशि प्राप्त होने की संभावना है। उक्त राशि से संबंधित संस्था 30 (तीस) प्रतिशत जलापूर्ति पर, 30 (तीस) प्रतिशत स्वच्छता पर एवं शेष 40 (चालीस) प्रतिशत का व्यय स्थानीय आवश्यकता की योजनाओं पर कर सकेगी। पंचायती राज व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2025-26 में 2,144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

मंईयां सम्मान योजना के लिए 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का प्रावधान

राज्य सरकार ने सशक्त एवं समर्थ राज्य तथा समाज निर्मित करने के निमित्त राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, सामाजिक रूप से सशक्त, शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से सजग और शिक्षित बनाने के निमित्त 18 से 50 वर्ष तक की आयु की महिलाओं को झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित किया है। इस योजनान्तर्गत प्रति महिला प्रति माह 2 हजार 5 सौ रुपए की दर से भुगतान करने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13 हजार 363 करोड़ 35 लाख रुपए का बजटीय उपबंध का प्रस्ताव है।

प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15,198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए

राज्य सरकार स्कूली शिक्षा के निरंतर विकास के लिए सजग, संवेदनशील और प्रयासशील है। राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के नामांकन, ठहराव और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार लगातार योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन कर रही है। राज्य सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 से 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों का संचालन प्रारंभ किया है। राज्य के कुल 34,847 प्रारंभिक विद्यालयों, 1,711 माध्यमिक विद्यालयों और 1,157 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में लगभग 70 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य के 803 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा हेतु लैब स्थापित किए गए हैं, जिसके माध्यम से 11 ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है, और अन्य 888 लैब की स्थापना कार्य प्रगति पर है। आने वाले वर्षों में विद्यालयों में 1,050 समेकित गणित और विज्ञान लैब स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के तहत वर्ष 2024-25 में राज्य के 153 मध्य विद्यालयों को माध्यमिक विद्यालयों में और 292 उच्च विद्यालयों को उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में उत्क्रमित किया गया है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों के लगभग 2.5 लाख छात्र-छात्राओं को शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। शिक्षकों के निरंतर क्षमता विकास के लिए रणनीति तैयार की गई है, जिसमें प्रत्येक शिक्षक को प्रति वर्ष 50 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर मसलिया, दुमका, खूँटपानी (चाईबासा) और बोकारो के नवाडीह में विद्यालय भवन का निर्माण कार्य जारी है। मदरसों और अल्पसंख्यकों को शिक्षा प्रदान करने की योजना राज्य में शुरू की गई है, और इसे वित्तीय वर्ष 2025-26 से राज्य योजना के तहत संचालित किया जाएगा।

उच्च शिक्षा के लिए नई पहल

राज्य सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए झारखंड छात्र अनुसंधान और नवाचार नीति, 2025 तैयार कर रही है। झारखंड राज्य से दसवीं और बारहवीं उत्तीर्ण अनाथ और दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ट्यूशन फीस के रूप में 10 लाख रुपए तक वार्षिक और दैनिक उपभोग, अध्ययन सामग्री इत्यादि के लिए 4,000 रुपए प्रति माह आर्थिक सहायता देने के लिए वाल्मिकी छात्रवृत्ति योजना 2025-26 से लागू की जाएगी। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार जमशेदपुर, गुमला और साहेबगंज जिलों में नए राजकीय विश्वविद्यालयों की स्थापना की योजना बना रही है, और जमशेदपुर, धनबाद और दुमका में तीन नए तकनीकी विश्वविद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। राज्य सरकार बोकारो और गोड्डा में नवनिर्मित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 2025-26 से पठन-पाठन कार्य प्रारंभ करेगी। इसके अलावा, रांची/खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहेबगंज और गिरिडीह में अभियंत्रण महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

विधि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए

हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका और पलामू में कुल 5 नए विधि महाविद्यालय स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

बजट में कितना है प्रस्तावित प्रावधान

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15,198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए तथा उच्च और तकनीकी शिक्षा के लिए 2,409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

275 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 33 करोड़ रुपए का प्रावधान

राज्य के आदिम जनजाति बहुल क्षेत्रों में 275 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण के लिए कुल 33 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए आवश्यक सामग्रियों का 1,500 रुपए का मातृ किट 4 लाख लाभार्थियों के बीच वितरित किया जाएगा। इसके लिए आगामी वर्ष में 60 करोड़ रुपए का प्रावधान राज्य सरकार ने किया है। इस किट में मच्छरदानी, जच्चा एवं बच्चा के लिए पोशाक, तेल, साबुन, बाल्टी-मग इत्यादि सामग्रियाँ शामिल होंगी। दिव्यांग कल्याणार्थ योजना के तहत 5.5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जा रहा है। राज्य के दिव्यांग बच्चों, परित्यक्त/निराश्रित/विधवा महिलाओं एवं वृद्धों के लिए विद्यालय, अनाथालय और आश्रम संचालन हेतु कुल 15 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बालिकाओं और किशोरियों को उच्च शिक्षा की ओर आकर्षित करने, बाल विवाह और कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए संचालित सावित्रिबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक की बच्चियों को 2,500 रुपए से 5,000 रुपए और 18-19 वर्ष की किशोरियों को एकमुश्त 20,000 रुपए तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत युवतियों के विवाह पर एकमुश्त 30,000 रुपए आर्थिक सहायता के रूप में कुल 310 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।कामकाजी गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था में समुचित आराम और देखभाल के लिए 5,000 रुपए प्रति लाभार्थी के रूप में आर्थिक मदद की योजना के लिए 60 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जिससे कामकाजी महिलाएँ लाभान्वित होंगी। महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए वर्ष 2025-26 में 22,023 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित है।

बजट पर कारोबारियों ने कहा

राज्यहित का बजट रोजगार के खुलेंगे रास्ते

रांची। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने 1.28 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। इस बार के बजट में पिछली बार से ज्यादा राशि आवंटित की गई। जिस पर कई क्षेत्र से जुड़ें व्यापारियों और कारिबरियों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी।

2025-26 का अबुआ बजट संतुलित : आदित्य मल्होत्रा

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि आय व्यय के संतुलन से ही बजट का निर्माण होता है। वर्ष 2025-26 का अबुआ बजट को श्री मल्होत्रा ने संतुलित बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने कई नए योजनाओं से झारखंड के विकास की तकदीर को लिखने की कोशिश की है। एफजेसीसीआई ने झारखंड के विकास पर सरकार को अनेक सुझाव दिए थे, जिसे गंभीरता से सरकार ने लिया है और मौजूदा बजट में उन विषयों को जोड़ा गया है। मगर बजट में सरकार ने व्यापार, उद्योग-धंधों और खनिजों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई है।

बजट में हर क्षेत्र का रखा गया है ध्यान : ज्योति कुमारी

एफजेसीसीआई उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बजट पर कहा- शिक्षा क्षेत्र में कक्षा 8 से 12 तक की छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए ?310 करोड़ आवंटित किए गए हैं। प्राथमिक शिक्षा के लिए राज्य के 34,847 प्राथमिक विद्यालयों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आर्थिक लक्ष्य में हेमंत सोरेन सरकार ने 2030 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 10 लाख करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पर्यटन लक्ष्य के लिए झारखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए, सरकार हेली-शटल सेवाओं को लागू करने की योजना बना रही है।

10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की योजना स्वागतयोग्य : सुनील सरावगी

रांची। एफजेसीसीआई के प्रवक्ता सुनील सरावगी ने कहा कि बजट के माध्यम से सरकार ने औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने पर विशेष फोकस किया है। झारखंड को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ, वर्ष 2030 तक 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने की योजना स्वागतयोग्य है। इससे राज्य में विकास और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

बजट राज्य को आत्मनिर्भर बनाने वाला : किशोर मंत्री

रांची। एफजेसीसीआई के निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा प्रस्तुत बजट को समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम माना। उन्होंने कहा कि निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, टूरिज्म डेवलपमेंट की योजनाओं से राज्य के विकास की गति मिलेगी।

राज्य का बजट प्रगतिशील : विवेक

कारोबारी विवेक कुमार ने कहा इस बार के झारखंड बजट में टेक्नोलोजी, एजुकेशन के साथ साथ कृषि लोन माफ करने की योजना बहुत अच्छी है। इसमें किसानों के 2 लाख तक के लोन माफ हो जायेंगे। इससे राज्य में किसानों की आय बढ़ेगी और पलायन रुकेगा। सड़कें, फोरलेन और एअरपोर्ट के लिए भी बजट में अच्छा प्रावधान है। उन्होंने कहा कुल मिला कर ये बजट अच्छा और प्रगतिशील है।

क्रिकेट टूर्नामेंट लोहरदगा के लिए होगा ऐतिहासिक क्षण, तैयारी पूरी : डीपी साहू

- *आईपीएल के तर्ज पर होने वाले टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल होगा साबित, 5 से 8 मार्च तक चलेगा टूर्नामेंट*
- *सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा, 8 मार्च को इंडिया टीम के धुरंधर क्रिकेटर हरभजन सिंह और सुरेश रैना होंगे शामिल*

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। साहू परिवार और लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के संयुक्त बैनर तले आईपीएल के तर्ज पर 5 मार्च से शुरू हो रहे चार दिवसीय स्व शिव प्रसाद साहू मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस क्रम में बीएस कॉलेज निकट स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित संगठन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मीडिया को टूर्नामेंट की हर एक जानकारी विस्तार पूर्वक दी। उन्होंने बताया कि लोहरदगा के लिए यह टूर्नामेंट ऐतिहासिक क्षण होगा। जो छोटे पर्दे पर बड़ा धमाल साबित होगा। आयोजन को लेकर प्रत्येक दृष्टिकोण से तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। 5 मार्च को टूर्नामेंट का शुभारंभ सुबह 9 बजे से होगा। शुभारंभ मैच का प्रमुख चेहरा व उद्घाटनकर्ता सिने स्टार सह सांसद शत्रुघ्न सिन्हा होंगे। बताया देशभर की कुल आठ प्रदेश की टीमों में मुंबई, कलकत्ता, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखण्ड और लोहरदगा क्रिकेट एसोसिएशन की टीम बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में आईपील की तर्ज पर क्रिकेट मैच खेलेगी। जिला के हर एक लोग निःशुल्क स्टेडियम में बैठकर आईपीएल के तर्ज पर आयोजित मैच का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि मैच के दौरान झारखंड सरकार के चेहरे भी शामिल होंगे। जिसको लेकर वार्ता चल रही है। अंतिम दिन 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरभजन सिंह और सुरेश रैना भी शामिल होंगे।

वही 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई महिलाओं को सिलाई मशीन देकर सम्मानित किए जाने का भी कार्य किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, सचिव आलोक राय, भास्कर दास गुप्ता, नेयाज मल्लिक, आशीष कुमार, सतीश वर्मा, जयजीत चौबे, अमित कुमार सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों में बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता, उदय गुप्ता, संदीप गुप्ता उपस्थित थे।

टीमों के रहने की कर ली गई है व्यवस्था : आलोक राय

एसोसिएशन के जिला सचिव अलोक रॉय ने बताया की लोहरदगा में आठ टीमों की रहने भोजन की व्यवस्था कर ली गई है। इसके लिए लोकल टीम मैनेजर भी गठित किए गए हैं। जिनके देखरेख में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएगी। उनके आगमन, प्रस्थान लोकल टीम मैनेजर के द्वारा की जाएगी। क्रिकेट का टर्फ विकेट भी बनाया जा चुका है। सभी गैलरी और गेट इत्यादि की साफ सफाई रंग रोगन कर ली गई है। लोहरदगा के ऐसे क्रिकेटर जो अब हमारे बीच नहीं रहे उनके सम्मान में पवेलियन का नामकरण भी किया गया है।

चीयर्स गर्ल्स होगा आकर्षण का केंद्र

मैच के दौरान चौके, छक्के पर दर्शकों को झूमाने के लिए चीयर गर्ल्स भी पूरे आयोजन में आकर्षण का केंद्र होगा। अलग-अलग जगह से मैच में शामिल होने के लिए चीयर्स गर्ल्स भी पहुंचेंगी।

बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता के साथ झूमेगा लोहरदगा

शुभारंभ कार्यक्रम के दिन ही 5 मार्च को संध्या 6 से स्टेडियम कनिकट मैदान में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें बॉलीवुड सिंगर अमित गुप्ता अपने सुरों का जलवा बिखेरेंगे। उनके टीम के द्वारा देर रात तक एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी जाएगी। जिसमें लोहरदगावासी झूमने को मजबूर हो जाएंगे।

कृष्ण मंदिर की वर्षगांठ पर 24 घंटे का अखंड कीर्तन

सतबरवा। बांके बिहारी राधे कृष्णा मंदिर की 10 वीं वर्षगांठ हनुमंत पूजा के साथ हरे रामा, हरे कृष्णा 24 घंटा का अखंड कीर्तन कर मनाया गया। राधे कृष्ण मंदिर के प्रोपराइटर सुनील मिश्रा ने बताया कि बांके बिहारी राधे कृष्ण मंदिर का 10 वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसमें रविवार की शाम में हनुमंत पूजा के साथ सोमवार को 9:30 बजे से लेकर मंगलवार को 9:30 बजे तक 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को अखंड कीर्तन-भजन समाप्ति के बाद विशेष पूजा कर भंडारा की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर वैद्य राजेश मिश्रा, निर्दोष कुमार उर्फ अकलु बाबा समेत कई लोग इस पूजा में भाग लिए।

मानक के तहत सड़क नहीं बनने से ग्रामीण नाराज

रंका। रंका-चिनियां मुख्य पथ से मझिगावां, गुलरूवाटांड़ होते हुए उचरी जाने वाली कालीकरण पथ में अनियमितता देखकर ग्रामीण भड़क गये। जानकारी के अनुसार सोमवार को रंका, चिनियां, मझिगवां मुख्य पथ से गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि यह रोड रंका चिनियां मझिगावां गुरुवाटांड़ होते हुए उचरी जा रही है। संवेदक द्वारा इस सड़क में सरकार के मानक को ताक पर रखकर सड़क का निर्माण की जा रही है। इस संबंध में भाजपा नेता बलराम यादव ने बताया कि सड़क में एक फिट गड्ढ की जाती है। उसके बाद पानी डालकर रोलर से छिटाई होती है।

मुखिया संघ के अध्यक्ष बने मूंगा साह

केतार। पंचायत सचिवालय बलिगढ़ के प्रांगण में सोमवार को मुखिया संघ अध्यक्ष का चुनाव मुखिया मुनी देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष प्रमोद कुमार को अध्यक्ष पद से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद प्रखंड के छह मुखिया ने मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मूंगा साह को सर्वसम्मति नये मुखिया संघ के अध्यक्ष चुना।

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए ग्रामीणों के आवेदन आमंत्रित

मोहम्मदगंज। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान के लिए संबंधित ग्रामीणों के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया ग्रुप में मैसेज शेयर किया गया है। मैसेज प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति सह कृषि पदाधिकारी नौशाद आलम ने शेयर किया है। इसमें उन्होंने सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों से इस योजना के तहत विभिन्न बीमारियों में 25 हजार रुपए तक अनुदान की राशि का लाभ उठाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को आवेदन जमा करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया है।

गणित विषय की परीक्षा में 475 परीक्षार्थी उपस्थित, 2 अनुपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

मोहम्मदगंज। प्रखंड मुख्यालय स्थित स्तरोन्नत प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित केंद्र में सोमवार को मैट्रिक के गणित विषय की परीक्षा ली गई। इसमें भी कैलाश उच्च विद्यालय के वही 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जो नियमित रूप से अनुपस्थित थे। सोशल साइंस विषय के दिन अनुपस्थित उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय की छात्रा परीक्षार्थी शुक्रवार को अंग्रेजी के बाद गणित विषय की परीक्षा में भी उपस्थित रही। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस स्कूल में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय पंसा के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 कुल 477 परीक्षार्थियों केंद बनाया गया था। मगर कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 2 परीक्षार्थियों के लगातार अनुपस्थित रहने से कुल संख्या 475 बनी रही। बतौर स्टैटिक मजिस्ट्रेट बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार के निरीक्षण और थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों सुरेंद्र तिवारी, सुबीर किस्कू व राजेश शर्मा की सदलबल तैनाती में सभी विषयों की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त ली गई। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार ने पूरी परीक्षा की निगरानी करते हुए दायित्व को बखूबी निभाया। अब हिंदी ए व बी और विज्ञान विषयों की स्थगित परीक्षा के 7 व 8 मार्च को लेने के बाद विषयगत लिखित परीक्षा का समापन हो जाएगा।

वर्ग 8-9 की परीक्षा की तिथि भी घोषित

प्रधानाध्यापक सह केंद्राधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जैक की ओर से वर्ग 8-9 की परीक्षाओं की तिथि भी घोषित कर दी गई है। इसके अनुसार वर्ग 8 के सभी विषयों की परीक्षा 10 मार्च को दो पालियों में ली जाएगी। इसके तहत प्रथम पाली में हिंदी, अंग्रेजी व अतिरिक्त भाषा में से किसी एक और द्वितीय पाली में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों की परीक्षा ली जाएगी। जबकि 9 वीं की 11 को प्रथम पाली में पहले पेपर में हिंदी ए बी, अंग्रेजी व और द्वितीय पाली में दूसरे पेपर में मैथेमेटिक्स और साइंस विषयों की परीक्षा होगी।

कौशल योजना के तहत जॉब के लिए आमंत्रण

मोहम्मदगंज। चेन्नई की एमआरएफ कंपनी, जो टायर बनाने का काम करती है, उसमें 8 घंटे की ड्यूटी के 27 हजार रुपए की सैलरी पर जॉब के लिए आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में शिक्षित बेरोजगारों को आमंत्रित करते हुए जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने अंतिम रूप से मंगलवार को डॉक्यूमेंट के साथ प्रखंड कार्यालय में संपर्क करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि संबंधित कंपनी दो टाइम खाना और फ्री रूम भी प्रोवाइड करवाएगी। जिसका पैसा खुद से देना पड़ेगा, लगभग 1500 से 2000 तक। उन्होंने बताया कि जो भी बेरोजगार लड़का एवं लड़की मैट्रिक, इंटर, स्नातक, आईटीआई और डिप्लोमा पास हैं, वह चाहते हैं कि नौकरी करें, तो इसमें जा सकते हैं। डॉक्यूमेंट पेपर ब्लॉक से लेकर 10 बजे जिला कार्यालय ले जाया जाएगा। इसके लिए मोबाइल नंबर 9973 643701 पर उनसे सीधे संपर्क किया जा सकता है।

सक्रिय सदस्यता के साथ कमेटी का होगा गठनः कमलेश सिंह

हुसैनाबाद। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के हुसैनाबाद स्थित आवास पर संगठनात्मक चुनाव को लेकर उनकी अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, प्रदेश, जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व महामंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी, सह प्रभारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के निर्देशानुसार संगठन पर्व सदस्यता अभियान को लेकर पलामू जिले में भी सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मार्च महीने में ही संगठन के बूथ, मंडल व जिला स्तरीय चुनाव कराना तय किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश मंडलों में बूथ कमेटी बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। बूथ कमेटी मंडल अध्यक्ष का चुनाव करेगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि बूथ कमेटी में कम से कम तीन महिलाओं एवं सभी वर्गों की भागीदारी का होना अनिवार्य है। सभी कार्यकर्ता सक्रियता के साथ निर्धारित समय में ही बूथ एवं मंडल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्परता के साथ जुट जाएं। युवा नेता योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि संगठनात्मक चुनाव पारदर्शित तरीके से नियम संगत एवं निर्धारित समय में होना जरूरी है। निष्ठावान एवं कर्तव्यनिषठ सक्रिय कार्यकर्ता को जवाबदेही मिले व संगठन मजबूत एवं धारदार हो। इस बैठक में अजित सिंह, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश मेहता, उदय विश्वकर्मा, रंजीत पासवान, विनय पासवान, अजय प्रसाद गुप्ता, चंदन सिंह, सतीस शर्मा, संजय सिंह, रामचंद्र चौधरी, ओमप्रकाश राजवंशी, लालमुनि सिंह, माधव विश्वकर्मा, रामवृक्ष पासवान, वीरेंद्र सिंह, कृष्णा सिंह, वृजदेव मेहता सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

महाकुंभ स्नान करने गई वृद्धा 12 दिन बाद भी नहीं लौटी

मोहम्मदगंज। स्थानीय पंचायत अंतर्गत किशुनडीह गांव से 20 फरवरी को 34 के जत्थे के साथ महाकुंभ नहाने गई 70 वर्षिया वृद्धा अब तक वापस नहीं लौटी है। प्रयागराज से भी इसके संबंध में परिजनों को किसी प्रकार की सूचना नहीं मिली है, जबकि उनकी काफी खोजबीन के बाद कुंभ मेला में जत्थे से बिछुड़ी इस वृद्धा की फोटो के साथ 2 मार्च को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज को संबोधित आवेदन दिया गया था। जिस पर उन्होंने एसएचओ को इनकी गुमशुदगी दर्ज करने का आदेश दिया है।

पेज एक के शेष

महिला, शिक्षा, ग्रामीण...

वहीं, करीब दो लाख अतिरिक्त महिला किसानों को आजीविका संबंधी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। रांची, खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा जिला मुख्यालय में नए मेडिकल कॉलेज बनाने, राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास के लिए टूरिस्ट सर्किट विकसित करने, जमशेदपुर, गुमला और साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय स्थापित करने, शिक्षा के क्षेत्र में विकास के लिए इनोवेशन हब, टेक्नोलॉजी पार्क की स्थापना सहित कई बड़ी घोषणाएं बजट में की गई हैं। व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने स्किल यूनिवर्सिटी और फिन-टेक यूनिवर्सिटी की स्थापना का भी प्रस्ताव है। बजट में वृहद् एवं मध्यम सिंचाई प्रक्षेत्र अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में 352 चेकडैम, 3 वीयर एवं 10 सोलर उद्वह सिंचाई योजनाओं का निर्माण एवं 185 मध्यम सिंचाई योजनाओं का पुनर्स्थापन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। राज्य की आर्थिक विकास दर 2019-20 में 1.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में 7.8 प्रतिशत और 2023-24 में 7.5 प्रतिशत रही। वर्ष 2025-26 में भी इसके 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार ने राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने और कम से कम स्तर तक रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। बेहतर वित्तीय प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में राजकोषीय घाटा को 1.1 प्रतिशत रखने में सफलता मिली है। इससे राज्य के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) रेशियो में सुधार हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 30.2 प्रतिशत था, 2022-23 में 28.4 प्रतिशत तथा 2023-24 में 27.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि झारखंड ने राजस्व आय (कर और गैर कर राजस्व) में उत्तरोत्तर वृद्धि हासिल की है। वर्ष 2019-20 में राज्य के स्रोत से कुल राजस्व आय 25,521 करोड़ रुपया था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 41,429.88 करोड़ रुपया हो गया और 2025-26 में 61,056.12 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के विकास कार्यों को वर्तमान सरकार स्थापना व्यय की तुलना में अधिक प्राथमिकता दे रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत परिव्यय के पुनरीक्षित बजट पर 9.06 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25 हजार 720 करोड़ 41 लाख रुपये पूंजीगत परिव्यय का आकलन किया गया है। सरकार की ओर से राज्य के आर्थिक स्वास्थ्य को बेहतर करने और भविष्य की पीढ़ी को आर्थिक बोझ की विरासत से बचाने के लिए बेहतर ऋण प्रबंधन किया गया है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि आधारभूत संरचना के विकास के लिए ऋण लेना सरकार की बाध्यता है। पूर्व में लिए गए ऋणों के भुगतान में भविष्य में संभावित किसी विपरीत आर्थिक स्थिति का सामना करने के लिए वित्त वर्ष 2020-21 से वर्तमान सरकार द्वारा सिंकिंग फंड में लगातार निवेश किया जा रहा है। इस उद्देश्य से अबतक इसमें लगभग 2282 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। इसका उपयोग केवल ऋण भुगतान के लिए ही किया जाएगा। इससे स्वस्थ आर्थिक हित के साथ-साथ राज्य की साख भी बढ़ी है। इस वर्ष इसमें 638 करोड़ 13 लाख रुपए का पुनः निवेश करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना का वित्तीय भार कम करने के दृष्टिकोण से पेंशन कोष का गठन किया गया है। इसके लिए वर्ष 2023-24 में 700 करोड़ रुपए एवं वर्ष 2024-25 में 780 करोड़ रुपए पेंशन कोष में निवेश किए गए। वर्ष 2025-26 में 832 करोड़ रुपए निवेश के लिए बजट प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार के पांव मजबूती से जमीन पर टिके हैं। इसी विश्वास के साथ वे सदन में एक लाख 45 हजार 400 करोड़ रुपये का सकल बजट अनुमान प्रस्तुत कर रहे हैं, जो गत वर्ष से 13 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने बजट पेश करने का मौका देने के लिए राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया।

अबुआ बजट में...

भविष्य में कई ऐसे भवन हैं, जिनका पुनरुद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, मरांग गोमके योजना, मुख्यमंत्री सहायता योजना सहित कई योजनाओं का जिक्र किया और कल्याणकारी योजनाओं के आगे भी जारी रहने की बात कही। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति दस साल पहले से बेहतर है। पहले विकास दर 1.1 फीसदी थी। वहीं, अब यह 7.5 फीसदी हो गई है और राजकोषीय घाटा को कम कर रहे हैं, जो अनेक राज्यों और अधिकतम सीमा 3 से काफी कम 2.02 है।

हेल्थ बीमा प्रीमियम...

लेकिन पॉलिसी जारी रखने की मजबूरी है, तो कम प्रीमियम वाला प्लान चुन रहे हैं, जिसमें कम खर्चीले उपचार वाली बीमारी के इलाज का बीमा है। कुछ लोग पैसे बचाने के लिए डिडक्टिबल प्लान ले रहे हैं, यानि एक निश्चित रकम तक का खर्च आपको खुद उठाना होगा, उसके बाद ही बीमा कंपनी भुगतान करेगी।

धान अधिप्राप्ति केंद्र पर एक लाख क्विंटल धान जमा,मिलर नहीं कर रहे उठाव

मेदिनीनगर। पलामू को मिले दो लाख क्विंटल धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के विपरीत 156417.65 क्विंटल धान अधिप्राप्ति कर ली गई है।हालांकि धान अधिप्राप्ति केंद्र पर खरीदे गए धान में से मात्र 56381.04 क्विंटल धान को ही राइस मिल द्वारा उठाव किया गया है।इस कारण किसानों में चिंता बढ़ रही है।साथ ही सभी अधिप्राप्ति केंद्र पर जगह की कमी होने के कारण वे अन्य किसानों से धान खरीदने से भी कतरा रहे हैं। बताते चलें कि जिले में धान अधिप्राप्ति की शुरूआत दिसंबर में हुई थी जिसके बाद ग्राहक किसानों का निबंधन कर उन्हें धान बेचने हेतु लगातार संदेश भेजा जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलामू जिले में कुल 42 धान अधिप्राप्ति केंद्र हैं। साथ ही 12928 किसानों का इस दौरान निबंधन हुआ है। जिनमें से 12765 किसानों को एसएमएस भेजा जा चुका है। दौरान कुल 302 किसानों को दूसरी किश्त भी दी जा चुकी है।

चैनपुर पैक्स केंद्र पर पिछले सप्ताह मात्र 200 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जबकि बमुश्किल चार किसानों ने अपना धान बेचा है।इस से जिले के धान अधिप्राप्ति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

मैट्रिक व इंटर की परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न

- **गणित, साइकोलॉजी और कंप्यूटर साइंस की परीक्षा में हजारों परीक्षार्थी शामिल**

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। सोमवार को जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखी गई, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह 9:45 बजे शुरू हुई, जिसके लिए परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा दोपहर 1 बजे तक चली। जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें डाल्टनगंज अनुमंडल में सबसे अधिक 50 केंद्र थे। गणित विषय की इस परीक्षा में कुल 34,574 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 34,335 उपस्थित हुए, जबकि 239 अनुपस्थित रहे।

इंटरमीडिएट परीक्षाः साइकोलॉजी व कंप्यूटर साइंस का पेपर

इंटरमीडिएट की परीक्षा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को दोपहर 1 बजे से प्रवेश दिया गया। इस पाली में कला संकाय के छात्रों ने साइकोलॉजी और विज्ञान व वाणिज्य संकाय के छात्रों ने कंप्यूटर साइंस की परीक्षा दी।

कुल 5,194 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 72 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में किसी भी छात्र को कदाचार के आरोप में निष्कासित नहीं किया गया।

परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू रही। केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और पुलिस बल तैनात रहे, जिससे परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो सका।

शिक्षा विभाग ने परीक्षाओं के सफल और निष्पक्ष आयोजन के लिए प्रशासन की व्यवस्था को सराहा और छात्रों से अनुशासन के साथ आगामी परीक्षाओं की तैयारी करने का आह्वान किया।

दिशाहीन और विकास विरोधी बजट : अमित तिवारी

मेदिनीनगर। झारखंड सरकार का 2025 का बजट दिशाहीन और विकास विरोधी है। इस बजट में समाज के सभी वर्गों की अनदेखी की गई है। हेमंत सरकार द्वारा पेश किए गए इस बजट से स्पष्ट हो गया कि नौजवानों, छात्रों और विकास के प्रति उनकी कोई गंभीर प्रतिबद्धता नहीं है। किसानों की सिंचाई की समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। झारखंड के लोगों को इस बजट से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन सरकार ने उन्हें निराश किया। चुनाव के दौरान जनता से किए गए वादे भी झूठे साबित हुए। सरकार ने 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा किया था, लेकिन बजट में इसका कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं के स्वावलंबन, रोजगार और विकास की भी पूरी तरह अनदेखी की गई। युवाओं के रोजगार को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। कुल मिलाकर, यह बजट झारखंड की जनता के साथ एक बड़ा धोखा साबित हुआ है।

वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सत्ता और सोशल मीडिया सबसे बड़ी चुनौती

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। संस्कृतिक पाठशाला की 66वीं कड़ी में 'वैज्ञानिक चेतना के विस्तार की चुनौतियां और उनके समाधान' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इप्टा के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह और संस्कृतिकर्मी ललन प्रजापति ने संयुक्त रूप से की। कार्यशाला की भूमिका रखते हुए प्रेम प्रकाश ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में आने वाली चुनौतियों की पहचान और समाधान की रणनीति बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बिना वैज्ञानिक चेतना के कोई भी विकास नीति सतत और प्रभावी नहीं हो सकती।

सत्ता, सोशल मीडिया और अंधविश्वास बनीं प्रमुख बाधाएं

शिक्षक गोविंद प्रसाद ने कहा कि सत्ता की नीतियां, मीडिया और सोशल मीडिया वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। फिजियोथैरेपिस्ट कुलदीप राम ने भाषा और बाजारवाद को भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बताया। रवि शंकर ने अंधविश्वास और रूढ़िवाद को वैज्ञानिक सोच के प्रसार में बड़ी अड़चन करार दिया। प्रेम प्रकाश ने कहा कि वैज्ञानिक सोच विकसित होने के बावजूद पारंपरिक मान्यताओं से जुड़े भय और सामाजिक दबाव लोगों को बदलाव से रोकते हैं।

सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर जोर

रवि शंकर ने संस्कृतिक पाठशाला को वैज्ञानिक चेतना के विस्तार का प्रभावी माध्यम बताया और इसके प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि सोशल मीडिया का उपयोग अवैज्ञानिकता फैलाने के लिए किया जा सकता है, तो इसे वैज्ञानिक चेतना बढ़ाने के लिए भी प्रभावी रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है।

विज्ञान और समाज के बीच विरोधाभास

ललन प्रजापति ने कहा कि बिना तर्क के वैज्ञानिक सोच का निषेध करना एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने उदाहरण दिया कि जब बच्चे विज्ञान में सूर्य और चंद्रग्रहण के वैज्ञानिक कारण पढ़ते हैं, लेकिन सामाजिक रूप से उन्हें अंधविश्वास और कर्मकांडों में फंसाया जाता है, तो उनकी वैज्ञानिक चेतना बाधित होती है। उन्होंने यह भी कहा कि राफेल लड़ाकू विमान को शक्तिशाली कहकर खरीदना और फिर उसका उद्घाटन नारियल फोड़कर करना वैज्ञानिक चेतना का विरोधाभास है।

स्वयं में बदलाव सबसे महत्वपूर्ण चुनौती

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे सुरेश सिंह ने कहा कि वैज्ञानिक चेतना के विस्तार में कई बाधाएं हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण चुनौती खुद को बदलना है। हम वैज्ञानिक सोच की वकालत तो करते हैं, लेकिन अक्सर सामाजिक दबावों के सामने झुक जाते हैं।

सीओ ने निर्माणाधीन स्टॉफ क्वार्टर का किया निरीक्षण

मझिआंव। प्रखंड कार्यालय परिसर में 5 करोड़ 82 लाख की लागत से बन रहे बीडीओ, सीओ आवास सहित स्टाफ क्वार्टर की चाहरदीवारी में घटिया किस्म के ईंट का प्रयोग की शिकायत के बाद अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईंट की गुणवत्ता को देखने के बाद नाराजगी जतायी। उन्होंने संवेदक को अच्छी गुणवत्ता वाले ईंट लगाने का निर्देश दिया। सीओ के निर्देश के बाद संवेदक ने अच्छी क्वालिटी का ईंट लगाने की बात कही। बताया जाता है कि स्टाफ क्वार्टर की चहारदीवारी में तीन नंबर के ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिसमें आधे से अधिक चाहरदीवारी बना दी गई है। इस संबंध में सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि स्टाफ क्वार्टर के चाहरदीवारी में घटिया क्वालिटी का ईंट को हटाकर अच्छी क्वालिटी का ईंट लगाने का निर्देश दिया गया है।

अमर्त्य सेन ने की बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न की तीखी निंदा

एजेंसी। कोलकाता

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, मंदिरों में तोड़फोड़, हत्याओं और दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे हमलों की कड़ी आलोचना करते हुए साफ कहा कि इन घटनाओं के लिए कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने मौजूदा यूनुस सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। अमर्त्य सेन के इस बयान के बाद बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठन आगबबूला हो गए हैं और उन पर तीखे हमले कर रहे हैं।

● जमात को घेरा, भड़के कट्टरपंथी

अमर्त्य सेन ने कहा कि बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति उन्हें गहरी चिंता में डालती है। मैं बंगाली हूं और बचपन में मैंने ढाका में कई साल बिताए हैं। मेरी पढ़ाई की शुरुआत भी वहीं से हुई थी। मेरे लिए यह जगह हमेशा खास रही है, लेकिन आज बांग्लादेश की स्थिति बेहद खराब है। वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा है। सरकार मौजूदा चुनौतियों से कैसे निपटेगी, इसे लेकर मैं भी बाकी लोगों की तरह चिंतित हूं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में कभी जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों पर लगाम थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज वहां हिंदू समुदाय पर हमले हो रहे हैं, मंदिर तोड़े जा रहे हैं और सरकार मौन है। सेन ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की एक गौरवशाली परंपरा रही है। लेकिन अब जिस तरह अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, वह बर्दाश्त के काबिल नहीं है। यह जिम्मेदारी वहां की सरकार और नागरिकों की बनती है कि वे इस हिंसा को रोकें।

नोबेल पुरस्कार विजेता ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यूनुस उनके पुराने मित्र हैं और उनके पास देश को संभालने की क्षमता है। सेन ने उम्मीद जताई कि यूनुस लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

जमात का पलटवार, सेन पर जमकर हमलाअमर्त्य सेन के बयान से तिलमिलाए जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अमर्त्य सेन को बांग्लादेश को सहिष्णुता का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है। पहले उन्हें अपने देश के हालात पर नजर डालनी चाहिए। वह शेख हसीना की तानाशाही का बचाव कर रहे हैं, जो निंदनीय है। हालांकि जमात प्रमुख ने यह भी माना कि इस वक्त बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमले हो रहे हैं, जबकि यूनुस सरकार अब तक इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है।

सुप्रीम कोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 मामले में सरकार को दिया नोटिस

ब्यूरो

● 6 सप्ताह में दे जवाब

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 को लेकर दायर की एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई के बाद केन्द्र सरकार को नोटिस दिया है। याचिका में सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2009 के कुछ प्रावधानों को चुनौती दी गई है। मामले में कोर्ट ने केन्द्र सरकार से जवाब मांगा है। सूचना प्रौद्योगिकी (जनता द्वारा सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने की प्रक्रिया और सुरक्षा उपाय) नियम, 2009 के कुछ नियमों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को नोटिस जारी करके कहा है कि केन्द्र को छह सप्ताह के भीतर जवाब दे। एक संगठन-सॉफ्टवेयर फ्रीडम लॉ सेंटर जो ऐसे मसले पर काम करती है उसने सर्वोच्च न्यायालय में यह याचिका लगाई गई है। अर्जी में कहा गया है कि 'एक्स' जैसे प्लेटफॉर्म से सूचना हटाने से पहले उसके स्रोत को नोटिस दिया जाना चाहिए।

देश के विकास को गति देता है डेयरी क्षेत्र : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा।

उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है।उन्होंने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा। शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरुआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है और पूरी श्रृंखला खेत से कारखाने तक ग्रामीण परिदृश्य के भीतर ही रहनी चाहिए।

मंत्री ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सर्कुलरिटी में कुछ विषयों को जोड़ने के साथ ही एनडीबीबी और नाबार्ड को छह माह में प्रायोगिक योजना को किसी न किसी जिले में लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए।

बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलता पूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सर्कुलरिटी पर आधारित मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और डेयरी किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जकरियापुर मॉडल, वाराणसी मॉडल, और बनास मॉडल पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हमारा डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देता है लेकिन साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों, भूमिहीन किसानों और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान है। यह हमारे देश के पोषण का ध्यान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी।

संघर्ष विराम वार्ता ठप्प होने से गाजावासियों की बढ़ी चिंता, कहीं फिर से शुरू न हो जाए जंग

एजेंसी। गाजा

गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों ने इस साल रमजान का स्वागत भारी मन से किया। तबाह हो चुके शहर के निवासियों को युद्ध विराम समझौते कहीं टूट न जाए और इजरायली हमले फिर से शुरू न हो जाए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फिलीस्तीन और इजरायल के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। दूसरे चरण का कोई संकेत न मिलने के कारण गाजा के लोग अब बहुत चिंता में हैं और उन्हें डर है कि युद्ध कभी भी फिर से शुरू हो सकता है।

गाजा की सड़कों पर पहले लोगों का आवागमन रहता था। लेकिन, अब यह खंडहर में बदल चुकी हैं। टूटे हुए घरों का मलबा तबाही की याद दिलाता है और हवा में बारूद, मौत और सड़ी गली चीजों की बदबू फैली हुई है। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस की ओम मोहम्मद अल-नज्जर कहती हैं, "हर दिन जब गोलाबारी नहीं होती, तो थोड़ा आराम मिलता है। लेकिन हम हमेशा इस डर में जीते हैं कि कहीं हमले फिर से न शुरू हो जाएं।" हाल ही में हुई बमबारी में उनका घर भी नष्ट हो गया। उन्होंने कहा, "हमने बहुत दुख सहा है। रमजान शांति का समय होना चाहिए, लेकिन यहां कोई शांति नहीं है। गाजा सिटी के 45 वर्षीय मोहम्मद अल-दहदौह, जो चार बच्चों के पिता हैं, बताते हैं कि उनका परिवार पहले खुशी-खुशी अपने घर को लालटेन और चमकीले रंगों से सजाता था। रसोई में पारंपरिक मध्य पूर्वी व्यंजन, मकलूबा और कतायेफ़ की खुशबू फैल जाती थी और पूरे घर में हंसी की आवाजें गूंजती थीं। अल-दहदौह ने बताया, "रमजान का मतलब होता था इफ्तार की मेज पर परिवार का एक साथ होना, बच्चों की हंसी की आवाज़ और घर में खाने की खुशबू का होना।" अब, न घर है, न मेज। हम एक छोटे से तंबू में रह रहे हैं और हमारे पास जो खाना है, वह मुश्किल से पर्याप्त है। राफा शहर की एक फिलिस्तीनी महिला, तसाहिल नासर ने बताया, "पवित्र रमजान का महीना गाजा में अपनी खुशियां खो चुका है। यहां कोई लालटेन नहीं हैं, कोई सजावट नहीं हैं, और न ही हलचल भरे बाजार हैं। इसके बजाय, यहां मौत का सन्नाटा है और हमेशा विनाश की गंध फैलती रहती है। नासर इजरायली हवाई हमले में अपने पति, भाइयों और माता-पिता को खो चुकी है।

दोस्त ही निकला कांग्रेस नेता हिमानी का हत्यारा

रोहतक। हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। हिमानी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके दोस्त ने की थी। मामले की जांच में जुटी एसआईटी ने आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और आरोपित ने मोबाइल चार्जर की वायर (तार) से हिमानी का गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव सूटकेस में डालकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मृतका की सोने की चैन, अंगूठी, लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद किया है।

यूक्रेन का अमेरिका ने दिया साथ, इसके लिए उनका आभार : जेलेंस्की

एजेंसी। नई दिल्ली

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध के दौरान अमेरिका से मिले समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो संदेश पोस्ट कर कहा कि यूक्रेन को अमेरिका से मिल रहे समर्थन की महत्वपूर्ण भूमिका को वह समझते हैं और इसके लिए आभारी हैं। जेलेंस्की का यह बयान व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस द्वारा यूक्रेन से पर्याप्त आभार व्यक्त न करने की बात कहने और संघर्ष विराम के प्रस्तावों को अस्वीकार करने के बाद आया। जेलेंस्की ने वीडियो में यह भी बताया कि यूरोप से उन्हें समर्थन और एकता मिल रही है और इस सहयोग को मजबूत बनाने की इच्छा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन का लक्ष्य शांति है, न कि "अंतहीन युद्ध", और इसके लिए उन्हें "वास्तविक सुरक्षा गारंटी" की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पूरे यूरोप, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और तुर्की समेत कई देशों का यह मुख्य मुद्दा है।इसके अलावा, जेलेंस्की ने यूक्रेनी लोगों की लचीलापन की सराहना करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता को बचाने के लिए चल रहे अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के लिए वे हमेशा कृतज्ञ (थैंकफुल) महसूस कर रहे हैं। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि यूक्रेन का लचीलापन इस बात पर आधारित है कि उनके साझेदार उनकी और अपनी सुरक्षा के लिए क्या कर रहे हैं। जेलेंस्की का यह संदेश लंदन में हुए एक शिखर सम्मेलन के बाद आया, जहां विभिन्न देशों के नेता रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए थे। इस सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट

दिव्यांगता किसी व्यक्ति को अवसर से वंचित करने का आधार नहीं है

ब्यूरो

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला व न्यायमूर्ति आर. महादेवन की खंड पीठ ने एक मामले में फैसला सुनाया कि दृष्टिबाधित व्यक्ति जिला न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए पात्र हैं, दिव्यांगता किसी व्यक्ति को अवसर से वंचित करने का कोई आधार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यों को दृष्टिबाधित व्यक्तियों की सहायता के लिए एक समावेशी ढांचा प्रदान करना चाहिए।इस खंड पीठ ने विभिन्न राज्यों के नियमों में प्रासंगिक प्रावधानों को खारिज कर दिया, जो न्यायिक सेवाओं में दृष्टिबाधित व्यक्तियों की नियुक्ति को रोकते थे। पीठ ने कहा कि हमने इसे सबसे महत्वपूर्ण मामले के रूप में माना है। हमने संवैधानिक ढांचे और संस्थागत दिव्यांगत न्यायशास्त्र को भी छुआ है। किसी भी उम्मीदवार को केवल दिव्यांगता के कारण ऐसे अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि कोई भी अप्रत्यक्ष भेदभाव जिसके परिणामस्वरूप दिव्यांग व्यक्ति को बाहर रखा जाता है, चाहे वह कटऑफ के माध्यम से हो या प्रक्रियात्मक बाधाओं के कारण, वास्तविक समानता को बनाए रखने के लिए उसमें हस्तक्षेप किया जाना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया, जब मप्र के एक दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने सर्वोच्च न्यायालय को राज्य के उन नियमों के संबंध में पत्र लिखा, जो ऐसे व्यक्तियों को न्यायिक सेवाएं लेने से रोकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम के उन प्रावधानों को खारिज कर दिया, जो दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायिक सेवाओं में शामिल होने से रोकते थे। शीर्ष अदालत ने न्यायिक सेवा नियमों के नियम 6ए को खारिज कर दिया, जो कम दृश्यता वाले और दृष्टिबाधित व्यक्तियों को न्यायपालिका में शामिल होने से रोकता था। पीठ ने उन नियमों को भी खारिज कर दिया, जिनमें उम्मीदवारों के लिए कम से कम तीन साल का अभ्यास करने की आवश्यकता थी।इसी तरह राजस्थान के प्रावधान को भी सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया।

● दृष्टिबाधित व्यक्ति जिला न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए पात्र हैं

बंधकों को वापस पाने के लिए इजरायल के सामने सिर्फ एक रास्ता : हमास

गाजा। हमास ने कहा कि इजरायल सिर्फ 'कैदी अदला-बदली समझौते' के जरिए ही अपने बंदियों को वापस पा सकता है। वरिष्ठ अधिकारी महमूद मर्दावी ने एक प्रेस बयान में यह बात कही। मर्दावी ने रविवार को कहा, "इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अगर यह सोचते हैं कि गाजा पट्टी पर थोपे गए भुखमरी युद्ध माध्यम से वे अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे, तो वे भ्रम में हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार मर्दावी ने समझौते के तहत तय सभी चरणों को मूल रूप में लागू करने पर जोर दिया और इजरायल की ओर से पहले चरण को आगे बढ़ाने का विरोध किया। हमास नेता ने मध्यस्थों से यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि इजरायल समझौते की शर्तों का पालन करे। उन्होंने मध्यस्थों से यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करें कि इजरायल समझौते की शर्तों का पालन करे, जैसा कि सहमति हुई थी। हमास और इजरायल के बीच तीन-चरणीय समझौते का पहला 42-दिवसीय चरण, जिसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी, शनिवार को समाप्त हो गया।

यूं ही नहीं अनार को कहते 'लाल ताकतवर फल', कैंसर की रोकथाम में भी मददगार

एजेंसी। नई दिल्ली

कहावत है 'एक अनार सौ बीमार'। अब सवाल है कि अनार को ही क्यों चुना गया? तो जवाब भी सिंपल और सहज सा है क्योंकि हार्ड कवर वाले अनार के अंदर खजाना भरा हुआ है। इस फल का हर एक हिस्सा हमारे काम का है। अनार का फूल हो, इसकी छाल हो, जड़ हो या फिर फल।

अनार का जूस हमारे शरीर के भीतर कई प्रकार के बायोलॉजिकल और जैविक प्रक्रियाओं को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने की क्षमता रखता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, अनार में मौजूद विभिन्न पोषक तत्व और एंटीऑक्सिडेंट्स इसे एक औषधीय फल बनाते हैं, जिससे हमारे स्वास्थ्य को अनगिनत लाभ होते हैं।अनार का जूस विटामिन सी, ए, के, ई और फोलिक एसिड का समृद्ध स्रोत माना जाता है। ये विटामिन हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए जरूरी हैं। विशेष रूप से विटामिन सी, जो शरीर में एंटीबॉडी उत्पादन को बढ़ाने का कार्य करता है, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाता है और हमें सामान्य बीमारियों और संक्रमणों से बचाता है। वैज्ञानिक शोध में यह पाया गया कि अनार के जूस का नियमित सेवन इम्यून सिस्टम को सक्रिय करता है, जिससे शरीर ज्यादा प्रभावी तरीके से विभिन्न रोगों का मुकाबला कर पाता है। अनार में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स, खासकर पनील्जैनथिन, एल्लागिक एसिड और फ्लावोनॉयड्स, इसे एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी (सूजन कम करने वाला) और एंटीऑक्सीडेंट फल बनाते हैं। ये तत्व शरीर में सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने में मदद करते हैं। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सूजन को कई गंभीर बीमारियों से जोड़ा गया है, जैसे हृदय रोग, कैंसर, टाइप 2 मधुमेह, और अल्जाइमर रोग। कई अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि अनार का जूस इन बीमारियों के जोखिम को कम कर सकता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (एनएलएम) में प्रकाशित एक स्टडी में यह पाया गया कि अनार का रस सेहत के लिए नायाब है। यह सूजन से संबंधित मार्कर्स जैसे सी-रियैक्टिव प्रोटीन (सीआरपी) और इंटरल्यूकिन-6 को 30 फीसदी तक कम कर सकता है। इसके अलावा, अनार का जूस दिल के लिए भी फायदेमंद है। यह रक्तचाप को नियंत्रित करने, कोलेस्ट्रॉल स्तर को घटाने और धमनियों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों ने साबित किया है कि अनार के रस में पाया जाने वाला प्यूनेक एसिड नामक तत्व रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है और रक्त वाहिकाओं में इन्फ्लेमेशन (सूजन) को कम करता है।शोध के मुताबिक अनार का जूस गठिया और जोड़ों के दर्द में भी राहत दे सकता है। इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व शरीर में सूजन को कम करते हैं और जोड़ों के दर्द में आराम प्रदान करते हैं।

एक अध्ययन में यह पाया गया कि अनार का सेवन ओस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित लोगों में जोड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले एंजाइमों को अवरुद्ध करता है। यह जूस पुराने जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करने में प्रभावी साबित हुआ है। इसके अलावा, अनार के जूस का एक और अद्भुत फायदा यह है कि यह प्रोस्टेट कैंसर के खिलाफ भी प्रभावी हो सकता है।